

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 | बिहार में कानून का राज, पीड़ित परिवार के ...

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मिले... | 04

वर्ष : 14 | अंक : 126 | पटना, शुक्रवार, 14 अगस्त, 2026 | विक्रम संवत 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

### सीएम सम्राट ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफल 2,027 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

# लोक सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा और जनकल्याण का मार्ग है : सीएम सम्राट

## बोलें- जितने ईमानदार और संवेदनशील होकर कार्य करेंगे, बिहार उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा

**मुख्य बिंदु :-**

- 2025-30 में 1 करोड़ नौजवानों के लिए नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य
- 2020 से 2025 के बीच 12 लाख सरकारी नौकरियां एवं 50 लाख रोजगार

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को बापू सभागार में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफल 2,027 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का ऐतिहासिक अवसर है। बड़ी संख्या में एक साथ नियुक्ति पत्र का वितरण एक नया रिकॉर्ड है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा और जनकल्याण का मार्ग है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के माध्यम से समाज के किसी न किसी व्यक्ति की उन्नति का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कहा कि आपलोग जितने ईमानदार, समर्पित और संवेदनशील होकर कार्य करेंगे, बिहार उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। विकसित भारत और समृद्ध बिहार के निर्माण के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के हर वर्ग और प्रत्येक नागरिक का सामूहिक प्रयास जरूरी है। बिहार के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और नवनियुक्त पदाधिकारी इस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण सहभागी होंगे।

**जनता का सेवक बनकर बिहार की उन्नति के लिए करें काम:** मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें। सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की शिकायतों का समयबद्ध तरीके से, निर्धारित 30 दिनों के भीतर, निवारण सुनिश्चित किया गया है। सरकारी सेवा में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मूल उद्देश्य जनता की सेवा करना, जनता का विश्वास जीतना और जनता का सेवक बनकर बिहार की उन्नति के लिए निरंतर कार्य करना होना चाहिए।

**रोजगार और स्वरोजगार की दिशा में लगातार हो रहा काम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच 12 लाख सरकारी नौकरियां एवं 50 लाख रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। वर्ष 2025 से 2030 तक 1 करोड़ नौजवानों के लिए नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार का बजट बढ़कर 3.47 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। राज्य में शहरी विकास को गति देने के लिए 12 नई टाउनशिप विकसित की जाएगी, जिनमें बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। विभिन्न क्षेत्रों में पीपीपी मॉडल को अपनाकर बिहार के सर्वांगीण विकास को नई गति दी जाएगी।

**ये रहें मौजूद:**-कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री मदन सहनी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो सोहेल, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण सफल अभ्यर्थी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

### राज्य में औद्योगीकरण को विशेष प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में औद्योगीकरण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। बिहार को स्टील हब बनाने के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, न्यूक्लियर एनर्जी और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में निवेश से बिहार में रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क एवं आधारभूत संरचना के विकास का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। सड़क संपर्कता में सुधार के कारण अब पटना से बोधगया लगभग डेढ़ घंटे में पहुंचना संभव हो गया है।

### मुख्यमंत्री ने विजन 2030-बिहार मत्स्य प्राथमिकता परियोजना की समीक्षा की

# मत्स्य उत्पादन के साथ मत्स्यजीवी परिवारों की आय में वृद्धि सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

## बोलें- उत्पादन से मूल्यवर्द्धन तक पूरी वैल्यू चेन को किया जाएगा मजबूत

**मुख्य बिंदु :-**

- विशेष मत्स्य क्लस्टरों का होगा विकास
- विजन 2030 से बिहार को अग्रणी अंतर्देशीय मत्स्य राज्य बनाने की दिशा में मिलेगी गति

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में विजन 2030-बिहार मत्स्य प्राथमिकता परियोजना की समीक्षा की। बैठक में बिहार को देश के अग्रणी अंतर्देशीय मत्स्य पालन राज्यों में शामिल करने, मत्स्य उत्पादन में चरणबद्ध वृद्धि, रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ाने तथा ब्लू इकॉनमी को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि विजन 2030 के तहत सतत विकास एवं मूल्यवर्द्धन के माध्यम से बिहार के मत्स्य क्षेत्र को नई दिशा देने का रोडमैप तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत 8 प्राथमिकता परियोजनाओं के माध्यम से 1,848.75 हेक्टेयर के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप क्षेत्र तथा 9,357 हेक्टेयर के परियोजना प्रभाव क्षेत्र को विकसित करने का प्रस्ताव है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 50,200 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य प्रस्तावित है। परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए मत्स्य पालन और जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने का प्रस्ताव है। इससे मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण, मूल्यवर्द्धन, विपणन और रोजगार सृजन की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्रीय संभावनाओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में विशेष मत्स्य क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इसके तहत सीवान आर्द्रभूमि क्लस्टर के समग्र विकास, सारण स्कैंपी क्लस्टर में मीठे पानी के बड़े झींगे के उत्पादन, मुंगेर केज क्लस्टर में केज कल्चर, मिथिला आर्द्रभूमि क्लस्टर के अंतर्गत विशेषकर मधुबनी क्षेत्र में आर्द्रभूमि आधारित मत्स्य पालन तथा मोतिहारी मत्स्य समग्र क्लस्टर के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**मत्स्य पालन के समग्र विकास की कार्ययोजना पर तेजी से काम हो**

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मत्स्य पालन के समग्र विकास की कार्ययोजना पर तेजी से काम करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में मत्स्य उत्पादन को चरणबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें। उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा दें, ताकि मत्स्य उत्पादन के साथ मत्स्यजीवी परिवारों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को और अधिक सशक्त एवं सक्षम बनाये। समितियों के कौशल विकास, तकनीकी क्षमता में वृद्धि, बेहतर प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराये ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और कुल राजस्व में वृद्धि हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में मत्स्य क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, मूल्यवर्द्धन और बाजार तक पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना आवश्यक है। विजन 2030 के माध्यम से मत्स्य पालन को किसानों और मत्स्यजीवियों की आय बढ़ाने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बनाया जाएगा।

**ये रहें मौजूद:** -बैठक में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नन्द किशोर राम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सहकारिता विभाग के सचिव धमेन्द्र सिंह, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक, निदेशक, मत्स्य तुषार सिंगला सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 'इंडिया' गठबंधन ने लोस अध्यक्ष की चाय पार्टी का किया बहिष्कार

नईदिल्ली। लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आयोजित पारंपरिक चाय पार्टी का कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने बहिष्कार किया, जबकि विपक्ष की एक अन्य प्रमुख पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सरकार के कई अन्य वरिष्ठ मंत्री मौजूद थे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि उनके साथ ही सपा, तृणमूल कांग्रेस और अन्य कई दलों के नेताओं ने इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के बाद परंपरागत रूप से लोकसभा अध्यक्ष की ओर से यह चाय पार्टी आयोजित की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और सत्तापक्ष के नेताओं के साथ विपक्ष के प्रमुख नेता शामिल होते हैं।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गृह मंत्री ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा

नईदिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और उनकी पत्नी ने गुरुवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा फहराया। शाह ने एक्स पर लिखा, आज अपने आवास पर मैंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया यह अभियान आज हर भारतीय के मन में देशभक्ति तथा गर्व की भावना को और मजबूत कर रहा है। आज करोड़ों देशवासी तिरंगे से जुड़ रहे हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त कर रहे हैं। वहीं, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि डल झील, शिकारा, तिरंगा और आनंदित करने वाला अनुभव! कश्मीर की खूबसूरती के बीच शान से लहराता तिरंगा, यही तो नए कश्मीर की नई पहचान है! यहां हर दिल में शांति, विकास और देश के लिए गर्व की भावना है।

# वैशाली में मॉर्निंग वॉक के दौरान ठेकेदार की गोलियों से भूनकर हत्या, मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिले में गुरुवार सुबह अपराधियों ने एक ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी पश्चिम इलाके में हुई। मृतक की पहचान दिग्घी पश्चिम निवासी ठेकेदार रामनरेश राय के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, रामनरेश राय सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। वह घर से कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि दो बाइक पर सवार चार अपराधी वहां पहुंचे और उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से रामनरेश राय गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि रामनरेश राय मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी बीच दो बाइक पर सवार चार बदमाश पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। उन्होंने बताया कि रामनरेश राय को चार-पांच गोलियां लगी हैं। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि रामनरेश राय विभिन्न सरकारी विभागों में ठेकेदारी का काम करते थे। प्रारंभिक जांच में करीब एक महीने पहले जमीन विवाद से जुड़ा मामला सामने आने की बात कही जा रही है। हालांकि हत्या की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस पुरानी रंजिश और जमीन-जायदाद से जुड़े विवाद समेत अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही है। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी में जुटी है।

# खनिजों पर राज्यों को अतिरिक्त कर लगाने से रोकने के प्रावधान वाले विधेयक पारित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद ने बृहस्पतिवार को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी, जिसके तहत राज्यों को खनिज अधिकारों पर अतिरिक्त कर लगाने से रोका जाएगा। लोकसभा में यह विधेयक 12 अगस्त को पारित हो चुका है। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के जरिए केंद्र सरकार ने खनिज वाले क्षेत्रों में खनिज संपदा की मात्रा से संबंधित निर्धारित मानकों के अनुसार खनिज-युक्त भूमि के विनियमन को भी अपने नियंत्रण में लेने का प्रावधान किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच विधेयक को सदन में चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया।

विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए खान मंत्री रेड्डी ने कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य राज्यों की स्वायत्तता या उनके राजस्व अधिकारों में हस्तक्षेप करना नहीं, बल्कि पूरे देश में खनिजों की दरों में एकरूपता सुनिश्चित करना है। रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार कोयला, चूना पत्थर, लौह अयस्क, तांबा और मैंगनीज जैसे प्रमुख खनिजों को विनियमित करना चाहती है, जबकि 49 गौण खनिजों के मामले में राज्यों के अधिकार बरकरार रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन के लिए कोयला बेहद महत्वपूर्ण है और भारत में बिजली उत्पादन का 73 प्रतिशत कोयले से होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए बिजली की उपलब्धता महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी 2014-15 के 65 प्रतिशत से बढ़कर अब 85 प्रतिशत हो गई है, जबकि कोयला राजस्व में उनकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से बढ़कर 96 प्रतिशत हो गई है। मंत्री ने कहा कि केंद्र को खनिज राजस्व का केवल करीब 11 प्रतिशत हिस्सा मिलता है, जबकि 88 प्रतिशत राज्यों के पास जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संशोधन से किसी भी राज्य को राजस्व का नुकसान नहीं होगा।

# कांग्रेस बिना नफरत तथा हिंसा के अपनी इस लड़ाई को जारी रखेगी : राहुल

- देश के छोटे कारोबारियों को नोटबंदी और जीएसटी से हुआ नुकसान

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बदलाव के लिए राजनीतिक शक्ति के साथ भारत की विविधता और हर व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा जरूरी है इसलिए कांग्रेस बिना नफरत तथा हिंसा के अपनी इस लड़ाई को जारी रखेगी। श्री गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए गुरुवार को यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों की आजादी छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी एक तय व्यवस्था में ढालने के बजाय देश के लोगों को अपनी बात कहने और अपनी पहचान के साथ आगे बढ़ने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस की पुरानी ताकत छोटे कारोबारी और छोटे व्यवसाई थे लेकिन नोटबंदी और जीएसटी ने इन्हीं वर्गों को नुकसान पहुंचाया है। देश के छोटे कारोबारियों और परंपरागत व्यवसायों को नोटबंदी और वस्तु एवं सेवा कर की वर्तमान व्यवस्था से नुकसान हुआ है। छोटे कारोबारी किनारे कर दिए गए और संगठन तथा भाजपा की राजनीति में बड़े पूंजीपति समूहों का प्रभाव लगातार बढ़ता गया। श्री गांधी ने मीडिया का भी जिक्र किया और कहा कि मीडिया के एक बड़े हिस्से पर भी कब्जा हो चुका है, लेकिन पत्रकारों को अपनी भूमिका निभाते हुए सच्चाई जनता तक पहुंचानी होगी।

# मानसून सत्र का समापन : संसद से कुल 12 बिल हुए पारित : रिजिजू

- बोलें-चर्चा और बहस के मामले में यह सत्र उतना सफल नहीं रहा

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। संसद के मानसून सत्र के समापन के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्र को दो नजरियों से देखा जा सकता है। किरेन रिजिजू ने कहा, कामकाज के लिहाज से यह सत्र बहुत सफल रहा। हमने कुल 12 बिल पास किए लेकिन चर्चा और बहस के मामले में यह सत्र उतना सफल नहीं रहा। उन्होंने बताया, लोकसभा में निर्धारित समय की तुलना में केवल 19 प्रतिशत उत्पादकता हासिल हुई। राज्यसभा में 39 प्रतिशत रही। राज्यसभा में कभी-कभी विपक्षी पार्टी हंगामा करके वॉक आउट भी कीं। किरेन रिजिजू ने कहा, लोकसभा में सिर्फ एक बिल पर चर्चा हो पाई। नकल रोकने को लेकर जो बिल आया उस पर। लोकसभा में इसके अलावा कोई अच्छी चर्चा नहीं हुई। चर्चा की दृष्टि से हम खुश नहीं। किरेन रिजिजू ने सदन में विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, मेरा तीन दशक का अनुभव है संसद का। ये पहली बार देखा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। पहली बार सरकार कह रही है चर्चा के लिए तैयार हैं लेकिन विपक्ष भाग गया। उन्होंने कहा कि ऐसा नजारा पहले कभी नहीं देखा गया। ये नया चीज देखने को मिला ये कल्पना से बाहर है। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के सांसद सोचते हैं उनका काम नारा लगाना और कार्ड लेकर हंगामा करना यही रह गया है।

**स्थगित** | राम मंदिर चढ़ावा, चोरी और जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बना रहा गतिरोध

# संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चतकाल के लिए स्थगित

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली/एजेंसी। संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल तक स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ ही 19 दिन का शीतकालीन सत्र आज समाप्त हो गया। पहले लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया और उसके बाद राज्यसभा को स्थगित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन की कार्यवाही लगभग 111 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि सदन की कुल 15 बैठक हुई। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद भी दिया। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने विदाई भाषण में कहा कि सदन करीब 92 घंटे चला और 121 प्रतिशत कामकाज हुआ। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 59 निजी विधेयक पेश किए गए। उन्होंने कहा कि यह सत्र ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक महत्व के मुद्दों पर उच्च गुणवत्ता वाली बहस और चचाओं के लिए जाना जाएगा।

उन्होंने कहा कि सदन ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एक विशेष चर्चा की, जिसमें 82 सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि सदन ने चुनाव सुधारों पर भी चर्चा की, जिसमें 57 सदस्यों ने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। श्री राधाकृष्णन ने कल की बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा पैदा की गई बाधा पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नारे लगाना, पोस्टर दिखाना, चर्चा का जवाब दे रहे मंत्री को रोकना, कागज फाड़ना और उन्हें सदन के बीच में फेंकना, यह सब सांसदों का अशोभनीय व्यवहार था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सदस्य आत्म-मंथन करेंगे और भविष्य में ऐसा अनुशासनहीन व्यवहार नहीं दोहराएंगे।

### उच्च सदन की उत्पादकता महज 39.17 प्रतिशत रही

नई दिल्ली। उच्च सदन में अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी तथा नीट प्रश्न पत्र लीक का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के हंगामे एवं नारेबाजी के कारण उच्च सदन की कार्यवाही लगातार बाधित होती रही। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच आज तक गतिरोध दूर करने पर सहमति नहीं बन सकी। उच्च सदन की बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले सभापति सी पी राधाकृष्णन ने अपने पारंपरिक संबोधन में बताया कि सदन में कुल 37 घंटे 49 मिनट ही कामकाज हुआ। सभापति ने सत्र के दौरान लगातार हुए हंगामे और व्यवधानों पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इसके कारण सदन का कामकाज बार-बार बाधित हुआ और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक चर्चा भी नहीं हो पाई।

**संसद के मानसून सत्र का अंतिम दिन हंगामे के नाम रहा:** नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र कुल 19 बैठकों के बाद संपन्न हो गया। इस पूरे सत्र के दौरान राम मंदिर चढ़ावा चोरी और जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी गतिरोध बना रहा। विपक्ष के लगातार हंगामे और विरोध प्रदर्शनों के बावजूद सरकार ने सदन में कई महत्वपूर्ण विधाई कार्यों और विधेयकों को पारित कराने में सफलता हासिल की। हालांकि, इस दौरान सदन का अधिकांश समय राजनीतिक और वैचारिक बहसों की भेंट चढ़ गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बख्तियारपुर-पटना हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, कांवरिया की मौत

फतुहा। बख्तियारपुर-पटना हाईवे पर खुसरूपुर-फतुहा थाना सीमा स्थित पंगत होटल के पास भीषण सड़क हादसे में एक कांवरिया की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बाबा धाम से राजगीर होते हुए छपरा लौट रहे करीब 30 कांवरियों की बस को ओवरटेक करने के दौरान एक हाईवा ने टक्कर मार दी। हादसे में छपरा के रसूलपुर निवासी 28 वर्षीय शिवपूजन राय की मौत हो गई, जबकि अमनौर निवासी 60 वर्षीय राजदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेजा गया। घटना के बाद आक्रोशित कांवरियों ने बस को सड़क पर खड़ा कर करीब दो घंटे तक हाईवे जाम रखा। सूचना मिलते ही खुसरूपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर यातायात बहाल कराया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया।

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मंत्री संजय सिंह से मिले रंजीत यादव

फतुहा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पटना पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। रंजीत यादव ने क्षेत्र की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया, जिस पर मंत्री संजय सिंह ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंह भी मौजूद रहे। रंजीत यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष समस्याओं को उठाते रहेंगे।

### अंगदान मानवता की महान सेवा : डॉ0 प्रेम कुमार

पटना। विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ॰ प्रेम कुमार ने कहा कि अंगदान महादान है। एक व्यक्ति के अंगदान करने से कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना समय की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों को अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। माननीय अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि वे अंगदान के महत्व को समझें और इस पुनीत कार्य के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में अपना योगदान दें।

### अनुमंडलाधिकारी सह प्रशासक अनिरुद्ध पांडेय जायजा लेने अभिमन्यु नगर पहुंचे

दानापुर। नगर के अंतर्गत जन समस्याओं को लेकर अनुमंडलाधिकारी सह प्रशासक अनिरुद्ध पांडेय जायजा लेने अभिमन्यु नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इलाके में नाला निर्माण के बाद सड़क निर्माण नहीं होने पर उन्होंने इस संबंध में जानकारी लेते हुए यथाशीघ्र सड़क निर्माण कार्य को शुरू करने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, करिए अभियंता नीतीश, योजना सहायक समीर पदाधिकारी उपस्थित थे। नगर प्रबंधक ने बताया कि कुछ ना पहले ही नाला बना है। सड़क निर्माण को लेकर प्रक्रिया चल रही है।

### डीएवी स्कूल में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत भारत सरकार की हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत नगर विकास विभाग द्वारा नगर के डीएवी स्कूल में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाअनुमंडलाधिकारी सह प्रशासक अनिरुद्ध पांडेय के निर्देशानुसार आयोजित प्रतियोगिता में 60 बच्चों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

देशभक्ति से ओतप्रोत प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी सोच को प्रकट किया। अनुमंडलाधिकारी श्री पांडेय ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने प्रतिभा को प्रकट किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, अमृता कुमारी समीर नगर परिषद के कर्मी एवं प्रतिभागी शामिल हुए। संवेदक को तथा शीघ्र एग्रीमेंट कर कर प्रारंभ करने का निर्देश जारी की गई है।

# ऊर्जा सचिव ने सारण जिले में ग्रिड उपकेंद्र एवं विद्युत शक्ति उपकेंद्र तेलपा का किया निरीक्षण

- मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने का निर्देश, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिल रहे लाभ की ली जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना/छपरा। ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अजय यादव (भा. प्र. से.) ने 13 अगस्त 2026 को सारण जिले के 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र (ऋ्रर) छपरा तथा 33/11 विद्युत शक्ति उपकेंद्र (ढरर), तेलपा, छपरा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत उपकेंद्रों की विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) रजिस्टर, सुरक्षा उपकरणों तथा स्विचयार्ड में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इसके बाद छपरा सर्किट हाउस में विद्युत आपूर्ति अंचल, छपरा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान राजस्व संग्रहण, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

बैठक में सारण जिले के जिलाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव (भा. प्र. से.), विद्युत अधीक्षण अभियंता सारण, विद्युत कार्यपालक अभियंता छपरा पश्चिम, छपरा पूर्वी, सिवान, महाराजगंज, गोपालगंज एवं मीरगंज सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार शिक्षा सेवा के नवनियुक्त अधिकारियों के बीच बिहार के शिक्षा मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र



- जनसेवा को लक्ष्य बनाने की श्री तिवारी ने दी नसीहत

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार शिक्षा सेवा के 48 नवनियुक्त अधिकारियों को माननीय शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। गुरुवार को स्थानीय बापू सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री की मौजूदगी में श्री तिवारी ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिकारियों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाने की नसीहत दी।माननीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षित और सक्षम समाज के निर्माण में शिक्षा विभाग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए।

सभी अधिकारी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित हुए हैं।

### सहायक प्राध्यापक नियुक्ति महाधरना को एमएलसी जीवन कुमार ने किया संबोधित

पटना। बिहार में सहायक प्राध्यापक नियुक्ति के विसंगति युक्त नियमावली के विरोध में गर्दनीबाग पटना में चल रहे धरना को गया शिक्षक प्रकोष्ठ के विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने सम्बोधित किया। उन्होंने इस नियमावली पर जहां खुल कर अपनी बात रखी वहीं अनशनकारियों कुमुद पटेल,अभिषेक मेहता, विक्कू भाई प्रधान से विस्तृत बात की और उपस्थित धरनार्थियों महिला/पुरुष की एक एक बात धैर्य से सुनी।

उन्होंने कहा कि अभी में इस समस्या के निदान और धरना को समाप्त कराने के लिए मुख्यमंत्री महोदय और महामहिम राज्यपाल महोदय को आपके मांगों को शामिल करते हुए पत्र लिखूंगा और उन्होंने पत्र लिख भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहूंगा।

# लायंस क्लब ऑफ पटना मगध ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना : लायंस क्लब ऑफ पटना मगध ने बच्चों में देश प्रेम की भावना के साथ एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसमें कक्षा 6, 7, 8, 9 और 10 के बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर राष्ट्र प्रेम के गीत गाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली, जो टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर बिल्डिंग से शुरू हुई। हाथों में तिरंगा लिए बच्चों ने स्कूल की मोंटेसरी बिल्डिंग तक यात्रा की उसके बाद बच्चे वापस मेन बिल्डिंग में लौट आए। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, उनके संघर्ष और देश के लिए दिए गए बलिदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के अध्यक्ष लायन डॉ. रवि भार्गव, लायन डॉ. जुली भार्गव, रीजन जीईटी कोऑर्डिनेटर लायन राजीव भार्गव, कोषाध्यक्ष शिवानी भार्गव, लायन रेवा भार्गव एवं मैनेजर देव ज्योति सिन्हा उपस्थित रहे। साथ ही स्कूल के शिक्षक सत्यम सर, अभिषेक सर एवं जय प्रकाश सर भी उपस्थित रहे।

# 15 अगस्त के राजकीय समारोह की सभी तैयारियाँ पूरी

- गांधी मैदान में भव्य आयोजन; सुरक्षा, यातायात एवं दर्शक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाले मुख्य राजकीय समारोह की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। समारोह को पूरी भव्यता, गरिमा एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाएगा।उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त श्री मयंक वरवड़े ने गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित दंडाधिकारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग के अवसर पर कही।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाला मुख्य राजकीय समारोह पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों का अंतिम रूप से निरीक्षण एवं पूर्वाभ्यास किया गया है, ताकि स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार एवं सुचारू रूप से संपन्न हों।

**समारोह में आने वाले हर दर्शक की सुविधा का रखा जाएगा ख्याल :डी एम**

अधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग में जिलाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियाँ की गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, दर्शक दीर्घा प्रबंधन तथा विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समारोह में आने वाले प्रत्येक दर्शक की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

**तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, 62 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात**

पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि विधि-व्यवस्था संधारण की दृष्टि से पूरे गांधी मैदान को चार सेक्टरों तथा सब-सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।

गांधी मैदान एवं कारगिल स्मृति चौक में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए कुल 62 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 15 अगस्त को सुबह 6 बजे तक अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं तथा कार्यक्रम स्थल से सभी दर्शकों के सुरक्षित रूप से चले जाने तक अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहें।

**सीसीटीवी, ड्रोन एवं इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से होगी निगरानी**

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए संपूर्ण गांधी मैदान एवं आसपास के क्षेत्रों की उउळश कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत स्थापित उउळश कैमरों से भी चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी।गांधी मैदान में ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। साथ ही पुलिस कार्यालय परिसर स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पूरे आयोजन की गतिविधियों पर सतत नजर रखी जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष तीन पालियों में कार्यरत रहेगा तथा इसके लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।जिलाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने बताया कि मौसम को ध्यान में रखते हुए लगभग 80,000 वर्गफीट क्षेत्र में दर्शक दीर्घा के ऊपर शेड का निर्माण कराया गया है। इससे बदलते मौसम एवं बारिश की स्थिति में भी दर्शकों को समारोह में भाग लेने में सुविधा होगी।

# गांधी की कर्मभूमि में बेटियों को मिला एआई शिक्षा का तोहफा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पश्चिम चंपारण के ऐतिहासिक भितिहरवा स्थित कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत हुई। विद्यालय में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित शिक्षा व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इस पहल के साथ अब विद्यालय की छात्राएं पारंपरिक शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया से भी परिचित होंगी।

एआई क्लास का उद्घाटन डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम, एमएलसी अफाक अहमद, प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान, बीस सूत्री सदस्य सूरज सहनी, जदयू अध्यक्ष विक्रम चौधरी तथा डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों का सम्मान भी किया गया।

भितिहरवा महात्मा गांधी की कर्मभूमि के रूप में विशेष पहचान रखता है। ऐसे ऐतिहासिक स्थान पर छात्राओं को एआई जैसी आधुनिक तकनीक से जोड़ना शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संदेश देता है। कार्यक्रम में मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि गांधी की कर्मभूमि में एआई शिक्षा का शुभारंभ सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षा के स्वरूप में भी बदलाव आवश्यक है। आज कंप्यूटर और डिजिटल तकनीक विद्यार्थियों के ज्ञान-विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में छात्राओं को एआई तकनीक से परिचित कराने की पहल उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद करेगी।

विद्यालय में शुरू की गई एआई क्लास के माध्यम से छात्राओं को कंप्यूटर के जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीक से शिक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्राओं को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित रखने के बजाय उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। एआई आज शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, बैंकिंग, संचार और प्रशासन सहित लगभग हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता साबित कर रहा है। ऐसे में स्कूली स्तर से ही छात्राओं को इस तकनीक की बुनियादी जानकारी मिलने से उनके भीतर डिजिटल समझ और नई चीजें सीखने की क्षमता विकसित होगी।

विद्यालय में एआई शिक्षा की व्यवस्था महेश्वर लक्ष्मी मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार द्वारा कराई गई है। यह पहल सरकारी शिक्षा व्यवस्था के साथ सामाजिक सहयोग की उपयोगिता को भी सामने लाती है। ग्रामीण और अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों के विद्यालयों में आधुनिक तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में किसी संस्था या सामाजिक संगठन की ओर से तकनीकी शिक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराना छात्राओं के भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

बताया गया कि नई शिक्षा नीति के तहत बिहार सरकार द्वारा एआई क्लास की शुरूआत की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के बढ़ते महत्व को देखते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। एआई आधारित शिक्षा से छात्राओं में समस्या समाधान, तार्किक सोच, डिजिटल कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्हें यह समझने का अवसर मिलेगा कि तकनीक का उपयोग पढ़ाई और दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए किस प्रकार किया जा सकता है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनसीसी कैडेटों ने निकाली तिरंगा रैली

फतुहा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत फतुहा हाई स्कूल के एनसीसी आर्मी विंग 29 बिहार बटालियन के कैडेटों द्वारा स्टेशन रोड फतुहा से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में एनसीसी कैडेटों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल बना रहा और लोगों ने भी उत्साह के साथ रैली का स्वागत किया। रैली में विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक आनंद कुमार, अभिनंदन कुमार, आमोद कुमार, प्रशांत कुमार आनंद एवं अजीत कुमार, लिपिक ठाकुर दिनेश सिंह, गौरव कुमार, शिक्षिकाएं श्रीमती ज्योति कुमारी, मीना कुमारी एवं बबीता गुप्ता तथा सीनियर कैडेट रौंशी कुमार एवं आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट शामिल हुए। विद्यालय परिवार ने छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता-अखंडता और राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।

### अमृतसर-न्यूजलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस का परिचालन अब नए नंबर 12508/12507 से होगा

हाजीपुरः रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु अमृतसर और न्यू जलपाईगुड़ी के मध्य गाड़ी सं. 12408/12407 अमृतसर-न्यूजलपाईगुड़ी-अमृतसर साप्ताहिक एक्सप्रेस का प्राथमिक रख-रखाव उत्तर रेलवे से पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में हो जाने के कारण इस गाड़ी की संख्या में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तन के फलस्वरूप गाड़ी सं. 12407 न्यू जलपाईगुडी-अमृतसर साप्ताहिक एक्सप्रेस 12 अगस्त, 2026 से परिवर्तित ट्रेन संख्या 12507 के नम्बर से तथा गाड़ी सं. 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित ट्रेन संख्या 12508 के नम्बर से चलाई जायेगी।

# 16 वर्षीय ज़िदान समीर ठाकरान ने बिहार के 1,566 विद्यार्थियों तक पहुंचाई एआईशा




प्रातः किरण संवाददाता

पटना : महज 16 वर्ष की उम्र में दुबई के किंग्स स्कूल अल बरशा में कक्षा 11 के छात्र ज़िदान समीर ठाकरान अपने तकनीक के प्रति जुनून को बिहार में एक बढ़ते डिजिटल शिक्षा अभियान का रूप दे रहे हैं। उन्होंने केसीएस फाउंडेशन इंडिया के साथ साझेदारी में युवाओं के नेतृत्व वाली पहल एआईशा की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य रियल भारत के बच्चों तक कंप्यूटर शिक्षा, कोडिंग और उभरती तकनीकों से जुड़ी सीखने की सुविधाएं पहुंचाना है। एआईशा के संस्थापक ज़िदान समीर ठाकरान ने कहा, ह्मेरा मानना है कि तकनीक हर बच्चे के लिए संभावनाओं की एक पूरी दुनिया खोल सकती है। एआईशा के माध्यम से मैं कंप्यूटर शिक्षा, कोडिंग और एआई को युवा विद्यार्थियों के लिए अधिक सुलभ बनाना चाहता हूं और उन्हें यह समझने में मदद करना चाहता हूं कि वे क्या-क्या कर सकते हैं। 1,566 विद्यार्थियों तक पहुंचना मेरे लिए एक गर्व का पड़ाव है और मेरा लक्ष्य इस यात्रा को रियल भारत और पूरे भारत के कई और समुदायों तक पहुंचाना है।

एआईशा अब बिहार के 1,566 विद्यार्थियों तक पहुंच चुकी है, जहां वंचित समुदायों के युवा विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, कोडिंग और डिजिटल लर्निंग से जोड़ा जा रहा है। इस पहल की शुरूआत समस्तीपुर में 20 कंप्यूटर वाली एक लर्निंग लैब से हुई थी। ज़िदान ने स्वयं इसके पाठ्यक्रम को तैयार किया और एक ह्यट्रेन द ट्रेनरह्न मॉडल विकसित किया, जिसके तहत स्थानीय शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे इस कार्यक्रम को आगे और अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचा सकें।

# रामपुर हाट-भागलपुर-किउल-मोकामा-बख्तियारपुर लिंक-बिहार शरीफ-राजगीर के रास्ते हावड़ा और नटेसर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुरः। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा रामपुर हाट-भागलपुर-सुलतानगंज -किउल-मोकामा-बख्तियारपुर लिंक-बिहार शरीफ-राजगीर के रास्ते हावड़ा और नटेसर के मध्य गाड़ी सं. 03029/03030 हावड़ा-नटेसर-हावड़ा स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 14 कोच हैं ।

गाड़ी सं. 03029 हावड़ा-नटेसर स्पेशल का परिचालन 10 अगस्त, 2026 से 08 फरवरी, 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को किया जा रहा है । यह स्पेशल हावड़ा से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.20 बजे भागलपुर, 06.53 बजे सुलतानगंज, 09.20 बजे किउल, 10.14 बजे मोकामा, 11.46 बजे बिहार शरीफ, 12.03 बजे नालन्दा एवं 12.30 बजे राजगीर रुकते हुए 13.00 बजे नटेसर पहुंच रही है।

गाड़ी सं. 03030 नटेसर-हावड़ा स्पेशल का परिचालन 11 अगस्त, 2026 से 09 फरवरी, 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार को किया जा रहा है। यह स्पेशल नटेसर से 13.55 बजे खुलकर 14.20 बजे राजगीर, 14.44 बजे नालन्दा, 15.03 बजे बिहार शरीफ, 16.28 बजे मोकामा, 17.25 बजे किउल, 18.44 बजे सुलतानगंज, 20.00 बजे भागलपुर रुकते हुए अगले दिन 07.00 बजे हावड़ा पहुंच रही है।

### चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

हाजीपुर। रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही निम्नलिखित स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है -

1.गाड़ी सं. 04014/04013 आनन्द विहार-लौकहा बाजार-आनन्द विहार स्पेशल - झंझारपुर-सकरी-शिशो-सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-बगहा-गोरखपुर-लखनऊ के रास्ते लौकहा बाजार और आनंद विहार टर्मिनल के मध्य चलाई जा रही गाड़ी सं. 04014/04013 आनन्द विहार-लौकहा बाजार-आनन्द विहार स्पेशल के परिचालन अवधि का विस्तार 31 अतिरिक्त फेरों के लिये किया गया है। फलस्वरूप यह स्पेशल अब आनन्द विहार से 15 सितम्बर, 2026 तक तथा लौकहा बाजार से 16 सितम्बर, 2026 तक प्रतिदिन चलाई जायेगी। विस्तारित अवधि में यह गाड़ी अपने पुराने समय, ठहराव एवं रेक संरचना के अनुसार चलाई जायेगी।2.गाड़ी सं. 03234/03233 दानापुर-भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल - पटना-बख्तियारपुर-मोकामा-किउल-सुलतानगंज के रास्ते दानापुर एवं भागलपुर के मध्य गाड़ी सं. 03234/03233 दानापुर-भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन अविध का विस्तार और 06 फेरों के लिए किया गया है । अब इस स्पेशल का दानापुर से 13.08.2026 से 18.08.2026 तक प्रतिदिन तथा भागलपुर से 14.08.2026 से 19.08.2026 तक प्रतिदिन किया जाएगा ।

### सहायक प्राध्यापक नियुक्ति नियमों के विरोध में महाधरना

- बड़ी संख्या में शोधार्थी, अतिथि शिक्षक, धारक एवं अभ्यर्थी हुए शामिल

पटना। बिहार में सहायक प्राध्यापक नियुक्ति से संबंधित नए प्रावधानों के विरोध, पूर्ववर्ती वऋ्र मानकों को बहाल करने तथा वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के हितों की रक्षा की मांग को लेकर 4 अगस्त 2026 से गर्दनीबाग धरना स्थल, पटना में आंदोलन जारी है।इसी क्रम में आज महाधरना का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों से बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक, शोधार्थी, ढ़ँ.ऊ धारक, अभ्यर्थी एवं शिक्षाकर्मी शामिल हुए। बिहार अतिथि शिक्षक संघ के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने भी महाधरना में पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

आंदोलनकारियों ने कहा कि पिछले कई दिनों से वे अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से धरना दे रहे हैं। वहीं, आंदोलन के तीन साथी कुमुद पटेल, अभिषेक मेहता एवं विक्कू भाई प्रधान पिछले लगभग 10 दिनों से आमरण अनशन/भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इसके बावजूद अभी तक सरकार की ओर से उनकी मांगों पर कोई ठोस एवं स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया गया है।आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि अनशनरत साथियों की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए तत्काल वार्ता की जाए तथा उनकी मांगों पर सकारात्मक और स्पष्ट निर्णय लिया जाए। लगातार अनदेखी के कारण आंदोलनकारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि भूख हड़ताल पर बैठे किसी भी साथी के स्वास्थ्य के साथ कोई गंभीर अथवा अप्रिय घटना होती है,

### मुख्यमंत्री ने पटना में विभिन्न भूमि खंडों के पुनर्विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

# पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का होगा निर्माण : सम्राट



- निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक, पर्यावरणीय मानकों एवं जीरो वेस्ट मॉडल को अपनाने पर विशेष जोर
- पटना के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए सरकारी भूमि और परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पटना में विभिन्न भूमि खंडों के पुनर्विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान पटना के सुनियोजित विकास, सरकारी भूमि के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

साथ ही बिहार म्यूजियम नेहरू पथ के सामने स्थित भूमि खंड, गर्दनीबाग स्थित भूमि खंड, भूतनाथ सेक्टर 6 स्थित भूमि खंड, बोरिंग कैनाल रोड स्थित भूमि खंड के पुनर्विकास हेतु भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना को आधुनिक एवं वैश्विक स्तर के शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाय। पटना में उपलब्ध विभिन्न सरकारी भूमि खंडों के पुनर्विकास की कार्ययोजना तैयार करने का प्रस्ताव अच्छा है। इस क्रम में ठइउउ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण एवं पुनर्विकास के लिए मॉडल तैयार किए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि पुराने एवं जर्जर सरकारी भवनों के स्थान पर आवश्यकता के अनुरूप पुनर्निर्माण एवं नए निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

**ये रहें मौजूद:** बैठक में नगर विकास एवं आवास सह सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ग्रामीण कार्य सह सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव प्रणव कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अनिमेष परासर, नगर विकास एवं आवास विभाग के विशेष सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे, पटना के नगर आयुक्त यशपाल मीणा, एनबीसीसी के चेयरमैन डॉ केपी महादेव स्वामी सहित एनबीसीसी के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पटना में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 4,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना

मुख्यमंत्री ने पाटलिपुत्र टाउनशिप में लगभग 2,000 एकड़ भूमि तथा अन्य टाउनशिप में 1000 एकड़ भूमि में टाउनशिप के निर्माण एवं पुनर्विकास की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही पटना सहित गया, भागलपुर, बेगूसराय एवं दरभंगा जैसे शहरों में भी उपयुक्त सरकारी भूमि को चिह्नित कर विकास की समेकित योजना तैयार करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने पटना के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि को चिह्नित कर मास्टर प्लान तैयार करने तथा सरकारी परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिया।

साथ ही निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक, पर्यावरणीय मानकों एवं जीरो वेस्ट मॉडल को अपनाने पर भी विशेष जोर दिया। प्रस्ताव के अनुसार पटना में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 4,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है, जबकि इन परियोजनाओं से लगभग 8,000 करोड़ रुपये का राजस्व सृजन होने का अनुमान है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास परियोजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि का शीघ्रता से चिह्नीकरण कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा निर्माण एवं पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि पटना के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए सरकारी भूमि और परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

# ग्रामीण विकास को मिलेगी नई उड़ान, आधार स्तंभ की भूमिका निभाएंगे आरडीओ : श्रवण

- नव चयनित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मंत्री ने जारी किया बयान
- कहा-ग्रामीण विकास में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता को अपना कार्य आधार बनाएंगे सभी पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास को नई उड़ान मिलेगी। ग्रामीण विकास विभाग में तैनात ग्रामीण विकास पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना का निर्माण, कल्याणकारी योजनाओं को तैयार करने, आपदा प्रबंधन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने जैसी महती जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं तन्मयता के साथ निभा रहे हैं। रोजगार और विकास की परिकल्पना साथ-साथ साकार हो रही है। विकसित बिहार और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका बेहद अहम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। मंत्री श्री कुमार गुरुवार को बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त परीक्षा में उत्तीर्ण नव चयनित 359 ग्रामीण विकास पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि आज का दिन ग्रामीण विकास विभाग के लिए अत्यंत गौरव का है। बिहार में पूर्व में 960 ग्रामीण विकास पदाधिकारियों की नियुक्ति हो चुकी है।

मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा में आकर विकास की जिम्मेवारी संभालते हुए ये पदाधिकारी विकास की मिसाल कायम करेंगे। मंत्री ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने 2025 के बिहार विधान सभा चुनाव में आगामी पांच वर्ष के दौरान बिहार के प्रतिभावान युवाओं को 1 करोड़ नौकरी एवं रोजगार देने का वादा किया था। उनके इसी वादों के अनुरूप ग्रामीण विकास विभाग में कुछ दिन पहले भी जीविका के विभिन्न पदों पर चयनित 2 हजार 446 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग ने प्रत्येक प्रखंडों में एक प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद सृजित किया है। वैसे प्रखंड जहां 15 से अधिक पंचायत हैं वहां प्रखंड प्रशासन को मजबूती देने के लिए एक ग्रामीण विकास पदाधिकारी का पद भी सृजित किया गया है।

ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग का गठन बिहार ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग नियमावली-2010 के तहत किया गया है। इसी क्रम में 70वीं एकीकृत प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर कुल 390 अभ्यर्थियों की अनुशंसा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद पर की गई थी। इन अभ्यर्थियों का बायो-मैट्रिक एवं प्रमाण पत्रों का सत्यापन अलग-अलग तिथियों पर बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की ओर से किया गया। इस सेवा में प्रथम नियुक्ति स्तर ग्रामीण विकास पदाधिकारी (लेवल-7) का पद है, जिनका पदस्थापन प्रखंडों, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में सहायक परियोजना पदाधिकारी और जीविका के तहत कार्यान्वित जीविका निधि में सहायक प्रशासी पदाधिकारी के पद पर किया जाता है।

# किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उपादान उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : विजय

- बोलें-उर्वरक-बीज-कीटनाशी में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों के साथ उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, होलसेलर एवं रिटेलर स्तर पर उर्वरक की आपूर्ति, कंपनियों द्वारा निर्धारित दर एवं एफओआर व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन सहित किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उपादान उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर अमानक उर्वरक, बीज या कीटनाशी की बिक्री, अधिक मूल्य पर बिक्री,अनियमित वितरण, टैगिंग अथवा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित थोक एवं खुदरा प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एफओआर की व्यवस्था को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए भारत सरकार एवं संबंधित कंपनियों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। कंपनियां एफओआर की व्यवस्था को केवल कागजों तक सीमित न रखते हुए इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें और यह सुनिश्चित करें कि इसका वास्तविक लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। इस व्यवस्था के क्रियान्वयन में पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ आवश्यक कार्रवाई करें। मंत्री ने कहा कि उर्वरक वितरण व्यवस्था में शामिल होलसेलर, रैक हैंडलर एवं संबंधित कंपनियां अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें। किसानों के हितों की अनदेखी अथवा विभागीय निर्देशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बार-बार अनियमितता सामने आने पर संबंधित प्रतिष्ठानों एवं जिम्मेदार संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में शीघ्र ही सघन जांच एवं निगरानी अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के दौरान उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी की उपलब्धता, आपूर्ति, मूल्य, वितरण व्यवस्था तथा रिटेलर स्तर तक उर्वरक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया की जांच की जाएगी। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक निर्धारित एवं उचित दर पर आसानी से उपलब्ध हो। उन्होंने कहा किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के विस्तार से युवाओं के भविष्य को मिलेगी नई दिशा : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार के 7 निश्चय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। इसी क्रम में सात निश्चय-3 के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम तथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित करने का निर्णय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए 430.08 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इस योजना के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से 6,436 रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा प्रत्येक वर्ष 2.57 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के सुदृढ़ीकरण और वर्ष 2026-31 तक इसके विस्तार को भी स्वीकृति दी गई है। सरकार की यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित बिहार के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## लोजपा (रामविलास) प्रदेश कार्यालय में मंत्री संजय सिंह ने सुनीं जनसमस्याएं



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से दूर-दूर से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में बड़ी संख्या में आमजन अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे। मंत्री श्री संजय सिंह ने एक-एक कर लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर मामलों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्टी के मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता निशांत मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी लगातार आम जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए प्रयासरत है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे पार्टी एवं सरकार के जिम्मेदार प्रतिनिधियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के संकल्प के साथ लोजपा (रामविलास) आमजन की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी।

# बिहार में कानून का राज, पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है सरकार: सरावगी

- भरत तिवारी मामले में सरकार की संवेदनशीलता और न्यायप्रियता स्पष्ट

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दिवंगत भरत भूषण तिवारी के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं एक परिजन को सरकारी नौकरी देने के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बिहार सरकार की संवेदनशीलता, न्यायप्रियता और मानवीय दृष्टिकोण का स्पष्ट प्रमाण है। सरकार ने न्यायिक जांच आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को सहायता देने का निर्णय लेकर यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी परिस्थिति में पीड़ित परिवार को न्याय और सहयोग से वंचित नहीं रखा जाएगा। संजय सरावगी ने कहा कि 17 जून को घटना होने के महज तीन दिन बाद, 20 जून को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने न्यायिक जांच आयोग गठित करने की घोषणा कर दी थी। 24 जून को कैबिनेट से इसे मंजूरी मिली और 25 जून को न्यायिक आयोग के अध्यक्ष घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि महज 57 दिनों में आयोग की अंतरिम रिपोर्ट आ जाना अपने आप में सरकार की गंभीरता और तत्परता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने घटना के बाद न केवल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की, बल्कि कार्रवाई भी की। जिस पुलिसकर्मी पर गोली चलाने का आरोप था, उसे गिरफ्तार किया गया और संबंधित अधिकारियों को निलंबित किया गया। अब न्यायिक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने दिवंगत भरत तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता तथा एक परिजन को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं पीड़ित परिवार से मिले और उनकी पीड़ा को समझा। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार इस संवेदनशील मामले को लेकर कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य न किसी को बचाना है और न किसी को फंसाना, बल्कि सत्य सामने लाना, न्याय सुनिश्चित करना और पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहना है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय साबित करता है कि बिहार में कानून का राज है और सरकार प्रत्येक नागरिक के अधिकार, सम्मान और गरिमा के प्रति संवेदनशील है। न्यायिक प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लोकतांत्रिक विचारों में विश्वास करती है भाजपा : अजय



पटना। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से जोड़ने वाले जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रशांत किशोर को प्रखर कुटिल महोदय बताते हुए कहा कि बिहार की राजनीति को लेकर इस तरह की बयानबाजी करना उनकी राजनीतिक समझ को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक विचारों में विश्वास करने वाली पार्टी है और यहां किसी मुख्यमंत्री के कहने पर कोई चुनाव न तो हराया जाता है और न ही जिताया जाता है। अजय आलोक ने कहा कि क्या प्रशांत किशोर ने इसे कांग्रेस का राज समझ लिया है, जहां मुख्यमंत्री के कारण चुनाव जीतने और हारने की बातें होती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में संगठन और कार्यकताओं की अपनी भूमिका है तथा पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ती है। उन्होंने प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उन्हें कांग्रेस की राजनीति इतनी पसंद है तो उन्हें कांग्रेस की दलाली करने पर ध्यान देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने प्रशांत किशोर को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें राजनीतिक हिम्मत है तो अभी घोषणा करें कि वह वर्ष 2030 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बांकीपुर से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी और नौटंकी करने से राजनीति नहीं चलती। उन्होंने कहा कि अगर बांकीपुर की जनता और वहां के मतदाताओं पर इतना ही भरोसा है तो प्रशांत किशोर को दोबारा इसी सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा करनी चाहिए। अजय आलोक ने कहा कि बांकीपुर का परिणाम लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है और भाजपा कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच काम करते रहेंगे।

# विपक्ष के हंगामे से संसद का 61 प्रतिशत समय हुआ बर्बाद : तावड़े

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े ने संसद के हालिया सत्र को लेकर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद यह उनका पहला सेशन था। वह महाराष्ट्र की विधानसभा और विधान परिषद में भी काफी समय तक रहे हैं और वहां सदन की कार्यवाही में एक अनुशासन देखने को मिलता था। दुर्भाग्य से संसद में विपक्ष के हंगामे और व्यवधान के कारण सदन का केवल 39 प्रतिशत समय ही काम हो पाया। विनोद तावड़े ने कहा कि संसद का 61 प्रतिशत समय काम नहीं हो पाया। इस दौरान जनता के टैक्स का पैसा खर्च हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार सदन के बाहर नौटंकी करने से देश की जनता को कोई संदेश नहीं जाता है। अगर सदन में हैं तो सदन के अंदर आकर अपनी बात रखिए और चर्चा कीजिए। पहली बार सांसद बने सदस्यों के सदन की कार्यवाही को समझने और उससे सीखने के अवसर के सवाल पर तावड़े ने कहा कि संसद की कार्यवाही हमेशा बहुत महत्वपूर्ण होती है। लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष ने संसद को चलने ही नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि देश की जनता संसद की ओर उम्मीद और विश्वास के साथ देखती है। तावड़े ने कहा कि विपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह सदन में जनहित के मुद्दे उठाए, सरकार से सवाल करे और लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा करे। लेकिन सदन की कार्यवाही को बाधित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। विपक्ष को सदन के बाहर नहीं, बल्कि सदन के अंदर अपनी बात रखनी चाहिए।

## शिक्षा की गुणवत्ता के साथ नैतिकता, संस्कार और चरित्र निर्माण पर भी जोर जरूरी: सभापति



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वरिष्ठ शिक्षाविद् और बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक डॉ. दीपक कुमार सिंह द्वारा रचित पुस्तक बिफोर डेल्विंग इंटू एजुकेशन मैनेजमेंट का लोकार्पण गुरुवार को बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया। समारोह बुद्ध मार्ग स्थित बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अच्छी पुस्तकें केवल शब्दों का संकलन नहीं होती हैं। यह लेखक के अनुभव, विचार और भावनाओं का संसार होती हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिकता, संस्कार और चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने लेखक डॉ. सिंह को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा प्रबंधन पर अनुभव आधारित यह पुस्तक शिक्षा व्यवस्था को समझने और उसे बेहतर बनाने में उपयोगी साबित हो सकती है। उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि बिहार में प्रतिभा और मेधा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन कर इस प्रतिभा को सही दिशा दी जाए। लेखक डॉ. सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग में लंबे समय तक कार्य करने के दौरान प्राप्त अनुभवों और शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को पुस्तक में संजोने का प्रयास किया गया है। इसमें शिक्षा प्रबंधन, व्यवस्था की चुनौतियों और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए हैं। समारोह में बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, बिहार रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, निदेशक डॉ. एनके अग्रवाल, विशेष सचिव पवन कुमार सिन्हा, प्रभात प्रकाशन के पीयूष कुमार सहित शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है।

# बिहार शिक्षा सेवा के नवनियुक्त अधिकारियों को शिक्षा मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

- जनसेवा को लक्ष्य बनाने की शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने दी नसीहत

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार शिक्षा सेवा के 48 नवनियुक्त अधिकारियों को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्थानीय बापू सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में तिवारी ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षा मंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि शिक्षित और सक्षम समाज के निर्माण में शिक्षा विभाग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए। सभी अधिकारी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित हुए हैं।

# मंत्री रामकृपाल यादव ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

- बिहार के सहकारिता क्षेत्र की प्रगति, उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बिहार के सहकारिता क्षेत्र की प्रगति, उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान बिहार में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें सकरी, मधुबनी में सहकारी चीनी मिल की स्थापना, बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन, सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने, विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना तथा अंतरराज्यीय सहकारी समितियों की सदस्यता जैसी प्रमुख पहल शामिल हैं। मंत्री ने बिहार में सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण, पैक्स को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने, सहकारिता में सहकार के तहत बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, पैक्स एवं सहकारी पदाधिकारियों के प्रशिक्षण तथा सहकारी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया।

**प्रमुख मुद्दों पर मांग:** मंत्री ने बिहार में सहकारिता क्षेत्र को और गति देने के लिए पैक्स के कंप्यूटरीकरण, बहुउद्देशीय सेवा केंद्रों के विकास, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान में तेजी तथा राज्य खाद्य निगम को समय पर राशि उपलब्ध कराने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे केंद्रीय मंत्री जी के समक्ष रखे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बिहार में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। बैठक में बिहार के विकास एवं समसामयिक राजनीतिक विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में मची है लूट : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीति के खिलाफ निकाली गई पदयात्रा आठवें दिन 13 अगस्त 2026 को भी पूरे बिहार में जारी रही। पदयात्रा के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया गया। लाभार्थियों ने बताया कि बिहार में भाजपा की सरकार बनने के बाद 32 लाख लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना बंद कर दी गई है। 16 लाख राशनकार्ड रद्द कर दिए गए हैं जबकि 56 लाख लाभार्थियों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया है। जन वितरण प्रणाली में लूट मची हुई है। लाभार्थियों को पांच किलों के बजाए चार किलो प्रति यूनिट अनाज की आपूर्ति की जा रही है। अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक दिन बच्चों को पका हुआ ताजा खाना नहीं दिया जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों की प्रतीक्षा सूची से 60 लाख लाभार्थियों का नाम काट दिया गया है। मनरेगा मजदूरों को कार्य नहीं मिल रहा है। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि पूरे बिहार में पदयात्रा जारी है। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन के साथ पदयात्रा की समाप्ति होगी और 01 सितंबर 2026 को दिल्ली में रैली होगी।

## संजय झा की पहल से रियाद में हुआ रिजवान का अंतिम संस्कार, परिजनों ने जताया आभार

पटना। सऊदी अरब में दिवंगत हुए मधुबनी जिले के निवासी मोहम्मद रिजवान का अंतिम संस्कार को रियाद में पूरे सम्मान के साथ संपन्न कराने में सहयोग के लिए मृतक मोहम्मद रिजवान के परिजनों ने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं पार्टी विधान पार्षद डा भारती मेहता के प्रयासों की सराहना की एवं उनके प्रति आभार जताया है। मोहम्मद रिजवान के निधन के बाद उनके परिजनों ने डा भारती मेहता से अनुरोध किया था कि रिजवान को रियाद में ही दफनाने के लिए भारत सरकार से आवश्यक सहयोग दिलाया जाए। परिजनों की इस भावनात्मक और मानवीय मांग को डा भारती मेहता ने गंभीरता से लेते हुए इस मामले को आगे बढ़ाया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण में सीपीआर व आपदा बचाव का कराया व्यावहारिक अभ्यास

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के एनएसएस कोषांग द्वारा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से मधुबनी जिले के 200 छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित सात दिवसीय आवासीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण के छठे दिन विभिन्न आपदाओं से बचाव एवं प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए पीजी एथलीट्स की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका राय ने कहा कि प्रशिक्षित युवा आपदा के समय प्रथम रिस्पांडर के रूप में अपने व्यावहारिक ज्ञान का सदुपयोग कर समाज की मदद करने में सक्षम होंगे। उन्होंने प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं से समाज को आपदा से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य संसाधन पुरुष प्रो. जीतेन्द्र नारायण ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त युवा आपदा प्रबंधन में मित्र भाव से भाग लेकर समाज के लिए बेहतर कार्य कर सकते हैं। मानवीय गुणों एवं राष्ट्रभक्ति से युक्त युवाओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ थिंक ग्लोबली एंड एक्ट लोकली का सिद्धांत अपनाने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को अलग-अलग समूहों में बांटकर सीपीआर देने की स्थिति, विधि एवं महत्व की जानकारी दी गई। बीपी, हृदय गति, ऑक्सीजन स्तर एवं पल्स रेट की जांच का अभ्यास कराया गया। भूकंप, आगलगी, वज्रपात एवं सड़क दुर्घटना जैसी आपदाओं से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल कराई गई। एंबुलेंस, अग्निशमन यंत्र एवं फर्स्ट एड बॉक्स के उपयोग का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. आरएन चौरसिया, डॉ. शबनम कुमारी, डॉ. अनुपम प्रिया, डॉ. सोनू राम शंकर, डॉ. रीता कुमारी, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. रश्मि दत्ता सहित कई प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग किया। स्वागत डॉ. शबनम कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरएन चौरसिया ने किया।

### 12 सितंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

दरभंगा। आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा ने न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की।उन्होंने लोक अदालत में अधिक से अधिक शमनीय मुकदमों के निष्पादन हेतु जरूरी दिशा-निर्देश दिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालयों में लंबित सुलह समझौता योग्य मामलों का चयन कर पक्षकारों को नोटिस जारी करें। विद्युत विभाग के मामलों को विशेष रूप से चिन्हित कर सूची तैयार करें ताकि संबंधित विभागीय अधिकारियों की मदद से अधिक से अधिक मुकदमों में पक्षकारों के साथ प्रि काउंसलिंग कर मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही इसके अलावा आपराधिक मुकदमों, चेक बाउंस, माप तौल, वन विभाग, श्रम विभाग से संबंधित मामलों का भी चयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जुनैद आलम, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी, सिविल जज सीनियर डिवीजन डा. पुष्पम किशोर, अंकिता जयसवाल, राजीव रंजन, कुमार रितेश, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुधांशु रंजन सिंह, अर्चिता सिन्हा, अभिषेक पणवार, शलभ शर्मा, शैल कुमारी, हरि प्रिया, अमित कुमार आर्यन, अनन्या शर्मा मौजूद थे।

### मखाना खेती को कारोबार का रंग देने की पहल, किसानों को मिला उद्यमिता का प्रशिक्षण

मधुबनी। मखाना उत्पादन को प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन से जोड़कर किसान इसे लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, झंझारपुर की ओर से लखनौर गांव में ह्यमखाना उत्पादन एवं उद्यमिता विकासह्ण विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया।यह प्रशिक्षण श्रृंखला का पांचवां चरण था। अब तक विभिन्न गांवों के 250 से अधिक किसानों को मखाना की वैज्ञानिक खेती, आधुनिक उत्पादन तकनीक और उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।प्रशिक्षण के दौरान डॉ. संजय कुमार, डॉ. सुनील कुमार मंडल, आशीष राय एवं धीरेंद्र कुमार ने किसानों को खेत एवं जलाशय की तैयारी, पौध स्थापना, पोषक तत्व एवं जल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों को मखाना के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। बताया गया कि इन तकनीकों के माध्यम से मखाना का बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए।

# केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू से मिले दरभंगा के सांसद, जिले की विकास योजनाओं पर की चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने गुरुवार को केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू से उनके मंत्रालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को गति देने तथा समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मानसून सत्र के दौरान संसदीय परंपराओं के बेहतर समन्वय एवं सदन के संचालन के लिए मंत्री का आभार भी जताया। डॉ. ठाकुर ने दरभंगा जिले के प्रत्येक प्रखंड सहित मिथिला क्षेत्र में डॉ. अब्दुल कलाम आवासीय विद्यालय खोलने का आग्रह किया। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के लिए आवंटित 76 करोड़ रुपये, 250 बेड के अल्पसंख्यक छात्रावास के बेहतर रखरखाव तथा प्रस्तावित 200 बेड के आवासीय छात्रावास के मुद्दे पर भी केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद ने अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक केंद्र सहित अन्य विकास कार्यों को गति देने की मांग की। उन्होंने अल्पसंख्यक रोजगार ऋण मोचन योजना का लाभ समाज के कमजोर वर्गों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने पर जोर दिया।उन्होंने मदरसों के साथ अल्पसंख्यक विद्यालयों में विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। सांसद ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान के साथ देश की संस्कृति से जोड़कर मुख्यधारा में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने संयुक्त आदेश जारी किया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। मुख्य समारोह स्थानीय नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय पोलो मैदान में आयोजित होगा। यहां सुबह 9:05 बजे पथ निर्माण विभाग के मंत्री सह दरभंगा के प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र झंडोत्तोलन करेंगे। समारोह में बीएमपी-13, जिला पुलिस, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड के प्लाटून सामूहिक परेड में भाग लेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर दर्शक दीर्घा में सादे लिबास में पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। सभी प्रवेश द्वारों पर डीएफएमडी एवं एचएचएमडी की व्यवस्था तथा असामाजिक तत्वों एवं भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। समारोह स्थल की यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर सुबह छह बजे से यातायात पुलिस की तैनाती रहेगी। झंडा मंच की सुरक्षा के लिए सदर एसडीओ एवं सदर एसडीपीओ प्रतिनियुक्त रहेंगे। अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी को नेहरू स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था का वरीय प्रभार सौंपा गया है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को 15 अगस्त को सुबह सात बजे अपने निर्धारित स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। डीएम एवं एसएसपी ने आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

## संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 से 31 अगस्त तक होगा संस्कृत सप्ताह समारोह



दरभंगा। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह समारोह-2026 के आयोजन को लेकर कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह को 25 से 31 अगस्त तक उत्सवी माहौल में आयोजित करने पर सहमति बनी। समारोह की सफलता के लिए समारोह समिति एवं आयोजन समिति का गठन भी किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 अगस्त को दरबार हॉल में संस्कृत सप्ताह का उद्घाटन होगा। 26 अगस्त को शास्त्र चर्चा, 27 अगस्त को सांस्कृतिक शोभायात्रा, 29 अगस्त को संगोष्ठी तथा 30 अगस्त को सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। 31 अगस्त को समारोह का समापन होगा। महाविद्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं फोटो आदि के संकलन के लिए सूचना वैज्ञानिक डॉ. नरोत्तम मिश्र को अधिकृत किया गया है। वहीं अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. पुरेन्द्र वारिक सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों को कार्यक्रम की सूचना देंगे। समारोह समिति के संरक्षक कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय, अध्यक्ष प्रो. पुरेन्द्र वारिक, संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार तथा निवेदक कुलसचिव डॉ. दिनेश झा बनाए गए हैं। आयोजन समिति में डॉ. एल. सविता आर्या, डॉ. श्याम सुन्दर ठाकुर, डॉ. रामसेवक झा, डॉ. वरुण कुमार झा एवं डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र को शामिल किया गया है। बैठक में कुलसचिव, अध्यक्ष छात्र कल्याण, सीसीडीसी, कुलानुशासक, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वित्त पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न पदाधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में संस्कृत सप्ताह को भव्य एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# एमएलएसएम कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों पर रखे विचार

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। एमएलएसएम महाविद्यालय, दरभंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में युवा नेतृत्व, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का भविष्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के हिंदी, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान एवं मनोविज्ञान विभागों के दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि युवा किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग एवं जवाबदेह बनना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि जागरूक, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों से सुनिश्चित होती है। युवाओं को संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर समाज में समानता, सद्भाव और न्याय की स्थापना में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। निर्णायक मंडल में डॉ. नंदकिशोर झा, डॉ. अंजीत कुमार चौधरी, डॉ. अंजू नारायण, डॉ. कुमुद कुमारी, डॉ. नूर सबा एवं डॉ. रंजन कुमार शामिल रहे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-बोध, अभिव्यक्ति, तार्किकता, प्रस्तुतीकरण और भाषण-कौशल के आधार पर किया गया।हिंदी विभाग की छात्रा अनुपमा पंडित ने प्रथम, राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा निधि कुमारी ने द्वितीय तथा अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की रूबी कुमारी, निशांत कुमार, नूर सबा, भवानी कुमारी, कोमल कुमारी, रिमझिम कुमारी एवं क्षेमा कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्वाला चंद्र चौधरी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार साफी ने किया। परीक्षा नियंत्रक एवं वरीय शिक्षक डॉ. नंदकिशोर झा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति, तर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को चयनित छात्र-छात्राओं सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली रैली



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विभूतिपुर में ह्यहर घर तिरंगाह्ण कार्यक्रम के तहत एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आम लोगों को राष्ट्रध्वज के प्रति जागरूक किया गया रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में राष्ट्रध्वज तिरंगे के प्रति श्रद्धा, विश्वास और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना था। इस गौरवमयी रैली में बीएचएम अनिल कुमार, स्थापना लिपिक मृत्युंजय कुमार, लिपिक संजीव झा, कोल्ड चेन हैंडलर विनोद कुमार दास, बीसीएम रंजना कुमारी सहित अस्पताल के सभी चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम और कार्यालय स्टाफ शामिल हुए। हाथों में तिरंगा थामे स्वास्थ्य कर्मियों ने गगनभेदी नारों के साथ आस-पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।मौके पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक तिरंगे के सम्मान में यह रैली निकाली गई है। उन्होंने सभी आम जनों से इस राष्ट्रीय उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

# हर हाथ तिरंगा, हर दिल देश के नाम के संदेश के साथ अंटौर से निकली भव्य तिरंगा यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



अलीनगर(दरभंगा)। राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी दरभंगा पूर्वी जिला के तत्वावधान में बुधवार को अलीनगर विधानसभा अंतर्गत अंटौर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ह्यहर हाथ तिरंगा, हर दिल देश के नामह्ण के संदेश के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बाबा पंचलाल महादेव मंदिर, अंटौर से हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ निकली यात्रा बेनीपुर होते हुए आशापुर टावर पहुंची। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता एवं अजय शेखर विशेष रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा अब केवल एक कार्यक्रम नहीं रह गया है, बल्कि यह देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का जन-अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिली है। आज हर वर्ग का नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमें अपने कर्तव्यों का स्मरण कराते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति सम्मान, समर्पण और गौरव का प्रतीक है। जिला भाजपा अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवाओं एवं आम नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने तथा देश के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य का भाव जागृत करने का प्रयास किया गया है। जिला भाजपा महामंत्री संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ण ने कहा कि ह्यहर हाथ तिरंगा, हर दिल देश के नामह्ण के संदेश के साथ निकली यह यात्रा देश के प्रति सम्मान, समर्पण और गौरव की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगे की आन, बान और शान के लिए देश के वीर जवानों एवं स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। आज हमारी जिम्मेदारी है कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्र की एकता के संकल्प को आगे बढ़ाएं। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने में सहभागी सभी कार्यकताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री शत्रुघ्न सहनी,सुधा देवी,सरिता देवी,ममता देवी,संतोष झा,सोनू ठाकुर,नीरज कर्ण,लाल मुखिया,ब्रजेश झा,सुधीर सिंह,चंदन ठाकुर ,रणधीर सिंह,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज चौधरी,तृप्ति यादव आदि हजारों के संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रखंड कार्यालय पर खेग्रामस का 24 घंटे का सत्याग्रह-अनशन शुरू

प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। खेत मजदूर सभा एवं ग्रामीण मजदूर सभा के राज्यव्यापी आह्वान पर गुरुवार को विभूतिपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष गरीबों और मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर 24 घंटे का सत्याग्रह-अनशन शुरू हो गया। दोपहर 1 बजे से संगठन के संयोजक वीरेंद्र राम, कपिल कुमार महतो, बैजनाथ महतो और मेघन भगत सामूहिक रूप से उपवास पर बैठ गए हैं। यह अनशन भूमिहीन परिवार को वासगीत पर्चा निर्गत करने, आवास योजना की सूची प्रकाशित करने, नया राशन कार्ड देने, राशन कार्ड में नाम कटौती बंद करने, जीबीजी रामजी योजना के तहत मजदूरों का रजिस्ट्रेशन का जॉब कार्ड देने, प्रवासी मजदूरों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, संगठित कामगार, शिल्पकार योजना के तहत अनुदान देने की प्रक्रिया ऑनलाइन की व्यवस्था करने, होल्डिंग टैक्स नीति वापस लेने, आदि प्रस्तावित मांग को लेकर शुरू हुई। मौके पर वीरेंद्र राम की अध्यक्षता में एक सभा हुई। सभा को ललन कुमार, अजय कुमार, नंदकुमार, रामप्रवेश साहू, बैजनाथ महतो आदि ने संबोधित किया।

## सीएम साइंस कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। सीएम साइंस कॉलेज में गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत और स्वतंत्रता का नया आयाम विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, स्वतंत्र चिंतन, अभिव्यक्ति-कौशल, आत्मबोध एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। प्रतियोगिता में करीब 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचनाओं का संग्रह करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, विवेक और स्वतंत्र चिंतन विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों में प्रश्न करने की प्रवृत्ति विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि निरंतर सीखने के साथ अनुपयोगी धारणाओं से आगे बढ़ना भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मैं कर सकता हूं की भावना के साथ अपनी अंतर्निहित प्रतिभा पहचानकर उसे विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समन्वयक डॉ. दिनेश प्रसाद साह ने किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक या औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार, ज्ञान, कौशल, निर्णय एवं व्यक्तित्व के स्तर पर आत्मनिर्भर होना भी इसका हिस्सा है। संचालन करते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. युगेश्वर साह ने प्रभावी संप्रेषण को व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण कुंजी बताया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सत्येंद्र कुमार झा ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास एवं व्यापक पठन के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अभय सिंह, डॉ. विश्वदीपक त्रिपाठी एवं डॉ. ऋचा कुमारी शामिल रहे। प्रतिभागियों ने आत्मनिर्भर भारत, युवा शक्ति, शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार एवं स्वतंत्र चिंतन पर विचार रखे। सभी प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

## छोटे से गांव से राष्ट्रीय मंच तक: सहयाद्रि चैनल के जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण होंगे साहित्यकार ईश्वर करुण

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर / मोहिउद्दीननगर। दूरदर्शन के प्रतिष्ठित सहयाद्रि चैनल (मुंबई) द्वारा आयोजित आगामी जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम में देश के चर्चित साहित्यकार *ईश्वर करुण* मुख्य आकर्षण होंगे। मुंबई महानगर स्थित राष्ट्रीय चैनल के इस प्रतिष्ठित मंच पर उनकी उपस्थिति उनके अद्वितीय साहित्यिक योगदान को रेखांकित करती है और यह क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर जैसे छोटे से गांव से निकलकर मुंबई दूरदर्शन के राष्ट्रीय पटल तक का ईश्वर करुण का यह सफर न केवल बेहद रोमांचक रहा है, बल्कि उनकी विलक्षण प्रतिभा का राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत स्वीकार्यीकरण भी है।

*संघर्ष और उपलब्धियों भरा सफर

प्रारंभिक शिक्षा व यात्रा:श्री ईश्वर करुण का जन्म मोहिउद्दीननगर में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मोहिउद्दीननगर उच्च विद्यालय से हुई, जिसके बाद उन्होंने मुजफ्फरपुर और दरभंगा से उच्च शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने दक्षिण भारत का रुख किया, जहाँ से धीरे-धीरे हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उनकी पहचान व्यापक होती चली गई। *ब्रॉडकास्टिंग का लंबा अनुभव:* मुंबई दूरदर्शन तक पहुँचने से पूर्व ईश्वर करुण *पटना दूरदर्शन, मुजफ्फरपुर दूरदर्शन, चेन्नई दूरदर्शन* और *दिल्ली आकाशवाणी* जैसे प्रमुख राष्ट्रीय प्रसारण संस्थानों से भी जुड़ चुके हैं। *विरासत का असर:* ईश्वर करुण के पिता, *स्वर्गीय पंडित हृदय नारायण झा*, मोहिउद्दीननगर उच्च विद्यालय के संस्थापक शिक्षक थे और क्षेत्र के पहले संस्कृत आचार्य के रूप में आदरणीय थे। पिता के इन्हीं संस्कारों और ज्ञान की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए ईश्वर करुण ने आज देश के प्रमुख साहित्यकारों में अपना नाम दर्ज कराया है। मोहिउद्दीननगर के एक साधारण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय चैनल मुंबई दूरदर्शन के जश्न-ए-आजादी जैसे बड़े मंच तक पहुँचना पूरे क्षेत्र और राज्य के लिए गर्व की बात है।

## छात्र-छात्राओं के बीच नि :शुल्क टाई, बेल्ट और आयकार्ड वितरित



विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर में विद्यालय के प्रधान का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क टाई, बेल्ट, और आयकार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल समन्वयक अविनाश कुमार ने बताया कि प्रधान शिक्षक रणवीर कुमार का 1 वर्ष का कार्यकाल विद्यालय के हर क्षेत्र में विकास किया है। बच्चों की उपस्थिति से लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यालय की भौतिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ठाकुर ने प्रधान शिक्षक रणवीर कुमार की क्रियाकलापों एवं विद्यालय में हुए परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक विजय कुमार विनय, प्रहलाद ठाकुर, संगीता कुमारी एवं पोषक क्षेत्र के दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## मिथिला मखाना के वैश्विक विस्तार में डॉ. एसएन झा की भूमिका ऐतिहासिक : डॉ. मनोज कुमार



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में मखाना में यांत्रिकीकरण की विकास यात्रा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मखाना के वैज्ञानिक विकास, यांत्रिकीकरण, वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं सेमिनार प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मखाना के वैज्ञानिक विकास, मशीनीकृत प्रसंस्करण तथा किसानों की श्रमसाध्यता कम करने में अनेक वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने डॉ. एस.एन. झा के योगदान को ऐतिहासिक बताते हुए उन्हें ह्यमखाना क्रांति के जनकह्ण के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. झा के दूरदर्शी प्रयासों ने मिथिला की पारंपरिक फसल मखाना को वैश्विक सुपरफूड के रूप में स्थापित करने की आधारभूमि तैयार की। मिथिला मखाना को जीआई टैग दिलाने की पहल तथा एच.एस.एन. कोड के निर्धारण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आई.एस. सिंह ने मखाना पॉपिंग मशीन के विकास में डॉ. झा की अग्रणी भूमिका तथा मखाना अनुसंधान केंद्र को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने में उनके योगदान को रेखांकित किया। ई. आर.के. राउत ने कहा कि आगामी दो वर्षों में पूर्णतः स्वचालित मखाना प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन इकाई विकसित करने का लक्ष्य है। डॉ. धर्मेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. झा को नई पीढ़ी के वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 14 अगस्त, 2026



# मुजफ्फरपुर में तीन जीविका दीदी की रसोई का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।आज मुजफ्फरपुर जिले में तीन दीदी की रसोई (राम जानकी मंदिर, कम्बाईंड बिल्डिंग और अप्पू घर समाहरणालय परिसर ) का शुभारंभ जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा , अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी आनंद उत्सव और एमडीएम संजय सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रियव्रत रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी लोकेश कुमार उपस्थित रहें ।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जीविका दीदी की रसोई के शुरू होने से समाहरणालय के पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आम लोगों को स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन किफायती दर पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। विदित हो की जिले में कुल 12 दीदी की रसोई का संचालन जीविका द्वारा किया जा रहा है। जिसके माध्यम से 300 से ज्यादा दीदियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।आज सबसे पहले राम जानकी मंदिर के पास दीदी की रसोई कैफेटेरिया का शुभारंभ जिला पदाधिकारी ने किया। इस अवसर पर दीप माला संकुल स्तरीय संघ की दीदियों ने सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने सभी दीदियों के साथ दीदी की रसोई का केक भी काटा। दूसरी दीदी की रसोई की शुरुआत संयुक्त भवन में की गई,जहां पर लोगों के लिए खाना नाश्ता दोनों की व्यवस्था होगी। संयुक्त भवन में प्रतिदिन सरकारी कार्य से आने वाले आम जनता के लिए भी सशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। वही समाहरणालय सभा कक्ष के निकट अप्पू पार्क में विधिवत बच्चों के खेलने के लिए झूला और अन्य तरह के जिमनास्टिक सुविधाओं का भी शुभारंभ आज जिलाधिकारी ने किया। इसी कैंपस में जीविका दीदी की रसोई का भी आज शुभारम्भ कर संचालन किया गया है। दीदी की रसोई सदर अस्पताल, मेडिकल कालेज और अन्य अनुसूचित जाति आवासीय स्कूलों में संचालित हो रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान में शिथिलता बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिला पदाधिकारी द्वारा बुधवार को फार्मर रजिस्ट्री अभियान में प्रगति की समीक्षा की गई तथा अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। पदाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी का कार्य मिशन मोड में सम्पन्न करने का निर्देश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों, जिला कृषि पदाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं उप विकास आयुक्त को क्षेत्रीय अधिकारियों के माध्यम से किसान बंधुओं के बीच सघन जन-जागरूकता अभियान चलाकर एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने सहित विशेष शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी 373 पंचायतों में विशेष अभियान के तहत शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप कैम्प में भाग लेकर फार्मर आईडी बनवाएँ एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का पारदर्शी एवं सुचारू रूप से लाभ उठाएँ।

# पहली बार हुआ अंतरराज्यीय कुश्ती महादंगल आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सकरा की धरती पर पहली बार अंतरराज्यीय कुश्ती महादंगल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपनी प्रतिभा और दमखम का का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान गाजीपुर, उत्तर प्रदेश के अंतरराज्यीय कुश्ती संचालक शेरू पहलवान एवं बाजी बुजुर्ग कुश्ती महादंगल कमेटी के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सकरा में आयोजित इस महादंगल ने खेल प्रेमियों और कुश्ती के प्रशंसकों के बीच खासा उत्साह का माहौल बनाया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ जुटी रही ।लोगों ने कुश्ती प्रतियोगिता का खूब लुत्फ उठाया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की चेतावनी

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर श्री कुमार गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को टीबी मुक्त भारत अभियान में प्रगति एवं इससे संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीबी मरीजों की पहचान, उपचार, पोषण सहायता, निक्षय पोषण योजना के तहत भुगतान तथा संबंधित पोर्टल पर आवश्यक प्रक्रियाओं की प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा की गई। प्रखंडवार समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने पाया कि निक्षय पोषण योजना के तहत लाभुकों को भुगतान करने के कार्य में कई प्रखंडों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इन प्रखंडों में प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सख़्त नाराजगी व्यक्त की। भुगतान में शिथिलता बरतने वाले ब्लॉक एकाउंट मैनेजर एवं भुगतान आईडी सृजन में लापरवाही बरतने वाले सभी एसटीएस का वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया। ज़िलाधिकारी ने इन अधिकारियों को स्थिति में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि टीबी मरीजों को सरकार द्वारा निर्धारित पोषण सहायता का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आभासी पटल पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित

मुजफ्फरपुर ।सामाजिक संगठन प्रयत्न के द्वारा आभासी पटल पर एक भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में पूरे देश से आए कविवरों ने अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री देवेंद्र कुमार ने की।अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं कवियों को स्म्रति चिन्ह आभासी पटल पर दे कर सम्मानित प्रयत्न के संस्थापक प्रभात कुमार ने किया। कवि सम्मेलन में अशोक कुमार गौतम - भोपाल ।झारखंड से रचना झा, इति कुमारी, रोहित शेखर खवारे, सोनम झा, रीना सिंह बिहार से ॠतुराज राज, डॉ. सिंधु कुमारी, डॉ. संगीता सहाय, अरुण कुमार, विवेक मंडल, विनय कुमार प्रशांत, राजेश कुमार चौधरी, अमर्त्य कुमार ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर आशा सारण, रोहित कुमार, शालिनी रंजन, अमित चंद्र चौधरी, मोहम्मद फजलुद्दीन आलम, दीपक कुमार, कुमारी हेना, विवेक कुमार सिंह, अंशुमान जायसवाल, श्रीधर कुमार, अलका शर्मा, राधा सिंह, संजय प्रधान, अंकित प्रकाश, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

# अवैध जुआ-सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से जुआ-सट्टा खेलने और संचालित करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 12 अगस्त को गुप्त सूचना के आधार पर सरैया थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के वसंतपुरपट्टी स्थित एक बगीचे में छापेमारी कर जुआ खेलते और इसके संचालन में संलिप्त सात आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों के पास से जुआ खेलने की सामग्री के अलावा 29 हजार रुपये नकद, सात मोबाइल फोन, दो बंडल ताश और सात मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नंदलाल सहनी, उमेश राय, रंधीर कुमार, गोबिन्द कुमार और चुन्नु राम, सभी सरैया थाना क्षेत्र निवासी, तथा गुन्जेश कुमार और उमाशंकर सहनी, दोनों पारू थाना क्षेत्र निवासी, के रूप में हुई है। बरामद सात मोटरसाइकिलों में सरैया थाना में कार्यरत एक चौकीदार की मोटरसाइकिल भी शामिल है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में चौकीदार की भी मामले में संलिप्तता सामने आई है। पुलिस के अनुसार, इस कृत्य को लेकर चौकीदार के निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। मामले में सरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# हर घर तिरंगा अभियान को 17 अगस्त तक सफलतापूर्वक संपन्न करें : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने तथा अधिकतम जन-भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनसहभागिता का महाअभियान है, जिसे जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करना, अधिकाधिक घरों एवं संस्थानों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराना, जनभागीदारी को बढ़ावा देना, ह्यवंदे मातरम्ह्न के 150वें वर्ष का व्यापक आयोजन करना तथा फ्लैग कोड के नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत एवं वार्ड स्तर तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा प्रत्येक नागरिक को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाए। आईसीडीएस के माध्यम से भी आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि अभियान गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचे।

# मुजफ्फरपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्य तैयारी पूरी

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले में जिला स्तर से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक समारोह अत्यंत धूमधाम, उल्लास एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले का मुख्य राजकीय समारोह मुजफ्फरपुर स्थित ऐतिहासिक पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, सिकंदरपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग सह जिला प्रभारी मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र द्वारा सिकंदरपुर स्टेडियम में आयोजित अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों की तैयारी का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि समारोह की गरिमा, अनुशासन एवं प्रोटोकॉल का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए।परेड में बीएसएपी, डीएपी, होमगार्ड (पुरुष), फायर ब्रिगेड, सैप, होमगार्ड बैंड, मद्य निषेध विभाग, एनसीसी तथा स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियाँ शामिल रहेंगी। अधिकारियों द्वारा सभी टुकड़ियों को मार्च पास्ट को समन्वय, अनुशासन एवं एकरूपता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी ने डीएसपी ट्रैफिक को निर्देश दिया है कि यातायात की सुचारू एवं सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती करने तथा उनके दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि स्टेडियम परिसर में मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही मैदान की साफ-सफाई, रंग-रोगन, मंच की सजावट, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने की श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर कुमार गौरव ने कहा है कि श्रावणी मेला का आयोजन पूर्णतः सुविधापूर्ण एवं होना चाहिए। वे उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा-व्यवस्था एवं सुचारू यातायात-प्रबंधन के लिए सभी पदाधिकारी सजग, सक्रिय एवं तत्पर रहें। वे बुधवार को मेला के आयोजन हेतु समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला का सफल आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रथम एवं द्वितीय सोमवार को सभी पदाधिकारियों ने अच्छा कार्य किया है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। आगे भी सभी अधिकारियों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहकर दिए गए निदेशों के अनुसार कार्य करने की आवश्यकता है। तृतीय सोमवार को काफी भीड़ रहेगी। डाक बम की संख्या भी अधिक हो सकती है। अतः भीड़ नियंत्रण के मानको का अक्षरशः अनुपालन अनिवार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने कर्तव्य स्थलों पर मुस्तैद रहें एवं सजग तथा सक्रिय होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर से सरैयागंज टावर तक विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जन सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। श्रद्धालुओं का मार्ग पूरी तरह अवरोध-मुक्त रहना चाहिए। ट्रैफिक प्लान का अक्षरशः अनुपालन करें। पार्किंग स्थल से इतर गाड़ी नहीं रहनी चाहिए। श्रद्धालुओं के रास्ते में कोई भी अनधिकृत वेण्डर या दुकान नहीं रहना चाहिए। इसका उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दोषी अधिकारियों के विरूद्ध भी जिम्मेदारी निर्धारित कर अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# पटियासा में इथेनॉल लदे टैंकर से तेज रिसाव, फायर ब्रिगेड ने टाला बड़ा हादसा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । अहियापुर थाना क्षेत्र के गरहा ओपी अंतर्गत पटियासा के पास बुधवार देर रात इथेनॉल लदे टैंकर से अचानक तेज रिसाव शुरू हो गया। देखते ही देखते बड़ी मात्रा में ज्वलनशील इथेनॉल सड़क पर फैलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सुरक्षा के मद्देनजर दरभंगा फोरलेन पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। फायर ब्रिगेड और पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। पटियासा में घनी आबादी होने के कारण इथेनॉल रिसाव की सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल एहतियाती कदम उठाए। टैंकर के आगे और पीछे करीब 200 मीटर का इलाका खाली करा दिया गया। वाहनों की आवाजाही रोकने के साथ ही आसपास किसी भी तरह की चिंगारी या आग की संभावना को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और फोम टेंडर के जरिए रिसाव वाले स्थान पर लगातार फोम और पानी का छिड़काव किया। इथेनॉल बेहद ज्वलनशील होने के कारण अग्निशमन कर्मियों ने काफी सावधानी के साथ स्थिति को नियंत्रित किया। मौके पर गरहा और बोचहां थाने की पुलिस दल-बल के साथ तैनात रही। फायर ब्रिगेड के 10 जवान और दो अधिकारी देर रात तक मौके पर डटे रहे। घनी आबादी से टैंकर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए उसे धीरे-धीरे बोचहां की ओर ले जाया गया। अधिकारियों की कोशिश थी कि टैंकर को आबादी से दूर सुनसान स्थान पर खड़ा कर रिसाव को पूरी तरह नियंत्रित किया जाए। पूछताछ में टैंकर चालक ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से इथेनॉल लेकर असम के नुमालीगढ़ जा रहा था। टैंकर में दो चेंबर थे और प्रत्येक चेंबर में सात हजार लीटर इथेनॉल भरा था। इस तरह टैंकर में कुल 14 हजार लीटर ज्वलनशील इथेनॉल भरा हुआ था।

# एमआईटी मुजफ्फरपुर के छात्रों के एआई आधारित नवाचारों को मिली बड़ी सफलता

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र रौनित और सिविल इंजीनियरिंग विभाग की चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा जिशु कुमारी सिन्हा कृषि एवं ऊर्जा संरक्षण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दो अभिनव परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। इन परियोजनाओं को आईआईटी पटना के प्री-इन्क्यूबेशन कार्यक्रम और पीएम-आरकेभीवाई के तहत कुल 6 लाख की वित्तीय सहायता के लिए चयनित किया गया है। परियोजना के तहत जंगली जानवरों और पक्षियों की पहचान, खेत में आग लगने पर रियल-टाइम अलर्ट, स्मार्ट सिंचाई, मिट्टी एवं वर्षा के आंकड़ों के आधार पर उपयुक्त फसल की अनुशंसा और फसल कटाई के उचित समय का पूर्वानुमान जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। किसानों के लिए एकीकृत डैशबोर्ड और मोबाइल एप के माध्यम से खेत की निगरानी की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। इस परियोजना में रौनित और जिशु कुमारी सिन्हा टीम सदस्य हैं। इसका मार्गदर्शन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. अंकित कुमार सिंह और प्रो. फैज अहमद कर रहे हैं।

# सशक्त स्थायी समिति की बैठक, 6 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

मुजफ्फरपुर। नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 12 अगस्त 2026 को महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के विकास, सफाई व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं और सौंदर्यीकरण से जुड़े छह प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में जुब्बा सहनी पार्क के पास निमार्णाधीन ऑडिटोरियम भवन के डीपीआर में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। इसके लिए नगर आयुक्त को उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में विशेष कमेटी गठित करने का आदेश दिया गया है। शहर के सभी पार्कों और पुस्तकालयों में लीव रोटेशन रोस्टर लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत अब पार्क और पुस्तकालय सप्ताह के सातों दिन आम लोगों के लिए खुले रहेंगे। शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अल्ट्रा मॉडर्न डंपिंग स्टेशन सह ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण की दिशा में तेजी से जगह चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जुब्बा सहनी पार्क स्थित कैंटीन के पुनः ऑक्शन के लिए बेस प्राइस संशोधित कर 10 हजार रुपये निर्धारित किया गया। इस प्रस्ताव पर भी समिति ने अपनी मंजूरी दे दी। चक्कर चौक रोड में हाल में हुई घटना को लेकर महापौर ने कड़ा रुख अपनाया। नगर आयुक्त को मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और निगम की जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया गया। महापौर ने कहा कि निगम की लापरवाही के कारण आम लोगों को परेशानी क्यों उठानी पड़ी, इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण की दिशा में रामबाग चौक और नीम चौक के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में लिए गए इन निर्णयों से शहर की नागरिक सुविधाओं, सफाई व्यवस्था और सौंदर्यीकरण को गति मिलने की उम्मीद है।

# 33 हजार वोल्ट का जर्जर बिजली पोल हादसे को दे रहा दावत, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

मुजफ्फरपुर । बरुराज थाना क्षेत्र स्थित बनकट चौक पर 33 हजार वोल्ट का जर्जर और खतरनाक बिजली पोल लोगों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोल की स्थिति बेहद खराब है और कभी भी गिरकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। बताया गया है कि बनकट चौक पर हाईटेंशन बिजली लाइन का यह पोल लंबे समय से जर्जर हालत में है। पोल के आसपास लोगों और वाहनों की आवाजाही भी होती है, ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका से स्थानीय लोग चिंतित हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार मोतीपुर एसडीओ और मुजफ्फरपुर बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर समेत संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक पोल को दुरुस्त करने या बदलने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण खतरा लगातार बना हुआ है। यदि समय रहते जर्जर पोल को नहीं बदला गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# मुजफ्फरपुर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़,कुख्यात उत्तम राय फरार

मुजफ्फरपुर ।जिले के जजुआर थाना क्षेत्र में पुलिस और कई जिलों के वांछित कुख्यात अपराधी उत्तम राय का आमना-सामना हुआ। खुद को घिरता देख अपराधी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए मौके से फरार हो गया।मुठभेड़ के दौरान खुद को घिरता देख अपराधी उत्तम राय ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए वह मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार उत्तम राय एक शातिर और कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ मुजफ्फरपुर सहित राज्य के कई अन्य जिलों में हत्या, रंगदारी और लूट जैसे दर्जनों संगीन मामले दर्ज हैं।मुठभेड़ और पुलिस टीम पर फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

# ओपन जिम का जिलाधिकारी ने किया विधिवत उद्घाटन

मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल विभाग द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित अप्पू पार्क में स्थापित ओपन जिम का आज जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री निशांत सिहारा, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। ओपन जिम की स्थापना का उद्देश्य शहरवासियों, खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों को नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। इस ओपन जिम का निःशुल्क उपयोग शहर के खिलाड़ी, आम नागरिक एवं समाहरणालय के पदाधिकारी-कर्मी कर सकेंगे तथा नियमित व्यायाम के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। साथ-साथ स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ओपन जिम के माध्यम से युवाओं और खिलाड़ियों को अपने स्वास्थ्य एवं शारीरिक क्षमता को बेहतर बनाने के लिए एक सुलभ सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध हुई है।

# कल्याण वाटिका निर्माण का शुभारंभ, प्रकृति संरक्षण के सामूहिक संकल्प को मिली नई दिशा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। वसुधा कल्याण आश्रम परिवार की ओर से कल्याण वाटिका निर्माण के शुभारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आश्रम परिवार के स्वयंसेवकों एवं कार्यकताओं ने सेवा, समर्पण और संघभाव के साथ प्रकृति संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश कुमार रहे, जबकि अध्यक्षता रामदयालु सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शशिभूषण कुमार ने की। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ महाविद्यालय परिवार के सदस्यों की भी सहभागिता रही। वसुधा कल्याण आश्रम के प्रतिष्ठाता आचार्य पावन महाराज ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आश्रम परिवार के सभी स्वयंसेवकों एवं कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, सीआरपीएफ के अधिकारियों और महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति के प्रति श्रद्धा, समर्पण और संरक्षण का सामूहिक संकल्प समाज को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई प्रेरणा देगा।

# खुदीराम बोस पार्क में सीआरपीएफ जवानों ने किया शानदार बैंड प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर । खुदीराम बोस पार्क में सीआरपीएफ के वीर जवानों द्वारा शानदार बैंड प्रदर्शन किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम और गौरव की भावना से भर दिया। बैंड की प्रस्तुति देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सीआरपीएफ के कमांडेंट को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित वीर जवानों के साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। इसी क्रम में शुक्रवार को को सुबह 10 बजे लंगट सिंह महाविद्यालय में सीआरपीएफ के वीर जवानों द्वारा बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। नगरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर जवानों का उत्साह बढ़ाने की अपील की गई है। आयोजकों ने शहरवासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर तालियों और उत्साह के माध्यम से देश की सुरक्षा में समर्पित वीर जवानों का मनोबल बढ़ाएं। कार्यक्रम का उद्देश्य वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है।

# भाकपा माले सदस्य शिवजी चौधरी का निधन

मुजफ्फरपुर। बंदरा प्रखंड क्षेत्र के सिमरा पंचायत निवासी भाकपा माले के पूर्ण पार्टी सदस्य शिवजी चौधरी( 60 वर्ष) का निधन बुधवार को 12 बजे रात में एसकेएमसीएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की समाचार मिलते ही भाकपा माले कार्यकताओं में शोक की। लहर दौर गई । भाकपा माले कार्यकताओं एवं आसपास के ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित कि। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव रामबली मेहता , जिला कमिटी सदस्य सह नूनफरा पंचायत सचिव संजय कुमार दास, प्रखंड कमिटी सदस्य अजीत कुमार, शत्रुध्न महतो, कमलेश कुमार निराला, संतोष चौधरी , संजय चौधरी, अशोक राम , अर्जुन राम, प्रगास राम, महिला नेत्री , चिंता कुमारी, चंद्रकला देवी, रेणु देवी सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे ।

# रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता आयोजित

मुजफ्फरपुर ।जिला स्कूल में आज रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया ' उपरोक्त प्रतियोगिता में 50 उच्च माध्यमिक विद्यालय के 100 प्रतिभागी भाग लिये ' प्रतियोगिता में डीएभी के छात्र प्रथम एवं सरस्वती विद्या निकेतन मोतीपुर के छात्र द्वितीय एवं हरि सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय कांटी के छात्र तृतीय स्थान पर रहे ' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे डी ए वी के छात्र का चयन स्टेट लेवल प्रतियोगिता के लिए किया गया जो 31अगस्त को पटना में होनेवाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे ' पुरस्कार वितरण जिला संचारी रोग पदाधिकारी मुजफ्फरपुर डॉ सी के दास द्वारा किया गया ' उपरोक्त प्रतियोगिता में जिला पर्यवेक्षक एड्स प्रोग्राम जय प्रकाश सिंह एवं जिला स्कूल मुजफ्फरपुर के प्राचार्य उपस्थित रहें।

## लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत और इतिहास का जीवंत दस्तावेज है एक अनोखी दास्तान

उमेश कुमार सिंह

लखनऊ। वरिष्ठ लेखक लव भार्गव की पुस्तक एक अनोखी दास्तान केवल एक आत्मकथा नहीं, बल्कि इतिहास, विरासत, संघर्ष, संस्कृति और आत्मअन्वेषण का ऐसा जीवंत दस्तावेज है, जिसमें एक व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ बदलते भारतीय समाज और समय की भी तस्वीर दिखाई देती है। पुस्तक की शुरुआत लेखक के गौरवशाली पारिवारिक इतिहास से होती है। महान प्रकाशक मुंशी नवल किशोर की विरासत से जुड़े परिवार की कहानी भारतीय प्रकाशन जगत के स्वर्णिम इतिहास से पाठकों को परिचित कराती है। नवल किशोर प्रेस की स्थापना, भारतीय भाषाओं में महत्वपूर्ण ग्रंथों के प्रकाशन तथा साहित्यिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख पुस्तक को ऐतिहासिक महत्व प्रदान करता है। बचपन की फुसफुसाहटें अध्याय में लखनऊ की तहजीब, पारिवारिक वातावरण, विशाल हवेली, पुराने नौकरों, ऐतिहासिक प्रिंटिंग प्रेस, स्कूल जीवन, पारिवारिक संबंधों और बचपन की भावनात्मक स्मृतियों का अत्यंत आत्मीय चित्रण किया गया है। लेखक की सहज शैली पाठक को उनके बचपन के दौर में ले जाती है और पारिवारिक जीवन की खुशियों, तनावों, अनुशासन तथा संघर्षों से रूबरू कराती है। पुस्तक में लखनऊ स्वयं एक महत्वपूर्ण पात्र की तरह उपस्थित दिखाई देता है। नवाबी विरासत, गंगा-जमुनी संस्कृति, खानपान, साहित्य, स्थापत्य और सामाजिक जीवन के माध्यम से लेखक ने शहर की उस सांस्कृतिक पहचान को सामने रखा है, जिसने देशभर में लखनऊ को विशिष्ट स्थान दिलाया। विभिन्न इतिहासकारों और लेखकों के संदर्भ पुस्तक के ऐतिहासिक पक्ष को और मजबूत करते हैं। जवानी की गर्मी में लेखक के संघर्षशील और प्रयोगधर्मी व्यक्तित्व का विस्तार दिखाई देता है। फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) में चयन तथा फिल्म, संगीत और कला जगत की अनेक प्रसिद्ध हस्तियों से जुड़े संस्मरण पुस्तक को विशेष रूप से रोचक बनाते हैं। यश चोपड़ा, रोमेश शर्मा, दुर्गा खोटे, शंकर-जयकिशन, मोहम्मद रफी, दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, बेगम अख्तर, अनूप जलोटा, वैजयंतीमाला और पद्मा सुब्रह्मण्यम जैसी विभूतियों से संबंधित प्रसंग पाठकों को उस दौर की सांस्कृतिक दुनिया की झलक देते हैं। डायमंड पॉकेट बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक एक अनोखी दास्तान का दायरा साहित्य और फिल्म जगत से कहीं आगे तक जाता है। राजनीति, उद्योग, व्यापार, सामाजिक सेवा, चिकित्सा, विदेश यात्राओं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़े अनुभव भी इसमें शामिल हैं। लौह अयस्क व्यापार, मध्य अफ्रीकी गणराज्य से जुड़े कूटनीतिक प्रयास, स्वास्थ्य क्षेत्र में लैप्रोस्कोपी कार्यक्रम तथा विभिन्न व्यावसायिक प्रयोगों की सफलता और असफलताओं को लेखक ने आत्मस्वीकृति के साथ प्रस्तुत किया है। पुस्तक की एक बड़ी विशेषता इसकी भाषा और प्रस्तुति शैली है। सरल, सहज, प्रवाहपूर्ण और संवादात्मक भाषा पाठक को लगातार जोड़े रखती है। व्यक्तिगत संस्मरणों और ऐतिहासिक तथ्यों के बीच लेखक ने संतुलन स्थापित किया है। उनकी आत्मस्वीकृति इस कृति को विशिष्ट विश्वसनीयता प्रदान करती है, क्योंकि उन्होंने केवल उपलब्धियों को ही नहीं, बल्कि असफलताओं, आर्थिक चुनौतियों, पारिवारिक मतभेदों, अधूरे सपनों और भावनात्मक संघर्षों को भी खुलकर सामने रखा है। पुस्तक वर्तमान और भविष्य से भी संवाद करती है। शिक्षा, तकनीकी विकास, उद्यमिता, नई पीढ़ी और बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था पर लेखक के विचार इसे केवल अतीत की कहानी नहीं रहने देते, बल्कि समकालीन संदर्भों से जोड़ते हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर घटनाओं और व्यक्तियों का विवरण लंबा हो जाता है तथा अनेक नाम और प्रसंग सामान्य पाठक के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। कुछ अध्यायों का संपादन अधिक संक्षिप्त होता तो पुस्तक की गति और प्रभाव और बेहतर हो सकता था। फिर भी इसकी व्यापक सामग्री और ऐतिहासिक महत्व के सामने यह कमी गौण है। समीक्षक उमेश कुमार सिंह के अनुसार, एक अनोखी दास्तान एक व्यक्ति के जीवन की कथा से आगे बढ़कर भारतीय समाज, संस्कृति, प्रकाशन, राजनीति, फिल्म, व्यापार और बदलते समय का बहुआयामी दस्तावेज बन जाती है। इतिहास, संस्मरण, आत्मचिंतन और प्रेरणा का यह संगम पुस्तक को विशिष्ट बनाता है।

## पुरुषार्थ जगाएं, व्यसन त्यागें : सफलता और सुख का यही सच्चा मार्ग

**इसके विपरीत जब मनुष्य पुरुषार्थ छोड़कर आलस्य, निराशा और व्यसनों का सहारा लेने लगता है, तब उसकी क्षमताएं धीरे-धीरे क्षीण होने लगती हैं। इसलिए जीवन को सार्थक और सफल बनाने के लिए पुरुषार्थ जगाना तथा दुर्व्यसनों से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। दक्षिण अफ्रीका के एक प्रसंग से इसकी प्रेरणा मिलती है। वहां अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध आंदोलन चल रहा था। एक सत्याग्रही को जोहन्सबर्ग की जेल में बंद कर दिया गया। जेल में सभी कैदियों से काम कराया जाता था। अधिकांश कैदी किसी तरह अपना काम पूरा करते, लेकिन एक कैदी निर्धारित समय से पहले ही अपना कार्य पूरा कर लेता और बचे हुए समय में ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ता रहता। एक दिन जेल का निरीक्षण करने आए अंग्रेज गवर्नर ने उससे पूछा कि उसे कोई परेशानी तो नहीं है। उस कैदी ने कहा कि यहां पूरा काम नहीं मिलता। गवर्नर को आश्चर्य हुआ। उसने पूछा कि जब दूसरे कैदी काम से बचने का प्रयास करते हैं तो वह अधिक काम क्यों करना चाहता है। कैदी ने उत्तर दिया कि वह इसलिए अधिक काम करता है ताकि उसकी मेहनत करने की क्षमता नष्ट न हो जाए। यह साधारण-सा कैदी आगे चलकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम का महानायक बना। वह थे महात्मा गांधी।**






**कांतिलाल मांडोत**
लेखक

मनुष्य के जीवन की वास्तविक पहचान उसके पुरुषार्थ से होती है। परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि व्यक्ति के भीतर परिश्रम करने, संघर्ष करने और आगे बढ़ने का संकल्प है तो कठिन से कठिन रास्ता भी आसान हो जाता है। इसके विपरीत जब मनुष्य पुरुषार्थ छोड़कर आलस्य, निराशा और व्यसनों का सहारा लेने लगता है, तब उसकी क्षमताएं धीरे-धीरे क्षीण होने लगती हैं। इसलिए जीवन को सार्थक और सफल बनाने के लिए पुरुषार्थ जगाना तथा दुर्व्यसनों से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। दक्षिण अफ्रीका के एक प्रसंग से इसकी प्रेरणा मिलती है। वहां अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध आंदोलन चल रहा था। एक सत्याग्रही को जोहन्सबर्ग की जेल में बंद कर दिया गया। जेल में सभी कैदियों से काम कराया जाता था। अधिकांश कैदी किसी तरह अपना काम पूरा करते, लेकिन एक कैदी निर्धारित समय से पहले ही अपना कार्य पूरा कर लेता और बचे हुए समय में ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ता रहता। एक दिन जेल का निरीक्षण करने आए अंग्रेज गवर्नर ने उससे पूछा कि उसे कोई परेशानी तो नहीं है। उस कैदी ने कहा कि यहां पूरा काम नहीं मिलता। गवर्नर को आश्चर्य हुआ। उसने पूछा कि जब दूसरे कैदी काम से बचने का प्रयास करते हैं तो वह अधिक काम क्यों करना चाहता है। कैदी ने उत्तर दिया कि वह इसलिए अधिक काम करता है ताकि उसकी मेहनत करने की क्षमता नष्ट न हो जाए। यह साधारण-सा कैदी आगे चलकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम का महानायक बना। वह थे महात्मा गांधी। उनके जीवन का यह प्रसंग बताता है कि परिस्थितियां व्यक्ति को महान नहीं बनातीं, बल्कि परिस्थितियों के बीच किया गया पुरुषार्थ व्यक्ति को महान बनाता है। भारत की संस्कृति ने सदैव पुरुषार्थ को जीवन का आधार माना है। इस धरती पर अनेक महापुरुष हुए, जिन्होंने समाज को अहिंसा, सत्य, सर्वोदय और अनेकांत जैसे महान सिद्धांत दिए। आचार्य समन्तभद्र ने सदियों पहले सर्वोदय की कल्पना करते हुए सबके कल्याण और अभ्युदय की भावना प्रस्तुत की। भगवान महावीर ने भी समाज में समानता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उन्होंने जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव को चुनौती देते हुए धर्म का द्वार सभी के लिए खोलने की प्रेरणा दी। उनका संदेश स्पष्ट था कि मनुष्य अपने कर्म और पुरुषार्थ से अपने जीवन का निर्माण कर सकता है। पुरुषार्थ करने वाले व्यक्ति के लिए सफलता की राह खुलती जाती है। जीवन में अवसर सभी को मिलते हैं, लेकिन उनका लाभ वही उठा पाता है जो समय पर प्रयास करता है। एक छोटी-सी घटना इस बात को बहुत सरलता से समझाती है। सड़क पर बैलगाड़ी जा रही थी और कुछ बच्चे उसके साथ चल रहे थे। गाड़ी देखकर कुछ बच्चे दौड़कर उसमें चढ़ गए, जबकि कुछ पीछे रह गए। गाड़ीवान से पूछा गया कि कुछ बच्चे पीछे क्यों रह गए। उसने सहज उत्तर दिया कि जिनमें हिम्मत और पुरुषार्थ था, वे गाड़ी में चढ़ गए। यह प्रसंग जीवन का भी सत्य है। अवसर सामने आने पर जो व्यक्ति प्रयास करता है, वही आगे बढ़ता है। आज पुरुषार्थ की सबसे बड़ी आवश्यकता व्यसनों से बचने के लिए है। हमारे आसपास अनेक प्रकार के आकर्षण और बुरी आदतें मौजूद हैं। नशा और अन्य दुर्व्यसन व्यक्ति की सोच, समय, धन और कार्यक्षमता को प्रभावित करते हैं। व्यसन केवल व्यक्ति को ही नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करते हैं। एक व्यक्ति की बुरी आदत धीरे-धीरे पूरे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को प्रभावित कर सकती है। इसलिए व्यसन से दूर रहना भी अपने आप में एक बड़ा पुरुषार्थ है। समाज में व्यसन-मुक्ति के लिए अनेक अभियान चलाए जाते हैं। सरकार और सामाजिक संस्थाएं लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करती हैं। सभाएं होती हैं, जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया जाता है। लेकिन केवल अभियान चलाने से समस्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए परिवार, समाज और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। जिस व्यक्ति में स्वयं अनुशासन नहीं है, वह दूसरों को अनुशासन का संदेश प्रभावी ढंग से नहीं दे सकता। इसलिए व्यसन-मुक्त समाज की शुरूआत स्वयं से करनी होगी। व्यसन व्यक्ति की बुद्धि और विवेक को कमजोर कर देते हैं। एक प्रसिद्ध प्रसंग में एक व्यक्ति को यह अवसर दिया गया कि वह चार विकल्पों में से किसी एक को चुने। उसने आसान समझकर शराब का रास्ता चुना, लेकिन नशे के प्रभाव में उसके विवेक पर नियंत्रण नहीं रहा और एक गलत निर्णय दूसरे गलत निर्णय को जन्म देता चला गया। इस प्रसंग का संदेश यही है कि व्यसन अक्सर अकेला नहीं आता। एक बुरी आदत दूसरी बुरी आदत का रास्ता खोल सकती है और व्यक्ति धीरे-धीरे अपने विवेक तथा आत्मनियंत्रण को खो सकता है। इसीलिए व्यसन को केवल एक व्यक्तिगत आदत मानना पर्याप्त नहीं है। यह परिवार, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक वातावरण से जुड़ी समस्या है। जिस धन का उपयोग परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के निर्माण में होना चाहिए, वह व्यसनों में नष्ट हो सकता है। जिस समय का उपयोग ज्ञान, रोजगार और आत्मविकास में होना चाहिए, वह व्यर्थ चला जाता है। सबसे बड़ी क्षति यह होती है कि व्यक्ति के भीतर आगे बढ़ने की इच्छा और कार्यक्षमता कमजोर होने लगती है। जैन दर्शन मनुष्य को अपने जीवन का निमार्ता मानता है। भगवान महावीर ने आत्मबल, संयम और पुरुषार्थ का मार्ग दिखाया। उनका संदेश व्यक्ति को अंधानुकरण से निकालकर जागरूकता और आत्मप्रयास की ओर ले जाता है। जीवन में कुछ प्राप्त करना है तो स्वयं प्रयास करना होगा। केवल इच्छा करने से सफलता नहीं मिलती। जिस प्रकार दीपावली पर लक्ष्मी का पूजन करने के साथ व्यक्ति को अपने कर्म और परिश्रम से धन अर्जित करना पड़ता है, उसी प्रकार जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ आवश्यक है। पुरुषार्थ केवल धन कमाने तक सीमित नहीं है। ज्ञान प्राप्त करना भी पुरुषार्थ है,

## दिल्ली से रांची तक उठते सवाल - आंदोलन मुद्दे से तय होता है या सत्ता किसके हाथ में?

**स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर जेपी आंदोलन तक और विश्वविद्यालयों से लेकर सड़कों तक छात्र आंदोलनों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छात्र जब अपनी पढ़ाई, रोजगार, परीक्षा, फीस, छात्रवृत्ति, आरक्षण, संस्थागत सुविधाओं अथवा भविष्य से जुड़े सवालों को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो लोकतंत्र में उनकी आवाज को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। लेकिन सवाल तब पैदा होता है, जब छात्र आंदोलन का चेहरा छात्र होते हैं, मगर उसके पीछे की पटकथा किसी और की होती है। सवाल तब और गंभीर हो जाता है, जब एक ही प्रकार के आंदोलन को अलग-अलग राजनीतिक दल और विचारधाराएं सत्ता में अपनी स्थिति के अनुसार अलग-अलग नजरिए से देखने लगती हैं। आज हमारे सामने यही सबसे बड़ा प्रश्न है कि क्या छात्र आंदोलन वास्तव में छात्रों के अधिकारों की लड़ाई है या राजनीतिक दलों के लिए अपनी जमीन मजबूत करने का माध्यम? पिछले एक महीने में देश ने दिल्ली के जंतर-मंतर और रांची में चल रहे छात्र आंदोलन जैसे दो अलग-अलग घटनाक्रमों को देखा है। दोनों जगह युवा सड़क पर हैं। कहीं भूख हड़ताल है, कहीं प्रदर्शन है, कहीं पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है, कहीं मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश हो रही है।**



**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
(लेखक)




भारत में छात्र आंदोलन कोई नई घटना नहीं है। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में छात्र शक्ति ने कई बार सत्ता को चुनौती दी है, व्यवस्था में बदलाव की मांग उठाई है और सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन की दिशा तय की है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर जेपी आंदोलन तक और विश्वविद्यालयों से लेकर सड़कों तक छात्र आंदोलनों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छात्र जब अपनी पढ़ाई, रोजगार, परीक्षा, फीस, छात्रवृत्ति, आरक्षण, संस्थागत सुविधाओं अथवा भविष्य से जुड़े सवालों को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो लोकतंत्र में उनकी आवाज को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। लेकिन सवाल तब पैदा होता है, जब छात्र आंदोलन का चेहरा छात्र होते हैं, मगर उसके पीछे की पटकथा किसी और की होती है। सवाल तब और गंभीर हो जाता है, जब एक ही प्रकार के आंदोलन को अलग-अलग राजनीतिक दल और विचारधाराएं सत्ता में अपनी स्थिति के अनुसार अलग-अलग नजरिए से देखने लगती हैं। आज हमारे सामने यही सबसे बड़ा प्रश्न है कि क्या छात्र आंदोलन वास्तव में छात्रों के अधिकारों की लड़ाई है या राजनीतिक दलों के लिए अपनी जमीन मजबूत करने का माध्यम? पिछले एक महीने में देश ने दिल्ली के जंतर-मंतर और रांची में चल रहे छात्र आंदोलन जैसे दो अलग-अलग घटनाक्रमों को देखा है। दोनों जगह युवा सड़क पर हैं। कहीं भूख हड़ताल है, कहीं प्रदर्शन है, कहीं पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है, कहीं मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश हो रही है। लेकिन इन दोनों आंदोलनों के प्रति राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया में अंतर दिखाई देता है। यही अंतर लोकतंत्र के सामने एक असहज सवाल खड़ा करता है कि क्या आंदोलन का मूल्य मुद्दे से तय होता है या इस बात से कि सत्ता किसके हाथ में है? दिल्ली में सत्ता के खिलाफ उठने वाली छात्र आवाज के साथ जो लोग खड़े दिखाई देते हैं, वे रांची में उसी तरह की छात्र बेचैनी से दूरी क्यों बना लेते हैं? यदि छात्रों की समस्या वास्तव में समस्या है, तो फिर सरकार बदलते ही उसके प्रति संवेदनशीलता क्यों बदल जाती है? यहीं से छात्र आंदोलन और राजनीति के रिश्ते की पड़ताल शुरू होती है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में छात्र केवल विद्यार्थी नहीं होते हैं। वे समाज की युवा चेतना होते हैं। उनके पास भविष्य की आकांक्षाएं होती हैं और वर्तमान व्यवस्था के प्रति प्रश्न करने का साहस भी। छात्रों के सामने कई वास्तविक समस्याएं होती हैं। परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी, परिणाम में देरी, भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता, बेरोजगारी, फीस में वृद्धि, छात्रवृत्ति का भुगतान न होना, हॉस्टल की समस्या, शिक्षकों की कमी, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और सरकारी नौकरियों में अवसर जैसे विषय सीधे उनके जीवन से जुड़े होते हैं। ऐसे मामलों में छात्र आंदोलन को केवल राजनीतिक आंदोलन कह देना भी उचित नहीं होगा। हर आंदोलन के पीछे किसी राजनीतिक दल का हाथ हो, यह मान लेना छात्रों के संघर्ष को कमतर आंकना होगा। लेकिन दूसरी ओर यह भी सच है कि राजनीति छात्र आंदोलनों को प्रभावित करती रही है। छात्र संगठन लंबे समय से राजनीतिक विचारधाराओं की प्रयोगशाला रहे हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में बनने वाली राजनीतिक चेतना आगे चलकर राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करती है। यही कारण है कि छात्र आंदोलन में राजनीतिक हस्तक्षेप हमेशा से रहा है। समस्या राजनीतिक समर्थन में नहीं है। समस्या तब पैदा होती है, जब छात्र की वास्तविक समस्या पीछे छूट जाती है और राजनीतिक हित आगे आ जाता है। राजनीति में किसी आंदोलन को समर्थन देना लोकतांत्रिक अधिकार है। विपक्ष सरकार के खिलाफ आवाज उठाए, आंदोलनकारी छात्रों के साथ खड़ा हो, उनकी मांगों को संसद या विधानसभा में उठाए, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन लोकतंत्र का वास्तविक परीक्षण तब होता है, जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों की सरकार में भी उसी सिद्धांत को अपनाते हैं। यदि किसी दल को दिल्ली में छात्र आंदोलन इसलिए महत्वपूर्ण लगता है क्योंकि वहां केंद्र में उसकी विरोधी सरकार है, तो वही दल रांची में आंदोलन कर रहे छात्रों से इसलिए दूरी बना ले क्योंकि वहां उसके राजनीतिक समीकरण अलग हैं, तो यह छात्र हित नहीं, बल्कि राजनीतिक सुविधा है। इसी तरह यदि सत्ता पक्ष अपने शासन वाले राज्य में छात्रों की मांग को गंभीरता से लेने के बजाय उसे विपक्ष की साजिश बताता है, जबकि दूसरे राज्य में वही आंदोलन होने पर सरकार को छात्र विरोधी कहता है, तो यह भी दोहरा राजनीतिक मापदंड है। छात्रों को राजनीतिक मोहरा बनाने का सबसे खतरनाक पहलू यही है कि अंततः नुकसान छात्रों का ही होता है। उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। उनका समय बर्बाद होता है। उनके परिवार आर्थिक और मानसिक दबाव झेलते हैं और कई बार आंदोलन खत्म होने के बाद राजनीतिक दल अपने-अपने रास्ते चले जाते हैं, जबकि आंदोलनकारी छात्र अपने भविष्य के सामने अकेले खड़े रह जाते हैं। दिल्ली और रांची के बीच भौगोलिक दूरी लगभग 1200 किलोमीटर के आसपास है। लेकिन छात्र आंदोलनों को लेकर राजनीतिक दृष्टिकोण की दूरी इससे कहीं अधिक दिखाई दे सकती है। एक शहर राष्ट्रीय राजधानी है, दूसरा राज्य (झारखंड) की राजधानी। एक जगह केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठती है, दूसरी जगह राज्य सरकार के खिलाफ। एक स्थान पर विपक्ष को सरकार को घेरने का अवसर दिखाई देता है, दूसरे स्थान पर वही विपक्ष राजनीतिक असुविधा महसूस कर सकता है।

## 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

15 अगस्त 1947 भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम प्रभात था, जब सदियों की गुलामी की अंधेरी रात समाप्त हुई और स्वतंत्रता का सूर्य उदित हुआ। यह स्वतंत्रता लाखों ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों और असंख्य बलिदानों की अमूल्य धरोहर है। आज, जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 80वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, तब यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी है। यह समय है यह देखने का कि हमने सात दशकों से अधिक की यात्रा में क्या पाया, कहाँ पहुँचे और किन चुनौतियों से अभी भी जूझ रहे हैं। स्वतंत्रता के समय भारत आर्थिक रूप से कमजोर, अशिक्षा, गरीबी, भुखमरी और सामाजिक विषमताओं से घिरा हुआ देश था। सीमित संसाधनों और अनेक कठिनाइयों के बावजूद भारत ने लोकतंत्र को न केवल अपनाया, बल्कि उसे सफलतापूर्वक सशक्त भी बनाया। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य मिशनों के माध्यम से विश्व में भारत की वैज्ञानिक क्षमता का परचम लहराया है। डिजिटल क्रांति ने भारत को विश्व के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान और तकनीकी नवाचार वाले देशों में स्थापित किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेल, मेट्रो, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाह, हवाई अड्डों और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। महिलाओं की शिक्षा, पंचायतों में भागीदारी, सेना और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उनकी बढ़ती भूमिका सामाजिक परिवर्तन का सकारात्मक संकेत है। खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ाया है। किन्तु उपलब्धियों के इस उज्ज्वल पक्ष के साथ अनेक चुनौतियाँ भी हमारे सामने हैं। आज भी बेरोजगारी, गरीबी, आय की असमानता, भ्रष्टाचार, पर्यावरण प्रदूषण, जल संकट, कृषि संकट, साइबर अपराध, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और सामाजिक वैमनस्य जैसी समस्याएँ राष्ट्रीय विकास की गति को प्रभावित करती हैं। तकनीकी प्रगति के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुँच अभी भी एक बड़ी चुनौती है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल चुनावों में नहीं, बल्कि नागरिकों के चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और संवैधानिक मूल्यों के सम्मान में निहित होती है। यदि नागरिक ईमानदारी, अनुशासन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें, तो भारत का विकास और अधिक तीव्र गति से संभव होगा। आज विश्व तेजी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), हरित ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और ज्ञान-आधारित विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में भारत के युवाओं, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, किसानों, उद्यमियों और श्रमिकों पर विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।आत्मनिर्भरता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय के संतुलन से ही भारत 21वीं सदी का नेतृत्व कर सकता है। स्वतंत्रता केवल अधिकारों का नाम नहीं, बल्कि कर्तव्यों का भी आह्वान है। देश के प्रति प्रेम केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि ईमानदारी से कार्य करना, कानून का पालन करना, प्रकृति की रक्षा करना, सामाजिक सद्भाव बनाए रखना और राष्ट्रहित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना ही सच्ची देशभक्ति है। आइए, स्वतंत्रता के 80वें वर्ष में हम उन अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करें, जिन्होंने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर हमें स्वतंत्र भारत का अमूल्य उपहार दिया। साथ ही यह संकल्प लें कि हम एक ऐसे भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे जो समृद्ध, शिक्षित, वैज्ञानिक, संवेदनशील, आत्मनिर्भर और विश्व के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने।

## ध्वजारोहण या ध्वज फहराना : 80वें स्वतंत्रता दिवस पर जानिए दोनों में फर्क

सुनील कुमार महला

15 अगस्त 2026 का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव, उत्साह और देशभक्ति का अवसर है। इस वर्ष हम भारत की स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ पूरी होने के बाद 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। पाठक जानते हैं कि 15 अगस्त 1947 को भारत ने औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी और इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।स्वतंत्रता दिवस का सबसे महत्वपूर्ण और भावनात्मक क्षण राष्ट्रीय ध्वज से जुड़ा होता है। तिरंगा केवल तीन रंगों से बना एक ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता, एकता, विविधता और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है। भारत का वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। जब 15 अगस्त को तिरंगा आकाश में लहराता है, तो उसके साथ करोड़ों भारतीयों की आशाएं, आकांक्षाएं और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध भी जुड़ जाता है। राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े नियमों में समय के साथ महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। 26 जनवरी 2002 से भारतीय ध्वज संहिता में बदलाव कर नागरिकों को अपने घर, कार्यालय और प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिया गया। इससे पहले आम नागरिकों के लिए राष्ट्रीय ध्वज फहराने पर कई प्रतिबंध थे। बाद में 30 दिसंबर 2021 के संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण में हाथ से काते और हाथ से बुने कपड़ों के साथ-साथ मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के बंटिंग के उपयोग की अनुमति दी गई। इस प्रकार अब केवल खादी से बने ध्वज तक यह व्यवस्था सीमित नहीं रही।इसके बाद 20 जुलाई 2022 को भारतीय ध्वज संहिता में एक और महत्वपूर्ण संशोधन किया गया। इसके तहत किसी नागरिक के घर पर राष्ट्रीय ध्वज को दिन और रात दोनों समय फहराने की अनुमति दी गई। इसलिए सूर्यास्त के बाद घर पर तिरंगा उतारना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, रात में ध्वज फहराते समय उसकी गरिमा और सम्मान का पूरा ध्यान रखना आवश्यक है। राष्ट्रीय ध्वज साफ-सुथरा, सही स्थिति में और सम्मानजनक एवं प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित होना चाहिए। केसरिया पट्टी हमेशा ऊपर की ओर होनी चाहिए और ध्वज उल्टा नहीं लगाया जा सकता। ध्वज फटा, मैला या अस्त-व्यस्त नहीं होना चाहिए तथा उसे जमीन, फर्श या पानी को स्पर्श नहीं करना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, झालर, बंटिंग आदि के रूप में नहीं किया जा सकता।आज अधिकार और जनभागीदारी की भावना को आगे बढ़ाते हुए हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान तिरंगे को केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित रखने के बजाय प्रत्येक नागरिक के घर और जीवन से जोड़ने का माध्यम बना है। हालांकि, यहां यह समझना भी जरूरी है कि ध्वजारोहण और ध्वज फहराना शब्दों का प्रयोग अक्सर एक-दूसरे के स्थान पर कर दिया जाता है, लेकिन इनके अर्थ और परंपरागत प्रयोग में अंतर है। ध्वजारोहण का शाब्दिक अर्थ है-ध्वज को नीचे से ऊपर उठाकर निर्धारित ऊंचाई तक ले जाना और स्थापित करना। वहीं ध्वज फहराने का आशय है-पोल के ऊपर स्थित ध्वज को खोलकर अथवा फैलाकर हवा में लहराना। इस दृष्टि से दोनों क्रियाओं की प्रकृति अलग है। भारत के राष्ट्रीय पर्वों में इस अंतर को समझने के लिए 15 अगस्त और 26 जनवरी का उदाहरण सबसे उपयुक्त है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसके विपरीत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण करते हैं। इसलिए सामान्यतः कहा जाता है कि 15 अगस्त को ध्वज फहराया जाता है और 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाता है। इसके पीछे दोनों राष्ट्रीय पर्वों की ऐतिहासिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण हैं। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ था। उस समय ब्रिटिश शासन के प्रतीकात्मक रूप से हटने और स्वतंत्र भारत के उदय का संदेश देते हुए तिरंगे को ऊपर फहराया गया। दूसरी ओर, 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और देश एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसलिए गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा ध्वजारोहण की परंपरा स्थापित हुई। हालांकि सामान्य बोलचाल में ध्वजारोहण और ह्यध्वज फहरानाह्ल कई बार समान अर्थ में प्रयुक्त होते हैं और सरकारी अथवा सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी दोनों शब्द सुनने को मिल सकते हैं। लेकिन राष्ट्रीय पर्वों की विशिष्ट संवैधानिक एवं ऐतिहासिक परंपरा को ध्यान में रखते हुए 15 अगस्त के लिए

# डीएम ने समारोह स्थल का लिया जायजा, गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त शेड व परेड ग्राउंड को समतल कराने का दिया निर्देश

■ स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सारण में फुल ड्रेस रिहर्सल, परेड व ध्वजारोहण का किया गया पूर्वाभ्यास

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण बनाने को लेकर आज मुख्य समारोह स्थल पर फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित किया गया। जिलाधिकारी, सारण की उपस्थिति एवं देखरेख में परेड, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था सहित स्वतंत्रता दिवस समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया।जिलाधिकारी ने समारोह स्थल का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने समारोह स्थल पर आगंतुकों एवं प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। गर्मी को देखते हुए समारोह स्थल पर पर्याप्त शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही परेड ग्राउंड को समतल कराने तथा मैदान में मौजूद अनावश्यक बालू एवं अन्य सामग्री को हटाने को कहा गया, ताकि समारोह के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय गौरव, सम्मान और देशभक्ति का पर्व है। समारोह को गरिमापूर्ण, अनुशासित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, सुरक्षाकर्मी, परेड दल तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा रैली, 350 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सेंट जोसेफ एकेडमी, छपरा, दधीचि देहदान समिति एवं बीबीएन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के संचालक, प्रधानाध्यापिका, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली नेवाजी टोला स्थित अटल मोहल्ले से शुरू होकर गड़खा ढाला तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर निकले बच्चों ने देशभक्ति के नारों से पूरे मार्ग को गुंजायमान कर दिया। बच्चों ने लोगों को ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना रखने का संदेश दिया।
विद्यालय के संचालक अभिषेक सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल देश का झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है।ऐसे आयोजनों से बच्चों में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। दधीचि देहदान समिति के सारण जिलाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रभावी माध्यम है। बच्चों की इतनी बड़ी भागीदारी यह दशार्ती है कि नई पीढ़ी देश की एकता और अखंडता के प्रति सजग है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से बच्चों ने देश के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का संदेश समाज तक पहुंचाया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता आनंद वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित किया। उनके संबोधन से छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में दधीचि देहदान समिति एवं बीबीएन सहयोगी संस्था के रूप में शामिल रहे। रैली के दौरान बच्चों और उपस्थित लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संजीव कुमार चौधरी, आनंद वर्मा, अर्पित सिंह, रोशनी रॉय, अमित सिंह, अमित पाल, सरिता सिन्हा, आकाश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। भव्य तिरंगा यात्रा ने छपरा में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शम्भू कमलाकर को दी गई श्रद्धांजलि

छपरा कार्यालय। सारण जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष शंभू कमलाकर मिश्र के निधन पर प्रतीक्षा,यमुनापुरी,छपरा में आयोजित श्रद्धांजलि गोष्ठी में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिंहा ने कहा कि शंभू कमलाकर मेरे अनुजवत थे, वे सारण जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष रहे तथा बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया था, वे सुयोग्य एवं कर्मठ शिक्षक के साथ लोकप्रिय व्यक्तित्व के व्यक्ति रहे, उनके निधन से साहित्य सम्मेलन की अपार क्षति हुई है,जिसकी रिक्ति की पूर्ति संभव नहीं, यह संयोग की बात रही कि अपनी पत्नी का दाह संस्कार तीन दिन पूर्व कर दिये थे, अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में सचिव ,बबन सिंह , कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे, कामेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो . डॉ अमरनाथ प्रसाद, डॉ जौहर साफियाबादी, डॉ ऐनुल बरौलवी, प्रो डॉ एम के शरण आदि प्रमुख रहे, सबने उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिये मौन प्रार्थना की।

### पहलेजा थानान्तर्गत हत्या के कांड में फरार वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

छपरा सदर। सारण एसएसपी विनीत कुमार के निर्देश पर सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्षों में वांछित तथा फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पहलेजा थाना पुलिस टीम के द्वारा छापामारी कर पहलेजा थाना कांड संख्या-130/25 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त नीतिश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया उक्त अभियुक्त सोनपुर थाना क्षेत्र के चौसिया निवासी राजू राय का पुत्र नीतीश कुमार बताया जाता है।

### आवास कर्मियों के विगत नौ माह से वेतन नहीं मिलने से जीवन संकट

बनियापुर।बनियापुर मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय के सम्मुख कार्यालय में कर्मियों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है,जिसको लेकर क्षोभ व्याप्त है।आवास केर्मियों का विगत 9 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है, वेतन नहीं मिलने के कारण सभी कर्मी का है परिवार की स्थिति दयनीय, भुखमरी की हालत के साथ बच्चों का स्कूल का फीस, उधारी का तगादा के साथ आत्म सम्मान सामाजिक हीनता,,, केर्मियों के मन में हताश उत्पन्न कर रही है ,कर्मियों में शिव कुमार शर्मा आनंद तिवारी दीपक कुमार सरफराज अहमद नवीन कुमार धीरेन्द्र कुमार आदि ने बताया की समय से काम करने के बावजूद समय से वेतन नहीं मिलने पर कार्य में दिल नहीं लगता इसलिए सभी आवास कर्मी काला पटी लगाकर कार्य का बहिस्कार किया जा रहा है।

### बिजली की आँखमिचौली से ग्रामीण परेशान, सांसद से लगाई गुहार

मकेर। बिजली विभाग की आँख मिचौली से ग्रामीण आजिज होकर सांसद महोदय से लगायी गुहार ,उक्त मामला मकेर प्रखंड के पीर मकेर पंचायत के माली टोला गांव की है जहाँ पिछले कई दिनों से बिजली संकट गहरा गया है ।बिजली ओवरलोड के कारण गांव में लगा सौ केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है ।जिससे गांव के करीब ढाई सौ घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है ।इस भीषण गर्मी और उमसभरी दिन में रहना मुश्किल हो गया है । इस समस्या का हल बिजली विभाग द्वारा टालमटोल करने से आजिज होकर ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूढ़ि को एक शिकायती पत्र लिखकर इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है ।वार्ड सदस्य मनीष मालाकार ने ग्रामीणों से एक हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रेषित किया है जिसमे उन्होंने जिक्र किया है कि दो सौ केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाये जाने पर समस्या का समाधान हो जाएगा ।साथ ही उन्होंने बताया है कि बिजली उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा होने से आय दिन ट्रांसफर जल जाता हैं ,इसे प्राथमिकता देते हुए अबिलम्ब नए ट्रांसफॉर्मर लगाने की गुहार लगाई है ।

# आठ माह से मानदेय नहीं मिलने पर आवास कर्मियों का कार्य बहिष्कार



■ परसा प्रखंड कार्यालय के समक्ष काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा:- ग्रामीण आवास कर्मियों को पिछले आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने से नाराज आवास सहायक एवं पर्यवेक्षकों ने दो दिवसीय कार्य बहिष्कार कर सरकार एवं विभाग के प्रति विरोध जताया। कर्मियों ने प्रखंड अध्यक्ष आर्यभट्ट कुमार के नेतृत्व में परसा प्रखंड कार्यालय के समक्ष काला बिल्ला लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।
आवास सहायक सुजीत कुमार ने बताया कि राज्य ग्रामीण आवास कर्मी संघ, बिहार के आह्वान पर ग्रामीण आवास कर्मियों ने 12 एवं 13 अगस्त को दो दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित कार्य पूरी तरह ठप रहा। कर्मियों की प्रमुख मांगों में पिछले आठ माह से लंबित मानदेय का भुगतान, सम्मानजनक मानदेय वृद्धि एवं अन्य लंबित मांगों का शीघ्र समाधान शामिल है। कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद वे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना से जुड़े कार्यों का लगातार निष्पादन करते रहे हैं।आवास संघ परसा की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार को दिए गए पत्र में कहा गया है कि सरकार एवं विभाग का ध्यान लंबित मांगों की ओर आकृष्ट कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि कार्य बहिष्कार के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित संपूर्ण कार्य बाधित रहेगा।वहीं पर्यवेक्षक राधेश्याम कुमार ने सरकार से मांग की कि उनके आठ माह से लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान किया जाए तथा मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि सहित अन्य लंबित मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय लिया जाए। कर्मियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द पहल नहीं होने की स्थिति में संघ के स्तर पर आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। दो दिवसीय कार्य बहिष्कार के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित कार्य प्रभावित होने की संभावना है। कर्मियों ने कहा कि उनकी मांगों का समाधान होने के बाद ही वे पूरी तरह से कार्य में लौटेंगे।इस प्रदर्शन के दौरान प्रखंड अध्यक्ष आर्यभट कुमार,पर्यवेक्षक राधेश्याम कुमार,सहायक सुजीत कुमार,रुचि कुमारी,कुमारी शशिबाला,मंटू कुमार,संजय कश्यप,बसंत कुमार,सीता कुमारी,कुमार अमिताभ बच्चन,सौरभ कुमार,कुंदन कुमार,सरोज कुमार आदि शामिल थे।

# तिरंगा यात्रा में गूंजा भारत माता का जयघोष राष्ट्रभक्ति और एकता का दिया संदेश



प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा। सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहीद महेश्वर चौक, सोनपुर से दिघवारा के आमी तक आयोजित इस तिरंगा यात्रा में सोनपुर विधानसभा के विधायक विनय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े। यात्रा के दौरान भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। लोगों में तिरंगे के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना साफ दिखाई दी। इस अवसर पर विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक होने के साथ-साथ हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए।तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने राष्ट्रहित और देश की एकता-अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यात्रा ने क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बनाने के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया।

# जिला कंप्यूटर केंद्र में 140 सीटों पर नामांकन का मौका, 20 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा।जिला कंप्यूटर केंद्र सोसाइटी (ऊठउर), सारण, छपरा की ओर से वर्ष 2026 के द्वितीय बैच के लिए छह माह के बेसिक कंप्यूटर एजुकेशन एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस पाठ्यक्रम के लिए कुल 140 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया जाना है। नामांकन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 5 अगस्त 2026 से 20 अगस्त 2026 तक कार्यालय अवधि में सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे के बीच जिला कंप्यूटर केंद्र सोसाइटी, सारण, छपरा में आकर नामांकन करा सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति, पहचान-पत्र तथा पासपोर्ट साइज के तीन फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। जिला कंप्यूटर केंद्र की इस पहल से छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर एवं ३ से छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

# ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस से अचेत अवस्था में उतारा गया यात्री, एकमा सीएचसी में कराया गया भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता



एकमा (सारण)। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अंतर्गत छपरा-सिवान रेलखंड पर स्थित एकमा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की सुबह ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री को अचेत अवस्था में उतारा गया। यात्री के अचेत मिलने की सूचना पर स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरपीएफ एवं जीआरपी के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकीय कर्मियों ने यात्री का प्राथमिक उपचार किया। यात्री की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे पुलिस यात्री की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रही है।

बताया जा रहा है कि यात्री के बेहोश होने का कारण जहरीला पदार्थ सेवन करने, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी अथवा अधिक गर्मी के कारण यात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ना हो सकता है। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। यात्री के होश में आने के बाद ही बेहोशी के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अचेत अवस्था में मिले यात्री के उत्तर प्रदेश के भटनी क्षेत्र का निवासी होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, रेलवे पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यात्री के परिजनों के अस्पताल पहुंचने अथवा उसके होश में आने के बाद ही उसकी वास्तविक पहचान स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस द्वारा यात्री के होश में आने और पहचान संबंधी जानकारी मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

# योगियां हाईस्कूल में साइकिल पर छात्र छात्राओं की निकली तिरंगा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता




रसूलपुर। थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित रामनंदन हाईस्कूल योगियां में गुरुवार को तिरंगा यात्रा पर साइकिल रैली निकाली गई ।हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकली रैली का नेतृत्व प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने किया ।रैली में नौवीं से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने साइकिल पर सवार होकर योगिया गांव की सड़कों पर तिरंगा अमर रहे हमारा का नारा लगाया।

प्रधानाध्यापक लाल बाबू ने कहा कि 80वां स्वतंत्रता दिवस पर यह तिरंगा यात्रा एतिहासिक पल है ।देश की एकता और अखंडता का हमें इस अवसर पर संकल्प लेना चाहिए ।रैली में कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार, लुसी कुमार ,कपुर्री ठाकुर,विजय कुमार गुप्ता, श्रेया कुमारी, कामिनी सिंह , पूर्णिमा सिंह, राजकुमारी, कुसुम पटवा, हर्षवर्धन यादव ,प्रशांत कुमार, सिद्धि वर्णवाल, अमरनाथ गुप्ता,राहुल कुमार,दीपक,आसिफ, सामर्थ्य, बृजकिशोर,रामेश्वर गोप,राहुल गुप्ता दिनेश दूबे,उदय शंकर आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं।

## स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

मकेर / मकेर बाजार अवस्थित कुमार पोली क्लीनिंक में स्वास्थ्य सम्बन्धित एक शिविर का आयोजन हिमालया वेलनेस कम्पनी के सौजन्य से किया गया जिसमें लिवर फंगस का जाँच के लिए तीस लोगो के रक्त का नमूना रेड क्लिप पैथोलॉजिस्ट सूरज कुमार ,प्रशांत कुमार के द्वारा लिया गया जिसका रिपोर्ट अगले दिन उपलब्ध करा दिया जाएगा ।कंपनी के प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बताया कि समय समय पर जनहित में कार्य किया जाता है । इस मौके पर डॉ सुचिन्द्र साह निरंजन शर्मा ,सुदीश कुमार सिंह ,अतुल चन्दन ,अतुल श्रीवास्तव ,रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# 1 सितंबर दिल्ली रैली के प्रचार हेतु भाकपा ने किया पदयात्रा

प्रात : किरण संवाददाता




मढ़ौरा ।मढ़ौरा भाकपा अंचल परिषद की ओर से इसरौली, ओल्हनपुर एवं मुबारकपुर पंचायतों के आधा दर्जन गांवो में पदयात्रा अभियान चला कर एक सितंबर को दिल्ली रैली में भाग लेने की अपील की गई ।पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता इस अभियान में शामिल होकर पर्चा वितरण करते हुए दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए छात्र नौजवानों एवं किसान मजदूरों से अपील किया ।पदयात्री महंगाई पर रोक लगाओ, बेकरी को कम दो, छात्र नौजवानों पर लाठी गोली चलाना बंद करो तथा अमित शाह गद्दी छोड़ो के नारे लगा रहे थे । आज की पदयात्रा का नेतृत्व पार्टी की राज्य सचिव मंडल के साथी सुरेंद्र सौरभ एवं जिला सचिव रामबाबू सिंह ने किया ।मौके पर मुबारकपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कॉम सुरेंद्र सौरभ ने कहा कि महंगाई के लगातार बढ़ने, बेकरी के लगातार बढ़ने से देश का जन जीवन त्रस्त है जिसके खिलाफ एक सितंबर को भाकपा द्वारा आयोजित विशाल रैली में बड़े पैमाने पर जन भागीदारी का आह्वान किया ।

पदयात्रा कार्यक्रम में अंचल सचिव संजय कुमार सिंह, प्रो भूपेश भीम , प्रो रजाक हुसैन, भरत राय, जमादार राय, विष्णुदेव राम, संजीव कुमार सिंह, मिथुन कुमार, संजय कुमार, विजय राय सहित अन्य शामिल थे ।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से परसा प्रखंड क्षेत्र के बनकेरवा बाजार से गांव होते हुए बांध तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह व अंचलाधिकारी अनुज कुमार के उपस्थिति में किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा बनकेरवा बाजार से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बांध तक पहुंची। इस दौरान लोगों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। युवाओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस तरह की यात्रा लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि आजादी हमें लंबे संघर्ष और अनेक वीरों के बलिदान के बाद मिली है, इसलिए हमें राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी एकता और विविधता में है। देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों को याद करने और उनके सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लेने का दिन भी है। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से पूरा इलाका देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# इसुआपुर में शहीदों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



इसुआपुर । प्रखंड में गुरुवार को शहीदों के सम्मान में तरैया के भाजपा विधायक सह बिहार विधानसभा याचिका समिति के सभापति जनक सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में दर्जनों चार पहिया व दुपहिया वाहनों के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

यह यात्रा तरैया विधानसभा भाजपा के प्रधान कार्यालय डोईला गांव से चलकर सढ़वारा बाजार होते हुए इसुआपुर बाजार पहुंचा। जहां धर्मशाला परिसर बिशनपुरा से बजरंग मोड़ आता नगर तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक पैदल मार्च किया गया। यात्रा में वीर शहीद अमर रहें, भारत माता की जय जैसे गगन भेदी नारे लगाए जा रहे थे। इसके बाद यह यात्रा शामकौरिया बाजार होते हुए छपियां पंचायत भवन बाजार पर पहुंचा। वहां राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान रास्ते में शांति रमन बालिका प्लस टू विद्यालय सढ़वारा तथा यूएमएस अचितपुर के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा जगह-जगह पर ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत भी किया। तिरंगा यात्रा में बीडीओ इंजीनियर सत्यम सिंह, थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पश्चिमी सत्यदेव प्रसाद तथा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सोनू राज सोनू, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मिथुन कुशवाहा, पूर्व फौजी एमडी वारिस, बद्री नारायण सिंह, नेताजी नंदकिशोर सिंह, बच्चा सिंह, बलिराम मिश्रा, शारदानंद सोनी, मिथिलेश पांडेय, हरि किशोर सिंह, भोला सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## मरीजो को उपलब्ध कराया गया फूड बास्केट

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सारण ने टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगरा प्रखंड कार्यालय में 16 टी बी मरीजों और जलालपुर प्रखंड कार्यालय में 40 टी बी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। इन मरीजों को लगातार छः महीनों तक प्रत्येक माह फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाएगा क्योंकि दवा के साथ साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी अति आवश्यक है।

# विहिप की बैठक सम्पन्न, अखण्ड भारत दिवस मना



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। विश्व हिंदू परिषद के जिला इकाई की बैठक स्थानीय होटल रामबाग बैंक्विट , उत्तरी दहियवाँ टोला, छपरा में हुई । साथ ही संगठन नेआज अखंड भारत दिवस भी मनाया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मेंक्षेत्र संगठन मंत्री श्री विजय प्रताप जीऔर उत्तर बिहार प्रांत के अध्यक्ष श्री संजीव जी उपस्थित रहे एवं बैठक को संबोधित किया ।बैठे की शुरूआत पूरे रीति रिवाज के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर बोलते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री ने बताया की कैसे अंग्रेजी शासनऔर हमारी पुरानी सरकार ने हमारे इतिहास के साथ खिलवाड़ किया और हमें गलत जानकारी दी ।देश की माता-पिता को बताते हुए उन्होंने बोला कि हमारे देश ने ही पूरे विश्व को शून्य और दशमलव की जानकारी दी साथी हमारे ऋषि मुनियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर इस देश का निर्माण कियाऔर लोगों की भलाई में अपने हड्डियों तक को दान दिया ।

# रिविलगंज में स्व बिमल सिन्हा जी के छटी पुण्यतिथि पर नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



रिविलगंज नगर पंचायत क्षेत्र के रिविलगंज बाजार निवासी एवं गौतम ऋषि चेरिटेबल ट्रस्ट व क्लियर दृष्टि आई केयर सेंटर के संस्थापक तथा जेडीयू जिला सचिव सारण मोहित सिन्हा के पिता समाजसेवी स्व० विमल कुमार सिन्हा के छठी पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क आंख जांच,निशुल्क दवा-चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सारण जिलाध्यक्ष जेडीयू बैद्यनाथ प्रसाद विकल ने विधिवत फीता काटकर किया ।कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों,ग्रामीणों और परिजनों ने स्व० सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया ।इस दौरान मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष जेडीयू बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने स्व बिमल सिन्हा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व सिन्हा जी विचार के धनी व्यक्ति थे,वो हमेशा गरीब असहाय व जरूरतमंद लोगों के मदद में आगे रहते थे,इसलिए उन्होंने आंख अस्पताल खोला ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद किया जा सके।

अब उनके बेटा और हमारे पार्टी के सचिव महित सिन्हा उनके बताए गए रस्ते पर चलकर 95 सौ लोगो का अबतक निशुल्क आंख का ऑपरेशन करा चुके हैं,और वर्तमान समय में भी समाज सेवा में जुटे हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीसरी मेरिट लिस्ट और आवेदन को पोर्टल खुलने का इंतजार

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा में स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2026-30 के लिए पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद नामांकन प्रक्रिया फिलहाल थम गई है। दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने नामांकन बंद कर दिया है। अब विद्यार्थी तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होने और दोबारा आवेदन का पोर्टल खुलने का इंतजार कर रहे हैं। जुलाई माह तक दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन कराया गया था। इसके बाद से कोई नई मेरिट लिस्ट जारी नहीं हुई है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि आवेदन करने के बाद भी कई अभ्यर्थियों का नाम किसी भी मेरिट लिस्ट में शामिल नहीं हो सका है। ऐसे विद्यार्थी तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट और पुनः आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राजभवन सचिवालय से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद ही नामांकन सेल की ओर से आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन भी राजभवन के निर्देश का इंतजार कर रहा है। बताया गया कि अब तक करीब 60 हजार विद्यार्थियों का नामांकन हो चुका है, जबकि लगभग 86 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में भी बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। कुल करीब 1,35,540 सीटों में अब भी काफी सीटें रिक्त रहने की जानकारी है। वहीं, आवेदन करने वाले करीब 20 से 25 हजार विद्यार्थियों का नाम अब तक किसी भी मेरिट लिस्ट में शामिल नहीं हो सका है। वीकेएसयू के अंतर्गत 34 अंगीभूत और करीब 70 संबद्ध डिग्री कॉलेजों में नामांकन लिया जा रहा है। इनमें 19 अंगीभूत और 15 राजकीय डिग्री कॉलेज शामिल हैं। प्रमुख कॉलेजों में पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट से कई विषयों में सीटें भर गई हैं, लेकिन इतिहास, भूगोल, हिंदी, जंतु विज्ञान और गणित सहित कई विषयों में सीटें खाली हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन को उम्मीद है कि पोर्टल खुलने के बाद खाली सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

### पीएचडी के लिए नेट अनिवार्य होने से वीकेएसयू में भी घट सकती है शोधार्थियों की संख्या

आरा। राज्य के विश्वविद्यालयों में पीएचडी में नामांकन के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में नेट को अनिवार्य किए जाने के बाद शोधार्थियों की संख्या में कमी आने की संभावना है। इस व्यवस्था का असर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा में भी पड़ सकता है। विश्वविद्यालय में पीएचडी करने की तैयारी कर रहे ऐसे अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ गई है, जो अभी नेट की अनिवार्य योग्यता पूरी नहीं कर पाए हैं। नई व्यवस्था के अनुसार पीएचडी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की योग्यता को महत्वपूर्ण बनाया गया है। नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पीएचडी में प्रवेश के साथ आगे सहायक प्राध्यापक बनने के अवसर भी मिलते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालयों में शोध के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।बताया जा रहा है कि देश के कई विश्वविद्यालयों में पीएचडी प्रवेश के लिए अलग-अलग नियम लागू हैं। कुछ निजी विश्वविद्यालयों में अभी भी पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर अभ्यर्थियों को मौका दिया जाता है। वहीं, केंद्रीय स्तर पर यूजीसी के नियमों के तहत नेट को उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण पात्रता माना गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमों में एकरूपता नहीं होने से अभ्यर्थियों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो सकती है। वीकेएसयू से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि पीएचडी में शोधार्थियों की संख्या कम होने का सीधा असर विश्वविद्यालय के शोध कार्य पर पड़ सकता है। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के कई विद्यार्थी नेट की तैयारी के साथ-साथ पीएचडी करना चाहते हैं। यदि पीएचडी के लिए नेट अनिवार्य रहता है तो ऐसे विद्यार्थियों के लिए अवसर सीमित हो सकते हैं। शोध की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ विद्यार्थियों को पर्याप्त अवसर देना भी जरूरी है। विश्वविद्यालय स्तर पर पीएचडी प्रवेश के नियमों को स्पष्ट करने तथा अभ्यर्थियों को समय रहते जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। वीकेएसयू में आगामी पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में इस नियम का प्रभाव विशेष रूप से देखने को मिल सकता है। यदि नेट की अनिवार्यता लागू रहती है तो पीएचडी के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में कम होने की संभावना है।

# आम जनों के लिए खुला आरा का ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह पार्क

- पर्यावरण, आधुनिक मनोरंजन और भोजपुरी संस्कृति का नया प्रतीक
- डीएम तनय सुल्तानिया एवं डीएफओ प्रद्युम्न गौरव द्वारा संयुक्त रूप से वीर कुंवर सिंह पार्क का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुरवासियों के लिए 13 अगस्त का दिन एक महत्वपूर्ण सौगात लेकर आया। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव द्वारा गुरुवार को रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पार्क के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया गया तथा इसके उपरांत पार्क को औपचारिक रूप से आम जनों के लिए खोल दिया गया। वीर कुंवर सिंह पार्क का यह कायाकल्प आरा शहर को एक ऐसा सार्वजनिक हरित स्थल प्रदान करता है, जहाँ इतिहास, भोजपुरी संस्कृति, आधुनिक मनोरंजन और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आज से आम जनों के लिए खोला गया यह पार्क आने वाले समय में भोजपुरवासियों के लिए स्वास्थ्य, मनोरंजन, प्रकृति से जुड़ाव एवं सामाजिक संवाद का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि वर्ष 2024 में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क का हस्तांतरण वन विभाग को किया गया था। इसके पश्चात भोजपुर वन प्रमंडल, आरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में लगभग 4.80 करोड़ रुपये की लागत से पार्क का संपूर्ण जीर्णोद्धार एवं अत्याधुनिक सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया। आम नागरिकों के लिए प्रवेश शुल्क मात्र 10 रुपये प्रति व्यक्ति आरा। पार्क में प्रवेश, सुरक्षा एवं किफायती पास सुविधाः पुराने द्वार के स्थान पर भव्य प्रवेश गेट, गार्ड रुम एवं टिकट काउंटर का निर्माण किया गया है। आम नागरिकों के लिए प्रवेश शुल्क पूर्व की तरह मात्र 10 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। सामान्य प्रवेश का समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। मॉर्निंग वॉकर्स के लिए 500 रुपये वार्षिक पास तथा बुजुर्गों के लिए कम दरों पर त्रैमासिक एवं मासिक पास की सुविधा उपलब्ध है। पासधारकों के लिए प्रातः 5 से साढे 8 बजे तथा शाम 5 से साढे 6 बजे तक प्रवेश की सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य, योग एवं मनोरंजन आरा। पार्क में 50 लोगों की क्षमता वाले अत्याधुनिक योगशाला पवेलियन, 30 से अधिक प्रजातियों के औषधीय पौधों से युक्त हर्बल गार्डन, ओपेन एयर जिम, म्यूजिकल फाउंटेन, बंबू कियोस्क एवं बोटिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। बाबू वीर कुंवर सिंह स्टैच्यू आइलैंड आरा। वीर कुंवर सिंह पार्क के तालाब के मध्य स्थित स्मारक का पुनर्द्धार करते हुए मूर्ति के चारों ओर सौंदर्यीकरण, आकर्षक लाइटिंग एवं मुख्य पाथवे का जीर्णोद्धार किया गया है। वही गिरे हुए लकड़ी के लट्ठों को बेंच एवं सेल्फी पॉइंट के रूप में तथा पुरानी जड़ों को लैंडस्केप सेंटरपीस के रूप में उपयोग किया गया है। भोजपुरी भाषा में साइनेज आरा। पार्क में जनभागीदारी एवं पर्यावरण संदेशों को स्थानीय संस्कृति से जोड़ने के लिए भोजपुरी भाषा में आकर्षक सूचना पट्ट लगाए गए हैं। जो लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहे हैं।

# तरारी में निकली तिरंगा यात्रा, भारत माता के जयकारों से गूंजा प्रखंड परिसर

प्रात: किरण संवाददाता

तरारी ( आरा )। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को तरारी प्रखंड मुख्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बीडीओ कुंदन कुमार के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में प्रखंड के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा प्रखंड परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयकारे लगाए। इस दौरान लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक करते हुए अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बनाए रखने तथा देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। मौके पर बीडीओ कुंदन कुमार, सीओ राणा अक्षय प्रताप सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभयकान्त चौधरी समेत प्रखंड के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संस्थापक प्राचार्य स्व. विश्वनाथ प्रसाद सिंह की 23वीं पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा

प्रात: किरण संवाददाता

तरारी( आरा)। श्री त्रिदंडी स्वामी मानस कॉलेज पनवारी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्व. विश्वनाथ प्रसाद सिंह की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार, 13 अगस्त को महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्व. सिंह की पत्नी चंद्रावती कुंवर, प्रधानाचार्य डॉ. दयानिधि सिंह, इंटर खंड के पूर्व अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रार्थना सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. विश्वनाथ प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं महाविद्यालय के विकास में उनके योगदान को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. गुप्तेश्वर सिंह, डॉ. अजीत सिंह, राज रंजन सिंह, आशा सिंह, विनिता, उमेश कुमार सिंह सहित स्व. विश्वनाथ प्रसाद सिंह के परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार ने कहा कि संस्थापक प्राचार्य का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

## कोईलवर में निकली तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा नगर



कोईलवर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा, हर दिल में तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को कोईलवर प्रखंड में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बीर बहादुर पाठक ने किया। तिरंगा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू होकर थाना मोड़ होते हुए कपिलदेव चौक तक पहुंची। यात्रा में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के कर्मी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, महात्मा गांधी अमर रहें और अन्य देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। इस अवसर पर आजादी के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया गया।बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, बीस सूत्री समिति के सदस्य, प्रखंड एवं अंचल के अधिकारी-कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चित्रकला प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। एस.बी. कॉलेज, आरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई 1 के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को यादव विद्यापीठ स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत अभियान की थीम पर आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र बनाकर स्वच्छ और स्वस्थ समाज का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ विद्यालय, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। चित्रों के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा साफ-सफाई से होने वाले स्वास्थ्य लाभों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। यादव विद्यापीठ के प्राचार्य ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एस.बी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे केवल किसी अभियान या विशेष दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि जीवनभर स्वच्छता के प्रति सजग रहकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित होने से परिवार और समाज में भी सकारात्मक बदलाव आता है।इस अवसर पर कॉलेज के प्रो. डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. राधिका रमन, डॉ. कुमार गौरव मिश्रा, डॉ. उमेश राय, डॉ आदित्य कुमार आनन्द, डॉ पंकज कुमार,डॉ. नमिता, डॉ. पूजा, डॉ. अनामिका, डॉ. मनोज, डॉ. संतोष कुमार राम, डॉ. प्रेमलता सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों पंकज, आलोक एवं आदित्य ने भी आयोजन में सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रीना देवी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के सहयोग से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत बच्चों को वितरित किए राष्ट्रीय ध्वज

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से एस.बी. कॉलेज, आरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई 1 द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत यादव विद्यापीठ स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बच्चों को तिरंगे के महत्व और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से संबंधित जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, गौरव और स्वतंत्रता का प्रतीक है। उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। ठरर स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों से कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का भी अवसर है। बच्चों में तिरंगे को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रीना देवी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ठरर स्वयंसेवक पंकज, आलोक एवं आदित्य मौजूद रहे। विद्यालय के शिक्षकगण ने भी अभियान में सहयोग किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। ठरर इकाई की ओर से कहा गया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी तथा राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

# एमएड में दाखिले को 22 अगस्त तक लिये जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से संबद्ध एमएड कॉलेज, मोहनिया में एमएड सत्र 2026-28 में नामांकन की प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। इसके तहत विश्वविद्यालय की ओर से एमएड में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 अगस्त से शुरू हो गई है, जो 22 अगस्त तक चलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एमएड में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के भीतर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परीक्षा प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय आवश्यक जानकारी सावधानीपूर्वक दर्ज करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन पूरा करने का निर्देश दिया गया है। सूचना में कहा गया है कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसलिए अभ्यर्थियों को अंतिम समय का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है। आवेदन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।एमएड में प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट के अनुसार किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी और उसी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इससे एमएड में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा महत्वपूर्ण होगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध एमएड कॉलेज, मोहनिया में सत्र 2026-28 के नामांकन को लेकर इच्छुक अभ्यर्थियों में उत्साह है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना एवं दिशा-निदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्धारित तिथि के अंदर आवेदन पूरा करें।

# तकनीकी त्रुटि से बीबीए पार्ट-तीन का परिणाम प्रभावित, 11 परीक्षार्थी हुए फेल

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा की ओर से बुधवार को जारी बीबीए पार्ट-तीन, सत्र 2023-26 के परीक्षा परिणाम में तकनीकी गड़बड़ी के कारण डिग्री कॉलेज, डुमरांव के 11 छात्र-छात्राओं को फेल घोषित कर दिया गया। परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों में हड़कंप मच गया। छात्रों ने कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वीणा अमृत से मिलकर मामले की शिकायत की। जांच के दौरान अंकपत्र अपलोड नहीं होने की तकनीकी समस्या सामने आई। डुमरांव के डिग्री कॉलेज में बीबीए पार्ट-तीन में कुल 12 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इनमें से एक विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहा था, जबकि 11 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित परीक्षा में भाग लिया था। कॉलेज प्रशासन की ओर से बीबीए की मौखिक परीक्षा (वाइवा) के लिए मार्क्स फाइल तैयार कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड की गई थी। हालांकि, नेटवर्क में तकनीकी त्रुटि के कारण मार्क्स फाइल पोर्टल पर सही तरीके से अपलोड नहीं हो सकी।कॉलेज के बीबीए समन्वयक डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि वाइवा की मार्क्स फाइल को पोर्टल पर अपलोड करने का प्रयास किया गया था, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण अंक दर्ज नहीं हो सके। इसी वजह से विश्वविद्यालय की ओर से जारी परिणाम में विद्यार्थियों के अंक प्रदर्शित नहीं हुए और सभी छात्र-छात्राएं फेल दिखाई देने लगे।परिणाम देखने के बाद छात्र कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य डॉ. वीणा अमृत को मामले की जानकारी दी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से संपर्क कर तकनीकी समस्या से अवगत कराया। अब कॉलेज की ओर से वाइवा की मार्क्स फाइल दोबारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. लाल बाबू सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। कॉलेज की ओर से दोबारा मार्क्स फाइल अपलोड की गई है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिणाम में सुधार कर संशोधित रिजल्ट जल्द जारी किया जाएगा। इससे प्रभावित विद्यार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

आरा। सहार थाना पुलिस द्वारा चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बजरेया गांव मोड़ के पास से की गयी। गिरफ्तार सहार थाना क्षेत्र के बजरेया गांव निवासी कृष्णा सिंह का पुत्र कुणाल कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सहार थाना पुलिस द्वारा बजरेया गांव मोड़ के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इस दौरान कुणाल कुमार पुलिस को देख बाइक घूमाकर भागने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया। जब उसके पास रहे बाइक की जांच की गई, तो वह चोरी की निकली, जो नवादा थाना क्षेत्र से चुराई गई थी। पूछताछ के दौरान उसके निशानदेही पर अरवल जिले अरवल नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की गयी एक अन्य बाइक भी बरामद की गयी। इसके पश्चात पुलिस ने सहार थाना में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## आरा सदर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



आरा। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेर्शा पर जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आरा सदर अंचल अंतर्गत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। आरा सदर सीओ के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए आम नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण की स्थिति पर नियमित निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों के लिए सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# शिवपुर में 36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

प्रात: किरण संवाददाता



बड़हरा। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। मौके से शराब तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस की लगातार जारी छापेमारी से शराब कारोबारियों और तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस फरार अभियुक्त की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। वहीं, जब्त मोटरसाइकिल के आधार पर भी तस्करी से जुड़े लोगों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

# महुआ शराब की बिक्री करते धंधेबाज गिरफ्तार, वारंटी भी धराया



बड़हरा। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें एक आरोपित को पांच लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पड़रिया बांध के समीप एक व्यक्ति देसी महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने चिन्हित स्थान पर छापेमारी की। इस दौरान बड़हरा गांव निवासी बबन राम के पुत्र अमरजीत राम को पांच लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, दूसरी कार्रवाई फरना गांव में की गई। न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर की गई छापेमारी में टुनटुन बीन के पुत्र महेश प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शराब कारोबारियों और वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार और फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## कोर्ट से गवाही देकर बाहर निकले ससुर को दामाद व उसके भाई ने पीटा

### सिविल कोर्ट के बाहर गुरुवार की दोपहर घटी घटना

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के सिविल कोर्ट के बाहर कोर्ट से गवाही देकर निकले ससुर की दामाद और उसके भाई ने मिलकर पिटाई कर दी। जिससे वह जख्मी हो गए। तब साथ ही बेटी एवं परिजन द्वारा उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी बुजुर्ग जहानाबाद जिले के करौना थाना क्षेत्र के सेवनन गांव निवासी स्व. तेज नारायण सिंह के 62 वर्षीय पुत्र अंगद सिंह है। बताया जाता है कि अंगद सिंह ने अपनी बेटी कंचन सिंह की शादी 22 नवंबर 2024 को बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव निवासी स्व. संत सिंह के पुत्र सुमित सिंह से की थी। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद से ही उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने वाला लगा। उसके बाद अंगद सिंह अपनी बेटी कंचन सिंह को ससुराल जाकर उसे वापस अपने घर ले आये। इसके पश्चात कंचन सिंह ने 20 दिसंबर 2025 को जहानाबाद के महिला थाना में अपने पति एवं ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ प्रताड़ित करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद उसके पति सुमित सिंह के द्वारा आरा सिविल कोर्ट के फैमिली कोर्ट में डाइवोर्स फाइल किया गया था। इस केस में गुरुवार को अंगद सिंह अपनी बेटी कंचन सिंह के साथ गवाही देने आए थे। गवाही देने के बाद जब वह कोर्ट से बाहर निकले। तभी उनका दामाद सुमित सिंह एवं उसका भाई पहले उनकी बेटी कंचन सिंह को थप्पड़ मारा। तब वहां मौजूद लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया, तो सुमित सिंह ने अपने भाई के साथ मिलकर अंगद सिंह की पिटाई कर दी। इस संबंध में अंगद सिंह के द्वारा नवादा थाना में अपने दामाद सुमित सिंह एवं उसके भाई के खिलाफ मारपीट करने के संबंध में लिखित आवेदन प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिया है।

## बाइक की सीट के अंदर छिपाकर ले जा रहा था शराब, युवक गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बाइक की सीट के अंदर छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान विनय साह, पिता कमलदेव साह, निवासी पकड़ी वार्ड नंबर-15, थाना नवादा, जिला भोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, विनय साह मोटरसाइकिल की सीट के अंदर छिपाकर करीब 9.3 लीटर अंग्रेजी शराब ले जा रहा था। जांच के दौरान शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार युवक को न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमोली मे छात्रों ने आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन जन तक पहुंचाने एवम राष्ट्र भक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्वेश्य से तिरंगा कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर सिंह ने किया। जब की कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक रबिंद्र कुमार ने किया। साथ ही इस अभियान मे विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साह एवम उमंग के साथ तिरंगा झंडे के साथ पूरे गावो को भ्रमण कर विद्यालय मे राष्ट्र गान के साथ समापन किया। प्रधानाध्यापक प्रीति कुमारी ने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने देश भक्ति राष्ट्रीय एकता एवम तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह अभियान जिला एवम प्रखंड स्तर पर अभियान को व्यापक जन भागदारी के साथ संचालित की जा रही है। छात्र छात्राओं ने अपने हाथों मे तिरंगा लिए भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से करसावा गांव गूंज उठा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर भी तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। मौके पर नंदलाल पाल लवकेश कुमार देवराज कुमार दीपक चौधरी सरोज कुमारी समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय तमोली के छात्रों ने हर घर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए निकाली रैली

औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के मध्य विद्यालय तमोली मे हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे छात्र छात्राओं ने हर घर तिरंगा लहराएंगे देश का मान बढ़ाएंगे जैसे नारों के साथ विद्यालय परिसर से रैली निकली। जो गावो को भ्रमण कर विद्यालय को प्रस्थान किया। प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवम उसके सम्मान और नागरिकों के कर्तव्यों की जानकारी दी। कहा कि तिरंगा केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि देश की एकता और अखंडता और गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान करना प्रत्येक नागरिकों का दायित्व है। छात्रों ने राष्ट्रीय थाम कर वंदे मातरम भारत माता की जय तिरंगा झंडा अमर रहे के नारे लगाए साथ ही विद्यालय परिवार ने हर घर तिरंगा फहराने को आहवान किया। इस गतिविधि से महौल देश भक्ति बन गया। छात्र छात्राएं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की। जो राष्ट्रीय ध्वज पर केशरिया सफेद और हरे रंगों से आकर्षण रंगोलियां बनाई। शिक्षकों ने कहा कि,हर घर तिरंगा अभियान से बच्चों और अभिभावकों ने राष्ट्रीयता की भावना सुदृढ़ होती है। बच्चे भी स्वाधीनता से ग्राम के महत्व को जानेंगे और शहीदों के नमन करेंगे। मौके पर शिक्षक जहांगीर आलम, राजकिशोर कुमार, अरुण कुमार, ऊषा कुमारी, भूपेंद्र कुमार, विश्वनाथ रजक, नेहा कुमारी वंदना, पूजा कुमारी समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

### रेन कोट मिलते ही बच्चे के चेहरे खिल उठे

गोह (औरंगाबाद) (सं.)। गोह प्रखंड के तीन विद्यालय के बच्चो के बीच रेनकोट का वितरण किया गया। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय मलहद, राजकीय मध्य विद्यालय सरेया, प्राथमिक विद्यालय कुड़माईन के बच्चो को निःशुल्क रेनकोट दिया गया। रेन कोट मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जेवी स्माइलीज फाउंडेशन की ओर से रेनकोट दिया गया। संस्था के निदेशक डॉ. अमित कुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालय में अधिकांश गरीब घर के बच्चे पढते हैं। बरसात के दिनों में पानी मे भींग जाने से वे लोग बीमार पड़ जाते हैं। जिससे उनकी पढ़ाई-लिखाई प्रभावित होती है। उससे बचने के लिए संस्था इस तरह का पहल किया है। रेनकोट वितरण में विद्यालय के सभी शिक्षको ने सहयोग किया।

### जगजीवन महाविद्यालय में स्नातक 2023-27 और 2024-28 बैच के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप हेतु ओरिएण्टेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया

गया जी।जगजीवन महाविद्यालय, गया जी के मानवीकी संकाय अंतर्गत उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी और दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक 2023-27 और 2024-28 बैच के छात्र-छात्राओं को अनिवार्य इंटर्नशिप हेतु ओरिएण्टेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया हैं। इसमें भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और संबंधित विभागों के प्रोफेसर मौजूद थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने कहा कि सभी विद्यार्थी नियमित तौर पर कक्षाओं में अपनी उपस्थिति बनाए रखिए। आप सभी ससमय इंटर्नशिप पूरा करें।

# गया जंक्शन व डीडीयू मंडल के स्टेशन मास्टरों का जोनल मुख्यालय पर प्रदर्शन

**■ जीएम सहित कई वरीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की ओर से गुरूवार को पूर्व मध्य रेल जोन में पावर डे आयोजित किया गया। इस अवसर पर गया जंक्शन सहित डीडीयू मंडल के स्टेशन मास्टरों का जत्था शामिल रहा। साथ ही गया जंक्शन रेल ट्रफिक इंस्पेक्टर सह ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल हाजीपुर जोन मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने रेल प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर स्टेशन मास्टरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गया टीआई (मूवमेंट) सह केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, डीडीयू मंडल सचिव प्रिंस कुमार, मंडल अध्यक्ष अमित रंजन कुमार, मुन्ना सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।जोनल सचिव कुमार विजय के साथ प्रतिनिधिमंडल ने जीएम,, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंध और प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकार को ज्ञापन सौंपा।

रिक्त पदों को भरने से लेकर ड्यूटी अवधि घटाने तक की मांग

ज्ञापन में स्टेशन मास्टर कैडर की सभी रिक्तियों को तत्काल भरने, 12 घंटे के थकाऊ एवं असुरक्षित ड्यूटी रोस्टर को समाप्त करने और लेवल-6 से 9 तक के सभी स्टेशन मास्टरों को बिना सीलिंग लिमिट के रात्रि ड्यूटी भत्ता देने की मांग की गई। इसके अलावा अंतर-रेलवे एवं अंतर-मंडलीय स्थानांतरण व्यवस्था को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने आगरा रेल दुर्घटना की निष्पक्ष जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा जंक्शन एवं अत्यधिक व्यस्त स्टेशनों पर छह घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू कर अतिरिक्त मैनपावर उपलब्ध कराने की मांग भी की। सदस्यों ने कहा कि अत्यधिक कार्यबोझ और मानसिक तनाव का सीधा असर रेल परिचालन की संरक्षा पर पड़ता है। इसलिए मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई जरूरी है।

# हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लॉक परिसर से जगतपति कुमार तक निकाला गया तिरंगा यात्रा

## शाहिद जगतपति कुमार के स्मारक पर पुष्प अर्पित की गई

**प्रात: किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। ओबरा प्रखंड परिसर स्थित बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार के अध्यक्षता में हर घर तिरंगा यात्रा के तहत प्रखंड परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

उक्त तिरंगा यात्रा में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार एवं ओबरा पंचायत के मुखिया सीमा अग्रवाल मुखिया संघ के अध्यक्ष उदय नारायण सिंह मुखिया तुफेल अंसारी सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के अध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल शिक्षक राकेश रंजन के अलावे जनप्रतिनिधि संबंधित विभाग के पदाधिकारी कर्मी एवं जीविका दीदी तथा स्कूली बच्चे तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल थे सभी लोगों ने अपने-अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए प्रखंड परिसर होते हुए मुख्य बाजार पैदल मार्च होते हुए शाहिद जगतपति कुमार के स्मारक पहुंचकर पदाधिकारी ने माल्यार्पण किया तथा पुनः पुणह ब्लॉक परिसर मैं तब्दील हो गया वही तिरंगा यात्रा का सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार अपने दल बल के साथ कर रहे थे जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश पर हर घर तिरंगा फहराने को लेकर लोगों को जागरुक करते हुए ओबरा शहर में तिरंगा यात्रा निकल गई उक्त तिरंगा यात्रा मे भव्य रूप से लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा शाहिद जगतपति कुमार को माल्यार्पण किया गया कहा कि झंडा देश का सान है इसे हम सभी को बचाने की जरूरत है तिरंगा यात्रा पुरी कतार बद्ध निकलते हुए कदम ताल के तहत निकल गई वही ब्लॉक परिसर स्थित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी के स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इसके अलावे जीविका दीदी ने भी पुरी ताकत के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सभी ने देशभक्ति की गीत गाते हुए चिलचिलाती धूप में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर विभिन्न कार्यालय के कर्मी तथा पदाधिकारी मौजूद रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने घर पर 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराना सुनिश्चित करें ।

उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश का हम सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों को पूर्ण रूप से पालन करने की आवश्यकता है ।

इस मौके पर प्रखंड नाजिर विकास कुमार पंचायत सचिव सूरदयाल राम विजय यादव अजय कुमार मेहता विकास कुमार रोनी दुबे इंदिरा आवास पर्यवेक्षक अमन कुमार कन्या अभियंता अक्षय कुमार वीरेंद्र पांडे दीनानाथ सत्येंद्र कुमार अकाउंटेंट देवेंद्र कुमार कनीए अभियंता अक्षय कुमार अरविंद कुमार अमर कुमार सतीश कुमार सहित काफी संख्या में कर्मी मौजूद रहे।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा किया गया जस्ट डांस अकादमी की द्वितीय शाखा समारोह के आयोजन का भव्य शुभारंभ

**प्रात: किरण संवाददाता**



गया। स्वराजपुरी रोड स्थित बंधन बैंक के निकट जस्ट डांस अकादमी की द्वितीय शाखा के शुभारंभ समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं।

अपने संबोधन में अध्यक्ष ने जस्ट डांस एकेडमी के निर्देशक शुभम श्रीवास्तव बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह से शहर के युवाओं को कला एवं संस्कृति में प्रशिक्षित कर आगे बढ़ाया जिससे कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़े और अपना उज्जवल भविष्य बनाएं । इसके साथ ही साथ विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर शुभम श्रीवास्तव जी को कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का सदस्य घोषित किया एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई अम्रपाली योजना के संबंध में उपस्थित जनसमूह को विस्तृत जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की योजनाएँ राज्य के सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि जस्ट डांस अकादमी द्वारा युवाओं को नृत्य एवं संगीत का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा और वे कला के क्षेत्र में अपना भविष्य संवार सकेंगे।

इस अवसर पर सीआरपीएफ 47 बटालियन के द्वितीय कमांडेंट श्री कृष्ण कुमार सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया है।

इस समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति डा रामानुज पत्रकार सह समाज सेवी,विवेक आदी अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे हैं। इस कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया है।

# गयाजी में शोक की लहर : 80 वर्षीय समाजसेवी रमेश प्रसाद सिंह लुलन बाबू का निधन

**■ बोधगया अधिसूचित क्षेत्र समिति के पूर्व अध्यक्ष ने 80 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, इलाज के दौरान टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में हुआ निधन**

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया। सामाजिक सरोकारों से जुड़े और बोधगया अधिसूचित क्षेत्र समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह उर्फ लुलन बाबू का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही बोधगया और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक जीवन में सक्रिय रहने वाले रमेश प्रसाद सिंह के निधन से शुभचिंतकों, समर्थकों और परिचितों में गहरा दुःख व्याप्त है।परिजनों के अनुसार रमेश प्रसाद सिंह जी का 12 अगस्त 2026 को शाम 5:20 बजे टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाज के क्रम में स्वर्गवास हो गया। उनके निधन से परिवार ने अपने एक मजबूत स्तंभ को खो दिया।परिजनों ने बताया कि स्वर्गीय रमेश प्रसाद सिंह का पार्थिव शरीर 13 अगस्त 2026 को सुबह 8 बजे केन्दुई स्थित आवास से अंतिम संस्कार के लिए विष्णुपद श्मशान घाट ले जाया जाएगा। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजनों, शुभचिंतकों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के शामिल होने की संभावना है।रमेश प्रसाद सिंह उर्फ लुलन बाबू ने अपने लंबे सामाजिक जीवन के दौरान लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। बोधगया अधिसूचित क्षेत्र समिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन को क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

### शिक्षित बच्चों से ही राष्ट्र का उत्थान संभव:भास्कर कुमार

अरवल। जिला शिक्षा पदाधिकारी अरवल से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अरवल विधानसभा के कई विद्यालयों के समस्याओं से अवगत कराकर शीघ्र समाधान कराने का आग्रह राम विनय शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं भास्कर कुमार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा बिहार ने किया।शिक्षा को और सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीका से बेहतर बनाने का सुझाव दिया। जिला में बहुत सारे उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन एवं भूमि के अभाव में मध्य विद्यालय में ही उच्च विद्यालय का शिक्षण कार्य किया जा रहा है जिससे मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय का पठन पठान प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए बिहार सरकार के द्वारा भवन निर्माण के लिए पर्याप्त राशि शिक्षा विभाग को उपलब्ध भी कर दिया गया है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हमें सादगी, सेवा, न्याय, करुणा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

**प्रात: किरण संवाददाता**



गया जी।लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गया जी स्थित विष्णुपद मंदिर परिसर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर सहित ने विष्णुपद मंदिर स्थित अहिल्याबाई होल्कर ज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके महान व्यक्तित्व एवं लोककल्याणकारी कार्यों को नमन किया श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा, धर्म, संस्कृति और समाज के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने देश के विभिन्न तीर्थस्थलों के विकास, मंदिरों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार, धर्मशालाओं, कुओं, घाटों और सड़कों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके द्वारा गया जी में भगवान विष्णु के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के निर्माण एवं विकास के लिए किए गए कार्य आज भी उनकी धार्मिक आस्था और दूरदर्शिता की मिसाल हैं।उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने केवल अपने राज्य की प्रजा के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के धार्मिक एवं सामाजिक जीवन को समृद्ध करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनके द्वारा निर्मित एवं संरक्षित अनेक धर्मशालाएं और जनोपयोगी संस्थान आज भी लोगों के लिए सेवा का माध्यम बने हुए हैं।डॉ. मिश्रा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हमें सादगी, सेवा, न्याय, करुणा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया हू। आज श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील बंबईया राणा रणजीत सिंह विजय प्रसाद उर्फ कला नाग गोपाल प्रसाद यादव रामविलास सांव उर्फ गुड्डू सांव अजय नारायण सिंह उर्फ मुन्ना कमल बारिक दीपक पांडे कुंदन सिंह महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता हीरा यादव अभिषेक कुमार संजय यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अरवल में बनेगा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का बज्रगृह-सह-परीक्षा भवन, डीएम ने बेलखरा डिग्री कॉलेज का किया निरीक्षण

**प्रात: किरण संवाददाता**




अरवलःबिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जिले में प्रस्तावित बज्रगृह-सह-परीक्षा भवन के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि के चयन के लिए जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैंस ने आज राजकीय डिग्री कॉलेज, बेलखरा, करपी का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उद्ट ने महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध भूमि, भवन निर्माण की संभावनाओं, परिसर की उपयुक्तता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।भवन का मुख्य उद्देश्यःप्रस्तावित बज्रगृह-सह-परीक्षा भवन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का सुरक्षित भंडारण और परीक्षाओं के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए एक स्थायी परिसर उपलब्ध कराना है।वर्तमान में परीक्षाओं और चुनावों के दौरान स्कूल-कॉलेज के भवनों का उपयोग स्ट्रांग रूम और सामग्री भंडारण के लिए किया जाता है।

जिससे नियमित पठन-पाठन प्रभावित होता है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा एवं निर्वाचन के लिए अलग परिसर उपलब्ध होने से विद्यालयों में पढ़ाई निर्बाध चलेगी और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी।

इससे समय और संसाधनों की भी बचत होगी।उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित भवन को केवल परीक्षा तक सीमित न रखा जाए। इसे मल्टीपर्पस हॉल के रूप में विकसित किया जाए ताकि जब परीक्षा न हो तब इसका उपयोग सेमिनार, कार्यशाला, प्रशिक्षण और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किया जा सके।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त श्री शैलेश कुमार, उ्ढड शिक्षा, विशेष कार्य पदाधिकारी ऋषिकेश तिवारी सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मी उपस्थित रहे। संबंधित पदाधिकारियों ने प्रस्तावित स्थल की जानकारी उद्ट को उपलब्ध कराई।

# शेरघाटी प्रखंड कार्यालय से निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

**प्रात: किरण संवाददाता**

शेरघाटी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार की देर शाम शेरघाटी प्रखंड कार्यालय परिसर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार, अंचल अधिकारी उषा कुमारी तथा कल्याण पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमल किशोर राजश्व पदाधिकारी अमित कुमार सिंह के अलावे जन प्रतिनिधि भी शामिल रहे,साथ ही कार्यालय के सभी कमीयी ने चढबढ का भाग लिया। प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू हुई यह यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए थाना मोड़ तक पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा था। ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लवंदे मातरम्ह्व और ह्लजय हिंदह्व के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। यात्रा के दौरान लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व से युवाओं और आम नागरिकों को जोड़ना है। उन्होंने सभी लोगों से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान किया।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर परिवहन विभाग ने लोगों को किया जागरूक

**प्रात: किरण संवाददाता**



गया जी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत गया जिला परिवहन विभाग की ओर से लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति जागरूक किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) राजेश कुमार ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और गौरव का प्रतीक है। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रध्वज का सम्मान करते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करे।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल घरों पर तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है बल्कि यह अभियान नागरिकों में राष्ट्रभक्ति और ह्यराष्ट्र प्रथमह्ल की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों, यात्रियों, युवाओं और आम नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की जा रही है। डीटीओ राजेश कुमार ने कहा कि तिरंगे के तीनों रंग देशवासियों को महत्वपूर्ण संदेश देते हैं। केसरिया साहस और त्याग, श्वेत सत्य एवं शांति तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का प्रतीक है। मध्य में स्थित अशोक चक्र निरंतर कर्म, प्रगति और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराएं। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और मयार्दा का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय जागरूकता को भी बढ़ावा देना है। हर घर तिरंगा अभियान में सामूहिक भागीदारी से राष्ट्रीय एकता की भावना और मजबूत होगी।

# जदयू प्रखंड कार्यालय में झंडातोलन का कार्यक्रम संपन्न करेंगे प्रखंड अध्यक्ष: जिलाअध्यक्ष ,अजय कुशवाहा

**प्रात : किरण संवाददाता**




गया जी।कपूर्री सभागार जदयू कार्यालय गया मे 15 अगस्त झंडातोलन की तैयारी बैठक सम्मानित जदयू जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई है। इस झंडातोलन पर विशेष चर्चा हुई है।जिसमें झंडातोलन का समय 11बजे दिन में रखी गई है।

झंडातोलन मे प्रदेश एवं जिला पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं प्रेस मीडिया के सभी साथियों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही सभी सम्मानित प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने अपने प्रखंड कार्यालय में झंडातोलन का कार्यक्रम संपन्न करेंगे।

इस मौके पर उपस्थित साथी मधुसूदन राय, धनंजय शर्मा, अरुण राव, कुण्डल वर्मा, वृजराज पाण्डेय , प्रभात राउत, राम लखन स्वर्णकार, पप्पु दांगी, दिनेश कुमार सिन्हा, कैलाश पासवान, अरविंद वर्मा, अलका सिंह, शिव शंकर दास एवं अन्य साथी उपस्थित रहे हैं।

# गया-मुंबई नई ट्रेन सहित कई प्रमुख मांगों को लेकर यात्री सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

**■ गया की रेल सुविधाओं में विस्तार की मांग, रेल मंत्री से लंबित प्रस्तावों पर ग्रैंड कार्ड पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन ने की कार्रवाई की अपील**

**प्रात : किरण संवाददाता**



गया जी। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं तीर्थस्थल गया में बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए रेल सुविधाओं में विस्तार की मांग तेज हो गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से गया के लिए लंबित रेल परियोजनाओं और नई ट्रेनों से जुड़े प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की गई है। गया में विष्णुपद और बोधगया कॉरिडोर बनने के बाद भविष्य में यात्रियों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना जताई गई है।

ग्रैंडकॉर्ड पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में कहा कि गया से मुंबई के बीच नई दैनिक ट्रेन शुरू करने की मांग प्रमुखता से रखी गई है।

वर्तमान में गया क्षेत्र से मुंबई के लिए सीधी दैनिक रेल सेवा सीमित होने के कारण यात्रियों को पटना, वाराणसी समेत अन्य स्टेशनों से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। गया-मुंबई नई ट्रेन का प्रस्ताव पूर्व मध्य रेल द्वारा रेलवे बोर्ड को भेजे जाने के बावजूद मामला लंबित बताया गया है।

इसके अलावा अहमदाबाद, सूरत, पुणे, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और एनार्कुलम के लिए नई ट्रेनों की मांग की गई है। इन सेवाओं के लिए गया में अतिरिक्त वाशिंग पिट निर्माण पर भी जोर दिया गया है। बताया गया कि गया में वर्ष 2017 में दूसरी वाशिंग पिट बनने के बाद अब तक नई पिट का निर्माण नहीं हुआ है।

12259/12260 दुरंतो एक्सप्रेस का गया में ठहराव देने की मांग भी की गई है। इसके लिए पूर्व मध्य रेल ने रेलवे बोर्ड को अनुशंसा भेजी है। वहीं 14259/14260/14261/14262 गया-लखनऊ एकात्मा एक्सप्रेस को सप्ताह के सातों दिन चलाने के लिए अतिरिक्त रैक उपलब्ध कराने की मांग की गई है। गया-किऊल रेल मार्ग पर भी नई ट्रेनों के परिचालन की आवश्यकता बताई गई है। इन कदमों से गया, बोधगया और पितृपक्ष मेले में आने वाले देश-विदेश के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय ध्वज देश की आन-बान और शान का प्रतीक: जिला पदाधिकारी

- जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में बैरिया में निकली भव्य तिरंगा यात्रा
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत बैरिया में उमड़ा जनसैलाब, राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। पंचायती राज विभाग, बिहार के निदेशानुसार स्वतंत्रता दिवस-2026 एवं वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिले के बैरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत मियांपुर दुबौलिया में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत पंचायत सरकार भवन, मियांपुर से उच्च विद्यालय, बथना तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकताओं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम् के उद्घोष के साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विकास कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सौरभ आलोक, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बैरिया सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवं ध्वज संहिता के नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा अधिक-से-अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय गौरव और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है। वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का यह ऐतिहासिक अवसर हम सभी के लिए गर्व का विषय है। प्रत्येक पंचायत, प्रत्येक घर और प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही यह अभियान अपने उद्देश्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं ध्वज संहिता के नियमों का पालन करते हुए पूरे उत्साह के साथ इस अभियान में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग के निदेशानुसार 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के आवासों एवं सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन कर राष्ट्रभक्ति एवं जनजागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

# एसएसबी-पुलिस की तिरंगा साइकिल रैली, चंडी स्थान में हुआ पौधारोपण

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का दिया संदेश, सीमावर्ती इलाकों में भी बांटे गए तिरंगे

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को एसएसबी 21वीं वाहिनी और बगहा पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। एसएसबी कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत के मार्गदर्शन और बगहा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, क्ढर की सक्रिय सहभागिता में आयोजित रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

रैली में एसएसबी 21वीं वाहिनी के अधिकारी व जवानों के साथ बगहा पुलिस के जवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी भीष्म साहनी, पूर्व एमएलसी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी रैली में भाग लेकर अभियान को समर्थन दिया। तिरंगा साइकिल रैली का शुभारंभ एसएसबी 21वीं वाहिनी मुख्यालय, बगहा से हुआ। रैली अनुमंडल कार्यालय और सदर अस्पताल होते हुए चंडी स्थान, बगहा-1 पहुंची।

चंडी स्थान मंदिर परिसर में रैली के समापन के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसएसबी जवानों, बगहा पुलिस और स्थानीय नागरिकों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर एसएसबी कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है।

तिरंगा देश के शहीदों के बलिदान और राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर गर्व के साथ तिरंगा फहराने की अपील की।

वहीं, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, IPS ने कहा कि एसएसबी और बगहा पुलिस मिलकर तिरंगे को हर घर तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ढेबर गांव में छापेमारी, तीन वारंटी गिरफ्तार

सीवान/ दरौंदा थाना क्षेत्र के ढेबर गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व के मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान जलेन्द्र राम, ललन राम एवं अशोक राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीनों के विरुद्ध पूर्व के मामलों में न्यायालय से वारंट निर्गत था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ढेबर गांव में छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### 'बदलाव जरूरी है' के संदेश के साथ किसानों-मजदूरों के हक की बुलंद हुई आवाज

बेतिया। राष्ट्रव्यापी आह्वान पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पदयात्रा के आठवें दिन पश्चिम चम्पारण जिले के मैनाटांड और सिकटा प्रखंड में पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने पदयात्रा निकालकर आम जनता के बीच बदलाव जरूरी है का संदेश दिया। मैनाटांड प्रखंड के झझरी, पीडारी, इनरवा एवं मैनाटांड में पदयात्रा निकाली गई, जबकि सिकटा प्रखंड के बलथर और बैशखवा में कार्यकताओं ने पदयात्रा कर जनता को अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। पदयात्रा के दौरान किसानों की कर्जमाफी, फसलों का लाभकारी मूल्य, चार लेबर कोड वापस लेने, पेपर लीक पर रोक लगाने, गरीबों को उजाड़ने की कार्रवाई पर रोक, खाद की कालाबाजारी बंद करने तथा भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध और महंगाई पर प्रभावी रोक लगाने की मांग जोरदार तरीके से उठाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला नेता राधामोहन यादव, राज्य परिषद सदस्य केदार चौधरी, खेत मजदूरों के जिला सचिव सुबोध मुखिया, किसान नेता चन्द्रिका प्रसाद, लछुमन राम, श्रीकिसुन पासवान, गोदावरी देवी और जोड़ पासवान ने किया। किसान नेता राधामोहन यादव ने कहा कि भाकपा किसानों को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य दिलाने, सभी तरह के कर्ज माफ कराने और जरूरतमंद किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की जमीन छीनकर सैटेलाइट सिटी के नाम पर रियल एस्टेट को देने की साजिश बंद होनी चाहिए।

### सीवान सदर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश

सीवान। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीवान सदर विधानसभा क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में पूर्व मंत्री सह सीवान सदर विधायक मंगल पांडेय, पर्यटन मंत्री सह सीवान जिला प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता तथा दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। पूरे यात्रा मार्ग पर राष्ट्रभक्ति का माहौल बना रहा। नेताओं ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश के गौरव, स्वाभिमान, एकता और वीरता का प्रतीक है। वक्ताओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में देशप्रेम और राष्ट्रसेवा की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।

# नेपाल के त्रिवेणी संगम तट पर हुआ रामनगर राजा विक्रम शाह का अंतिम संस्कार

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। रामनगर राजघराने के लोकप्रिय और चर्चित राजा विक्रम शाह का अंतिम संस्कार नेपाल स्थित त्रिवेणी संगम तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में राजघराने से जुड़े लोगों, गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और राजा विक्रम शाह को अंतिम विदाई दी। बताया जाता है कि करीब चार दिन पूर्व रामनगर राज के राजा विक्रम शाह का इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से रामनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई थी। राजघराने से जुड़े होने के साथ ही विक्रम शाह अपने मिलनसार व्यवहार और सामाजिक सरोकारों के कारण लोगों के बीच लोकप्रिय रहे। अंतिम संस्कार के लिए उनके पार्थिव शरीर को नेपाल के त्रिवेणी संगम तट पर ले जाया गया, जहां पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान त्रिवेणी संगम तट पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गणमान्य लोगों और स्थानीय नागरिकों ने राजा विक्रम शाह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजा विक्रम शाह के निधन को रामनगर राजघराने के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों ने उनके व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके निधन से क्षेत्र ने एक लोकप्रिय और सम्मानित व्यक्तित्व को खो दिया है।

# भारतीय सेना में गोरखा भर्ती बहाल करने की मांग, पोखरा में प्रदर्शन

- नेपाली युवाओं और पूर्व गोरखा सैनिकों के परिवारों ने उठाई आवाज, अग्निपथ योजना के तहत भर्ती शुरू करने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाली युवाओं की भर्ती फिर से शुरू करने की मांग को लेकर बुधवार को नेपाल के पोखरा में प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में नेपाली युवाओं के साथ भारतीय सेना में सेवा दे चुके पूर्व गोरखा सैनिकों के परिवारों की भी भागीदारी रही। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से नेपाली युवाओं के लिए भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाली युवाओं की भर्ती लंबे समय से चली आ रही ऐतिहासिक परंपरा है। अग्निपथ योजना लागू होने के बाद वर्ष 2022 से नेपाल से भारतीय सेना में नई भर्ती रुक गई है। इससे भारतीय सेना में शामिल होने की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में नेपाली युवाओं के भविष्य पर असर पड़ा है।

चार साल की सेवा व्यवस्था पर नेपाल की आपत्तिः भारतीय सेना में वर्ष 2022 में अग्निपथ योजना लागू की गई थी। इस योजना के तहत सैनिकों की एक बड़ी संख्या को चार वर्ष की सेवा के बाद बाहर किया जाता है, जबकि सीमित संख्या में अग्निवीरों को आगे स्थायी सेवा का अवसर मिलता है। नेपाल की ओर से इसी व्यवस्था को लेकर आपत्ति जताई गई है। नेपाल में यह चिंता भी रही है कि नई व्यवस्था पारंपरिक गोरखा भर्ती की सेवा शर्तों से अलग है।

पोखरा रहा है गोरखा भर्ती का प्रमुख केंद्रः पोखरा लंबे समय से नेपाली युवाओं के लिए भारतीय सेना की गोरखा भर्ती का प्रमुख केंद्र रहा है। बड़ी संख्या में युवा भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए यहां शारीरिक और अन्य तैयारियां करते रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार,स्वतंत्रता के बाद भी गोरखा सैनिक भारतीय सेना का अंग बने रहे। 1947 के बाद भारत, नेपाल और ब्रिटेन के बीच हुए समझौते मे ब्रिटिश और भारतीय सेना मे भर्ती जारी रहेंगे।

# रेलवे ट्रैक पार करने पर छह के खिलाफ कार्रवाई

- अवैध रूप से प्लेटफॉर्म पर घूमने तथा शौच के उद्देश्य से यार्ड में ट्रैक पार करने वाले लोगों की जांच की गई

प्रात: किरण संवाददाता




सीवान/दरौंदा आरपीएफ चौकी दरौंदा की ओर से जन विश्वास अधिनियम 2026 के तहत गुरुवार को दरौंदा रेलवे स्टेशन परिसर और यार्ड में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेलवे ट्रैक पार करने, अवैध रूप से प्लेटफॉर्म पर घूमने तथा शौच के उद्देश्य से यार्ड में ट्रैक पार करने वाले लोगों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कुल छह व्यक्तियों को पकड़ा गया। सभी के खिलाफ जन विश्वास अधिनियम 2026 के तहत कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया। आरपीएफ ने बताया कि रेलवे परिसर और यार्ड में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आरपीएफ चौकी दरौंदा ने स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों से अपील की है कि बिना अधिकार-पत्र के स्टेशन परिसर या रेलवे यार्ड में प्रवेश न करें और न ही शौच के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक पार करें। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ जन विश्वास अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

- गांव की गलियों से मुख्य मार्ग तक गूंजा देशभक्ति का संदेश, हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर शामिल हुए छात्र-छात्राएं

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गांव-गांव स्थित सरकारी विद्यालयों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संतपुर बगहा-2 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा अभियान से जुड़े बैनर और पोस्टर लेकर प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने गांव की गलियों से होते हुए मुख्य मार्ग तक मार्च किया और लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बच्चों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। सहायक शिक्षक चुनचुन पांडे ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालय के बच्चों को राष्ट्रध्वज के महत्व और देशभक्ति की भावना से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। प्रभात फेरी गांव की गलियों से होते हुए मुख्य मार्ग तक पहुंची, जहां बच्चों ने लोगों को अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में राष्ट्रीय भावना, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता का विकास होता है। विद्यालय परिवार की ओर से आगे भी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पानी चलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल

सीवान/ दरौंदा थाना क्षेत्र के सतजोड़ा वार्ड संख्या-5 में बुधवार की देर रात पानी चलाने को लेकर दो पड़ोसी पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। बताया जाता है कि पानी चलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। इसके बाद विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। 112 वाहन पर तैनात पुलिस अधिकारी योगेंद्र तिवारी सहित टीम ने घायलों को तत्काल वाहन से महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सभी का इलाज शुरू किया। घायलों के अस्पताल पहुंचने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

# पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, घर के दरवाजे पर शव फेंककर आरोपी फरार

- रामनगर के मुंडला गांव में दिनदहाड़े वारदात से सनसनी, तीन लोगों पर हत्या का आरोप; पुलिस गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बगहा पुलिस जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के मुंडला गांव में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुंडला गांव निवासी हरिंदर यादव के 35 वर्षीय पुत्र ओम यादव के रूप में हुई है। मृतक के मामा अर्जुन यादव ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर मुकंदर यादव, नन्हक यादव और दीपू यादव ओम यादव को उसके घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि तीनों ने मिलकर युवक की हत्या कर दी। इसके बाद शव को मृतक के घर के दरवाजे पर लाकर फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। घर के बाहर शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना रामनगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा भेज दिया। रामनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक और आरोपित पक्ष के बीच पूर्व से विवाद होने की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने मामले में दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# विश्व हाथी दिवस पर वीटीआर में हाथियों को मिली खास दावत



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर बुधवार को वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के मदनपुर, वाल्मीकिनगर और गौनौली रेंज में हाथियों के लिए विशेष दावत का आयोजन किया गया। इस दौरान हाथियों को गन्ना, केला, सेब, गुड़ समेत उनके पसंदीदा खाद्य पदार्थ सजाकर परोसे गए। विशेष दावत से पहले हाथियों को स्नान कराया गया। इसके बाद महावतों ने उनके सिर पर सरसों के तेल की मालिश भी की। वीटीआर में फिलहाल चार नर हाथी राजा, द्रोणा, मणीकंठा और बालाजी हैं। विश्व हाथी दिवस को लेकर चारों हाथियों के लिए पहले से विशेष मेन्यू तैयार किया गया था। पसंदीदा भोजन सामने आते ही हाथी उत्साहित नजर आए। हाथियों की देखभाल में लगे महावत और वनकर्मी भी इस दौरान काफी खुश दिखे। इस अवसर पर रेंजर सत्यम कुमार ने स्कूली छात्रों को हाथियों की विशेषताओं, उनके व्यवहार और संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वीटीआर प्रशासन हाथियों की विशेष देखभाल करता है। विश्व हाथी दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम महज दावत तक सीमित नहीं है, बल्कि वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और उनके संरक्षण का संदेश भी देता है। मदनपुर वन क्षेत्र के रेंजर नसीम अंसारी ने कहा कि हाथी केवल वन्यजीव नहीं, बल्कि वीटीआर परिवार का हिस्सा हैं। उनके भोजन, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि विश्व हाथी दिवस के अवसर पर वीटीआर के विभिन्न रेंज में हाथियों के लिए विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वनपाल आशीष कुमार, फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरभ कुमार, ओम प्रकाश सिंह समेत वनकर्मी और महावत मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता आंदोलन के नायक थे उमाशंकर प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



महाराजगंज। जब पूरा देश महात्मा गांधी के नेतृत्व में अंग्रेजों से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहा था और अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद कर रहा था। उस समय पुराने सारण जिले के अब सिवान जिले के महाराजगंज में एक नौजवान जिसका नाम था उमाशंकर प्रसाद अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गया था। अंग्रेजी हुकूमत के विरोध के बावजूद मात्र 28 वर्ष की उम्र में सन 1931 में महाराजगंज शहर के बीचो-बीच अपने निजी भूमि पर अपने निजी कोष से उमाशंकर प्रसाद हाई स्कूल की स्थापना कर विद्यालय के माध्यम से बच्चों में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का उमाशंकर प्रसाद पढ़ाई कराने लगे। उमाशंकर प्रसाद की सक्रियता देखकर अंग्रेजी हुकूमत लगातार उमाशंकर प्रसाद को ढूंढने लगी लेकिन आजादी के लड़ाई का यह बांकुरा उनके फैलाए हुए जाल में फसने को तैयार नहीं था। सन 1927 में जब महाराजगंज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आगमन हुआ तो उमाशंकर प्रसाद ने बापू को 1001 रुपए की चांदी के सिक्के की थैली भेंट की ताकि अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ी जाने वाली लड़ाई आर्थिक कमी के कारण कमजोर ना हो जाए। अंग्रेजी हुकूमत को जब उमाशंकर प्रसाद नहीं मिले तो अंग्रेज सिपाहियों ने उमाशंकर प्रसाद हाई स्कूल के लाइब्रेरी में आग लगा दी। जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन की शिक्षा उमाशंकर प्रसाद द्वारा बच्चों को दी जा रही थी। इतना से भी जब अंग्रेजों का जी नहीं भरा तो मेंन रोड पर उमाशंकर प्रसाद के किराने की दुकान को अंग्रेजी सिपाहियों ने लूट लिया और उसके बाद उमाशंकर प्रसाद को देखते ही गोली मार देने का आदेश जारी कर दिया। बड़े व्यवसायी परिवार से आने के कारण उमाशंकर प्रसाद ने आंदोलन आर्थिक कमी के कारण कमजोर न पड़ जाये आर्थिक मदद भी की। स्वतंत्रता आंदोलन में नमक बनाओ आंदोलन में उमाशंकर प्रसाद ने देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाई।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर सीवान स्टेशन पर श्वान रैंबो से हुई सघन जांच

प्रात: किरण संवाददाता



सीवान। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट सीवान और जीआरपी सीवान की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सीवान रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्रशिक्षित श्वान रैंबो की मदद से स्टेशन परिसर और विभिन्न ट्रेनों में विस्फोटक पदार्थों की जांच की गई। आरपीएफ पोस्ट सीवान के प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर पाली प्रभारी सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा, हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार दीक्षित, जीआरपी के सउनि विनोद कुमार यादव, कांस्टेबल लालमन राम सहित वानों ने जांच की। टीम ने पार्सल घर, बुकिंग हॉल, सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय और विभिन्न प्लेटफार्मों की सघन जांच की। इसके अलावा टीम ने स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 15565, 14604, 14673, 02563, 13020 और 15110 में भी श्वान रैंबो की सहायता से विस्फोटक पदार्थों की जांच की। जांच के दौरान सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य पाई गई। स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आरपीएफ और जीआरपी की निगरानी लगातार जारी है।

# ऐतिहासिक किशुन बाग मंदिर परिसर का होगा कायाकल्प, चहारदीवारी के साथ लगेगी पेबर ब्लॉक्स व टाइल्स, निविदा जारी: गरिमा

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि बेतिया नगर निगम क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल किशुन बाग मंदिर परिसर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर निगम बोर्ड से स्वीकृत योजना के तहत सम्पूर्ण मंदिर परिसर की चहारदीवारी निर्माण के साथ पेबर ब्लॉक्स एवं टाइल्स लगाने की योजना को धरातल पर उतारने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इससे जिलाभर के लाखों लोगों धार्मिक आस्था के इस महत्वपूर्ण केंद्र को व्यवस्थित, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति के अनुसार, योजना के लिए अनुमानित लागत 11 लाख 34 हजार 565 रुपये निर्धारित की गयी है। कार्य में ऐतिहासिक किशुन बाग मंदिर परिसर की चहारदीवारी के निर्माण के साथ परिसर में पेबर ब्लॉक्स एवं टाइल्स लगाने का काम शामिल है। योजना पूरी होने के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए बेहतर एवं साफ-सुथरा मार्ग उपलब्ध होने के साथ परिसर की सुरक्षा भी मजबूत होगी। नगर निगम की इस पहल को शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण तथा विकास से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलने वाली सुविधाओं का विस्तार होना निर्धारित किया गया है। महापौर ने बताया कि निविदा में कार्य पूरा करने की अवधि तीन माह निर्धारित की गई है। संवेदकों से निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया के तहत 10 सितंबर तक दस्तावेज अपलोड करने की समय-सीमा तय है और 11 सितंबर को निविदा खोली जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बीजेपी नगरअध्यक्ष ने की तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। भारतीय जनता पार्टी के हवेली खड़गपुर नगर अध्यक्ष एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सह अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने जानकारी दी है कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 14 अगस्त 2026 (शुक्रवार) को सुबह 9 बजे हवेली खड़गपुर स्थित राजेंद्र श्रीकृष्ण (आर.एस.के.) उच्च विद्यालय परिसर पहुंचेंगे। यहां से वे भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने मुंगेर जिले के एनडीए के सभी पदाधिकारियों, मातृशक्ति, मंच-मोर्चा, शक्ति केंद्र, पंचायत प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकताओं से सुबह 8 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपनी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश देने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगा।

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। नगर स्थित सुभाष चंद्र कादंबरी साहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित वंदना सभा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर खंड कार्यवाह के नेतृत्व में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्य निरंजन कुमार ने गुरु के महत्व, समर्पण तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका पर विचार व्यक्त करते हुए सभी स्वयंसेवकों से समर्पण भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर खंड कार्यवाह राजन जी ने भी उपस्थित स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया तथा राष्ट्रसेवा और संगठन के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विशाल प्राइवेट आईटीआई में छात्राओं और दिव्यांगों को मिलेगा विशेष छूट



बोधगया। डोभी रोड स्थित प्रतिष्ठित संस्थान विशाल प्राइवेट आईटीआई में शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें सामाजिक सरोकार के तहत छात्राओं और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट की घोषणा की गई है ! संस्थान के ट्रस्टी सदस्य व युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके तहत सभी महिला अभ्यर्थियों को शिक्षण शुल्क में 5,000 रुपये और दिव्यांग विद्यार्थियों को 10,000 रुपये की सीधी छूट दी जाएगी ! यह संस्थान वर्ष 2015 से गया के प्रसिद्ध व्यवसायी स्वर्गीय बादल सिन्हा के शिक्षा और सेवा के आदर्शों से निरंतर प्रेरित होकर संचालित हो रहा है ! कॉलेज की पुस्तकालयाध्यक्ष अलका सिंह राजपूत ने क्षेत्र के सभी इच्छुक युवाओं से इस बेहतरीन अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने और कॉलेज कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त करने की अपील की है !

### गया को मिली एक और अमृत भारत ट्रेन की सौगात मिली मंजूरी

गया जी।22363/64 धनबाद कोयम्बटूर धनबाद साप्ताहिक अमृतभारत एक्सप्रेस22363 अमृतभारत एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार दोपहर 16:10 को धनबाद से रवाना होकर सोमवार शाम 18:30 पर कोयम्बटूर पहुँचेंगी। वापसी में 22364 अमृतभारत एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार सुबह 7:50 को कोयम्बटूर से रवाना होकर गुरुवार दोपहर 13:00 पर धनबाद पहुँचेंगी। स्टोपेजेस : धनबाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमोह जंक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, बभुवा रोड, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मिजार्पुर, प्रयागराज छिंवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंगपुर, पिपरिया, इटारसी, बैतूल, नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचरियाल, पेड़ापल्ली, वरंगल, महबूबाबाद, खम्मम, विजयवाड़ा, ओंगल, नेल्लूर, गुडूर, रेनिगुंटा, तिरूत्तनी, काटपाडी, जोलरपट्टी, सेलम इरोड, तिरुप्पुर, कोयम्बटूरकोच संरचना : 08 स्लिपर, 12 द्वितीय साधारण, 01 पेंट्रीकार, 01 एसएलआर कुल 22 अमृतभारत छव्हइ कोच।

## विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के 15 वें दिन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा संघन छापेमारी, तीन भोजनालय से बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज*जिला पदाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार श्रावणी मेला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर सघन रूप से धावादल का संचालन किया जा रहा है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भागलपुर जिला के श्रावणी मेला से संबंधित क्षेत्रों को 13 सेक्टरों में बाँटा गया है। आज दिनांक- 13.08.2026 को गठित धावादल के नोडल पदाधिकारी, श्री अभिनव आलोक, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुलतानगंज के नेतृत्व में टीम- 01 ने सेक्टर 01, 02, 03 एवं 04 का सघन निरीक्षण किया। जिसमें सुलतानगंज प्रखंड परिसर, रेलवे स्टेशन परिसर, सुलतानगंज प्रखंड परिसर, जहाज घाट, बाबा चौक इत्यादि आते हैं इस टीम में श्री प्रभात कुमार रंजन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, जगदीशपुर, श्री अखिलेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सबौर तथा श्रीमती काजल कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, गोराडीह शामिल थे। टीम- 02, जिसमें श्री परितोष कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, खरीक, श्री मनोहर कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बिहपुर, श्रीमती अनिता कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, नवगछिया एवं श्री प्रभाशीष, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, नारायणपुर शामिल थे के द्वारा सेक्टर- 05,06,07 एवं 08 का सघन निरीक्षण किया गया। इन क्षेत्रों में कृष्णगढ़ चौक, मसदी, कमरॉय तथा बुढ़ानाथ विद्यालय के आसपास के क्षेत्र आता है। टीम- 03 में मो० गुलफराज अंसारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सन्हौला, श्री ब्रजमोहन तांती, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पीरपैंती, श्री नितीश शर्मा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कहलगाँव एवं श्री आर्यन राज, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, नाथनगर के द्वारा नमामि गंगे घाट, सीढ़ी घाट, जहाज घाट, अजगैबीनाथ मंदिर, शाहाबाद चौक तथा धांधी बेलारी क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया (सेक्टर- 09,10,11,12 एवं 13)। धावादल के टीमों के द्वारा आलोक भोजनालय, न्यू सीढ़ी घाट, सुलतानगंज से 01, मेसर्स सृष्टि भोजनालय, कृष्णगढ़ चौक से 01 एवं आकुआ हाउस धर्मशाला से 01 बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया तथा संबंधित नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। उनके द्वारा कांवरिया पथ पर विभिन्न दुकानों में सघन एवं औचक निरीक्षण किया गया तथा नियोजकों से शपथ-पत्र लिया गया कि उनके द्वारा किसी भी रूप में बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जायेगा।

विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, भागलपुर को सुपुर्द किया गया। विमुक्त बाल श्रमिकों को 3,000 रु० तत्काल आर्थिक सहायता की राशि बाल कल्याण समिति के सदस्य/अध्यक्ष के समक्ष श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुलतानगंज द्वारा दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से उसके नाम 25,000 रु० (ऋ्रॣी ऊेस्त्रड्ढ२३) का सावधि जमा किया जाएगा। दोषी नियोजकों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी के अतिरिक्त एम०सी० मेहता बनाम तमिलनाडु सरकार में पारित आदेश के आलोक में उनके विरुद्ध कार्रवाई कर उनसे 20,000 रु० की राशि वसूली की जाएगी। साथ ही उनके विरुद्ध न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## परेड के पूर्वाभ्यास का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को जायजा भी लिया



प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर । स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों के क्रम में गुरुवार को पोलो मैदान, मुंगेर में चल रहे परेड के पूर्वाभ्यास का जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा अंतरिम निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने परेड में शामिल विभिन्न प्लाटून की टोलियों के परेड का निरीक्षण किया तथा पूर्वाभ्यास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, परेड में शामिल जवान एवं प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन कौशल किशोर पाठक द्वारा किया जा रहा था। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

मौके पर परेड में शामिल जवानों एवं प्रतिभागियों द्वारा अनुशासित एवं गरिमापूर्ण मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया।जिलाधिकारी ने परेड की तैयारी, अनुशासन, कदमताल, वर्दी एवं समग्र प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पूर्वाभ्यास के दौरान राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति भी की गई। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को राष्ट्रीय भावना, अनुशासन एवं गरिमा के अनुरूप आयोजित करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की स्वतंत्रता, त्याग, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। समारोह की प्रत्येक प्रस्तुति में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं गरिमा स्पष्ट रूप से परिलक्षित होनी चाहिए। उन्होंने परेड पूर्वाभ्यास को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पोलो मैदान में परेड का पूर्वाभ्यास लगातार जारी रहा तथा समारोह को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सारण के नियोजन मेले में 22 कंपनियों ने लिया हिस्सा, 673 अभ्यर्थियों का चयन

- 1,633 बायोडाटा प्राप्त, 939 युवाओं को विभिन्न विभागों ने दिया रोजगार व कौशल विकास का मार्गदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, सारण द्वारा गुरुवार को राजेंद्र कॉलेज में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेला आयोजित किया गया। मेले में रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में युवा पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।नियोजन मेले में निजी क्षेत्र की 22 कंपनियों ने सहभागिता दर्ज की। कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों से बायोडाटा प्राप्त किए गए। मेले के दौरान कुल 1,633 बायोडाटा प्राप्त हुए, जिनमें से 673 अभ्यर्थियों का नियुक्ति के लिए चयन किया गया।मेले में रोजगार के साथ-साथ युवाओं को करियर, कौशल विकास एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। आठ विभिन्न विभागों द्वारा 939 युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विशेषज्ञों एवं विभागीय पदाधिकारियों ने युवाओं को रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण तथा कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी।विभाग की ओर से अनेक अभ्यर्थियों का पोर्टल पर निबंधन भी कराया गया, ताकि वे भविष्य में आयोजित होने वाले नियोजन कैंप एवं रोजगार मेलों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकें।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी की सराहना किया ।

## फर्जी नंबर प्लेट का खेल: ओवरलोड बालू से लदा 18 चक्का ट्रक धराया, चालक-खलासी हिरासत में

प्रातः किरण संवाददाता

धरहरा (मुंगेर)। बालू के अवैध और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ हेमजापुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ओवरलोड बालू ले जा रहे 18 चक्का ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक जमुई नदी से बालू लेकर लखीसराय, सूर्यगढ़ा और मेदनी चौकी के रास्ते आगे जा रहा था। पुलिस ने मौके से ट्रक के चालक और खलासी को भी हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह करीब 6:30 बजे हेमजापुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक 18 चक्का ट्रक पर ओवरलोड बालू लादकर फर्जी नंबर के सहारे परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना में पदस्थापित एसआई संजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ वाहन की घेराबंदी कर उसे रोक लिया। ट्रक की तलाशी और जांच शुरू हुई तो वाहन पर क्षमता से अधिक बालू लदा मिला। इसके बाद पुलिस ने वाहन के कागजात की जांच की। जांच के दौरान मामला और भी गंभीर होता चला गया। ट्रक पर लगी नंबर प्लेट खव्र 02 अ 4554 थी, जिसे झारखंड का नंबर बताया जा रहा था। जांच में यह नंबर फर्जी पाया गया।जांच में वाहन का वास्तविक नंबर इफ01 5445 बताया गया। दूसरे राज्य का नंबर दिखाकर वाहन को सड़क पर चलाए जाने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं, चालक और खलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



जमुई से बालू, रास्ता लखीसराय और नंबर झारखंड का !

इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प बात यह सामने आई कि बालू जमुई नदी से उठाया गया था, ट्रक लखीसराय-सूर्यगढ़ा-मेदनी चौकी के रास्ते जा रहा था और नंबर प्लेट झारखंड की लगाई गई थी। पुलिस की जांच के बाद नंबर प्लेट का फजीर्वाड़ा सामने आने से बालू परिवहन के तरीके पर भी सवाल उठ रहे हैं।

वाहन मालिक का नाम हस्तानंद, ग्राम परतापुर, लखीसराय बताया जा रहा है। हालांकि वाहन के कागजात और बालू परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की विस्तृत जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

खान निरीक्षक भी जांच में जुटीं : मामले में खान निरीक्षक प्रिया कुमारी की ओर से भी आवश्यक जांच और कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और खनन विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि वाहन पर लदा बालू वैध तरीके से उठाया गया था या नहीं और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन को चलाने के पीछे क्या उद्देश्य था। हेमजापुर थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन की जांच की गई थी। जांच के दौरान ओवरलोड बालू और फर्जी नंबर प्लेट का मामला सामने आया है। वाहन को पकड़ा गया है तथा चालक और खलासी को हिरासत में लिया गया है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल 18 चक्का ट्रक की जब्ती और चालक-खलासी के हिरासत में लिए जाने के बाद ओवरलोड बालू परिवहन और फर्जी नंबर प्लेट के इस्तेमाल का मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जेपी सेनानियों की बैठक में स्वतंत्रता दिवस एवं लंबित मामलों पर हुई चर्चा



प्रातः किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। नगर के केशरवानी धर्मशाला प्रांगण में शनिवार को जेपी सेनानियों की एक महत्वपूर्ण बैठक गोरेलाल मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 15 अगस्त 2026 को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं आजादी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भूमिगत रहे तथा कारा में बंद रहे छूटे हुए जेपी सेनानियों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा भूमिगत जेपी सेनानियों की प्रगति रिपोर्ट पटना भेजे जाने के संबंध में भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। आगामी बैठकों की रूपरेखा तथा आगे के कार्यकाल का भी निर्धारण किया गया। इस दौरान मंडल कारा, मुंगेर के अधीक्षक द्वारा अब तक जांच प्रतिवेदन रिपोर्ट नहीं भेजे जाने के मुद्दे पर भी गंभीरता से चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में अशोक मंडल, वासुदेव प्रसाद सिंह, श्याम सुंदर सिंह, रामविलास सिंह, अर्जुन मंडल, विक्रम पासवान, महेश सिंह, हीरालाल सिंह, चमेली देवी, अनार देवी, किरण देवी, गिरीश मंडल, बलदेव मंडल, गिरिजा प्रसाद, मोहन मंडल, वकील यादव, श्रीधर यादव सहित बड़ी संख्या में जेपी सेनानी उपस्थित रहे

## तीसरी मेरिट लिस्ट और आवेदन को पोर्टल में खुलने का इंतजार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा में स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2026-30 के लिए पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद नामांकन प्रक्रिया फिलहाल थम गई है। दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने नामांकन बंद कर दिया है। अब विद्यार्थी तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होने और दोबारा आवेदन का पोर्टल खुलने का इंतजार कर रहे हैं। जुलाई माह तक दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन कराया गया था। इसके बाद से कोई नई मेरिट लिस्ट जारी नहीं हुई है।छात्र-छात्राओं का कहना है कि आवेदन करने के बाद भी कई अभ्यर्थियों का नाम किसी भी मेरिट लिस्ट में शामिल नहीं हो सका है। ऐसे विद्यार्थी तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।



विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट और पुनः आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राजभवन सचिवालय से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद ही नामांकन सेल की ओर से आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन भी राजभवन के निर्देश का इंतजार कर रहा है।बताया गया कि अब तक करीब 60 हजार विद्यार्थियों का नामांकन हो चुका है, जबकि लगभग 86 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में भी बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। कुल करीब 1,35,540 सीटों में अब भी काफी सीटें रिक्त रहने की जानकारी है। वहीं, आवेदन करने वाले करीब 20 से 25 हजार विद्यार्थियों का नाम अब तक किसी भी मेरिट लिस्ट में शामिल नहीं हो सका है।वीकेएसयू के अंतर्गत 34 अंगीभूत और करीब 70 संबद्ध डिग्री कॉलेजों में नामांकन लिया जा रहा है। इनमें 19 अंगीभूत और 15 राजकीय डिग्री कॉलेज शामिल हैं। प्रमुख कॉलेजों में पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट से कई विषयों में सीटें भर गई हैं, लेकिन इतिहास, भूगोल, हिंदी, जंतु विज्ञान और गणित सहित कई विषयों में सीटें खाली हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन को उम्मीद है कि पोर्टल खुलने के बाद खाली सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

### उर्दू ने राष्ट्रीय चेतना, एकता और स्वतंत्रता की भावना को जन-जन तक पहुँचाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : सैयद मासूम अजीज

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के पी.जी. उर्दू विभाग के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ह्यस्वतंत्रता संग्राम में उर्दू की भूमिकाह्व विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उर्दू भाषा, साहित्य और पत्रकारिता द्वारा राष्ट्रीय चेतना जागृत करने, जनता को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने तथा राष्ट्रीय एकता एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करने में निभाई गई भूमिका को रेखांकित किया है।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक, प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार एवं चिंतक सैयद मासूम अजीज काजमी ने कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत की महत्वपूर्ण पहचान है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उर्दू ने जनता में राजनीतिक चेतना जागृत करने और आजादी की भावना को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि उर्दू के समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं, शायरों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं एवं लेखों के माध्यम से अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरुद्ध प्रतिरोध की भावना पैदा की तथा आम जनता को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उर्दू साहित्य ने लोगों के दिलों में देशभक्ति और स्वतंत्रता की भावना को प्रबल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मगध विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. कृष्णदेव वर्मा ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम एक साझा राष्ट्रीय संघर्ष था, जिसमें विभिन्न भाषाओं, धर्मों और वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर भाग लिया है। उर्दू ने इस संघर्ष में संपर्क भाषा के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्रता का संदेश व्यापक स्तर पर जनता तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम बनी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इस साझा इतिहास और उसमें उर्दू के योगदान से अवगत कराना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।मुख्य वक्ता के रूप में एस.एन. सिन्हा कॉलेज, टिकारी के राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षक, प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार एवं स्तंभकार डॉ. अभय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के संदेश को जनता तक पहुँचाने में उर्दू पत्रकारिता ने असाधारण भूमिका निभाई।

## 47 बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने बीआरएम कॉलेज में निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। 47 बिहार बटालियन एनसी के कैडेट्स ने बीआरएम कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गुरुवार, 13 अगस्त को यात्रा कॉलेज परिसर से प्रारंभ हुई और पोलो मैदान से होते हुए पुनः कॉलेज में आकर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में एनसी कैडेट्स ने हाथों में तिरंगा लेकर भाग लिया। इस दौरान छात्रों द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम के देशभक्ति नारे लगाए गए। कॉलेज की एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट नेहा कुमारी और हवलदार अमरजीत कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। एनसीसी अधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। बीआरएम कॉलेज की प्राचार्या डॉ वंदना और विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. गिरीश चंद्र पांडे सहित अन्य शिक्षक सम्मिलित हुए। उन्होंने कैडेट्स के अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि बीआरएम कॉलेज सदैव ऐसे राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रणी रहेगा। तिरंगा हमारी पहचान है और हमें इसे प्रत्येक घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। यात्रा के समापन पर कॉलेज परिसर में राष्ट्रगान गाया गया। इसके पश्चात सभी कैडेट्स और शिक्षकों ने मैं भी तिरंगा फहराऊंगा की




शपथ ली। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पेश किया अर्बन क्रूजर हायराइडर एरो ब्लैक एडिशन

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (ळङट) ने अपनी लोकप्रिय रवश अर्बन क्रूजर हायराइडर का नया एरो ब्लैक एडिशनलॉन्च किया है। यह एक लिमिटेड-एडिशन मॉडल है, जिसे स्पोर्टी और प्रीमियम लुक पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

**मुख्य विशेषताएं और स्टाइलिंग पैकेज:**

**कीमत:** एरो ब्लैक एडिशन स्टाइलिंग पैकेज की कीमत 31,999/- रखी गई है।

**उपलब्धता:** यह मिडनाइट ब्लैक ऋ्रऔर श ग्रेड्स (नियो ड्राइव और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड) पर उपलब्ध है।

**ब्लैक एक्सटीरियर एन्हांसमेंट्स:**

इसमें फ्रंट ग्रिल गार्निश, फ्रंट स्पॉइलर, हेडलैम्प गार्निश, टेलगेट गार्निश, रियर स्पॉइलर और एक एक्सक्लूसिव एरो ब्लैक बैज शामिल हैं।

**कार की खासियतें:**

2022 में लॉन्च होने के बाद से यह रवश 2 लाख बिक्री का आंकड़ा पार कर चुकी है। यह दो पावरट्रेन विकल्पों में आती है:1. **स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड:** 27.97 किमी/लीटर का शानदार माइलेज देती है।

2. **नियो ड्राइव:** 1.5-लीटर ङ-सीरीज इंजन (2हऊ और 4हऊ विकल्पों में उपलब्ध)।

कार में वेंटिलेटेड सीट्स, पैनोरमिक सनरूफ, 9-इंच टचस्क्रीन, 360-डिग्री कैमरा और 60:40 स्प्लिट सीट्स जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। इसके साथ ही हाइब्रिड बैटरी पर *8 साल / 1,60,000 किमी की वारंटी मिलती है।

लॉन्च पर श्री सबरी मनोहर (एश्ढ, ळङट) ने कहा कि यह नया बोल्ड डिजाइन ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

### डीएम ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

छपरा। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यपालक पदाधिकारियों एवं मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों, भूमि उपलब्धता तथा जनगणना रिपोर्ट की स्थिति की समीक्षा की गई।प्रधान जिला जनगणना अधिकारी के रूप में डीएम ने सभी बीडीओ से 30 अगस्त तक भेजी जाने वाली जिला जनगणना पुस्तिका पार्ट-1 की रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने रिपोर्ट के सभी निर्धारित मानकों एवं बिंदुओं को अपडेट किया।

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER.
**ELECTRIC BUILDING DIVISION DARBHANGA**
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
E-tender No. - 16/ year-2026-27
(SBD)

| Work Name | Estimate cost in lakh | EMD In lakh | Cost of B.O.Q. | Bid of processing fee to be paid online mode | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| Provision of Transformer (2x630 KVA Compact Substation )along with addition of Campus light in the campus of Darbhanga College of Engineering Darbhanga. | 342.00 | 6.84 | 10000.00 | As per online requirement | 3 month |

1. Designation and address of advertiser :- Electrical Executive Engineer, Electric building division,Darbhanga, Building construction Department.
2. Date of Inviting Tender :- 08.08.2026
3. Date & time of downloading of B.O.Q. :- up to 15.09.2026 & Timing-1.00 PM.
4. Date & time of pre bid meeting :- (A)29.08.2026 at 3.00 P.M. to 4.00 P.M. in the office of the Electrical Suprintending Engineer, North Bihar Circile, Patna
(B)31.08.2026 at 3.00 P.M. to 4.00 P.M. in the office of the Chief Electrical Engineer no.2, BCD, Patna.
6. Date & time of opening Technical Part :- 18.09.2026 at 3.00 P.M
7. Date & time of opening Financial Part :- To be decided by the competent authority after finalization of technical part on www.eproc2.bihar.gov.in
8. Place of sale of B.O.Q. :- Only on website www.eproc2.bihar.gov.in
9. Validity of Tender :- 120 days
10. Authority for the approval of the tender :- Competent authority
11. For detail information the website www.eproc2.bihar.gov.in may be visited

**Electrical Executive Engineer,**
**Electric Building Division, Darbhanga**
**Building construction Department**

**PR. No. 009812 (BCD) 2026-27**

This information is available on website www.state.bihar.gov.in/prdbihar also

यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ,
खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी मृत्यु भोज के बहिष्कार का लिया संकल्प

इसुआपुर। प्रखंड के सहवां तख्त टोला के मदीना मस्जिद परिसर में नूर हसन अंसारी की अध्यक्षता तथा सचिव मोहम्मद सलीम के संचालन में बैठक हुई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी सर्वसम्मति से मृत्यु के बाद मृतक के घर आयोजित होने वाले पारंपरिक भोज एवं अन्य औपचारिक भोज का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के इंतकाल के बाद उसके घर होने वाले तीजा, चहारम, दसवां, बिसवां, चालीसवां, सालाना बड़ी भोज तथा मैयत के खाने में वे शामिल नहीं होंगे। साथ ही इस प्रकार के भोज का आयोजन स्वयं नहीं करने और न ही किसी अन्य के यहां जाकर भोजन करने का निर्णय लिया गया। यदि इस तरह के भोज का निमंत्रण मिलता है, तो उसका भी बहिष्कार करते हुए दावत वापस कर दी जाएगी। हालांकि, बैठक में स्पष्ट किया गया कि मैयत वाले घर में इसाले सवाब के उद्देश्य से आयोजित मिलाद शरीफ, कुरानखानी, फातिहाखानी आदि धार्मिक कार्यक्रमों में सभी लोग पूर्व की तरह शामिल होंगे। बैठक में अनवर हुसैन, मो. तौहीद, मौलाना मो. हनीफ, शौकत अली, नजरे आलम, मो. शाहिद, सलीमुल्लाह अंसारी, हमीद मियां, मो. नसरुल्लाह, मो. हसमुल्लाह, मो. आजादी, अजहरुद्दीन, मुन्ना, जैनुद्दीन, मो. मुमताज, असगर अली सहित सहवां तख्त टोला के अन्य ग्रामीण मौजूद थे। मालूम हो कि इसके पहले भी कई गांवों में हिन्दू समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से मृत्यु भोज के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

### शिक्षक -छात्र , पदाधिकारी स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्वच्छता अभियान की तैयारी में जुटे

बनियापुर प्रखंड के सभी सरकारी सहित निजी विद्यालयों में साफ सफाई ,सहित स्वतंत्ता दिवस पर कई कार्यक्रमों की तैयारी में जुट गए है,इधर पूर्व में बाइक रैली बीडीओ रमेंद्र कुमार के नेतृत्व चलाया गया,वही छात्रों शिक्षकों ने भाग लेकर प्रखंड में देशभक्ति का माहौल तिरंगा लहरा कर कर दिया,वही इस स्वतंत्रता दिवस को लेकर खास तैयारियां शुरू कांवड़िया है।मध्य विद्यालय बनियापुर मध्य विद्यालय कन्या बनियापुर बेसिक स्कूल बलुआ,एमएस पैगंबरपुर सीआरसी पैगंबरपुर सहित सभी विद्यालयों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रा0वि0 उर्दू पैगंबरपुर प्रा0वि0 मुस्लिमपुर, न0प्रा0 वि0 नारायण टोला और न0प्रा0 विद्यालय कर्ता राम के टोला में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया और स्वच्छता सामग्री वितरित की गई।

### खैरा पुलिस ने लूटकांड के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

छपरा सदर। खैरा थाना पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मढ़ौरा थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव निवासी रामजी महतो के पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है.खैरा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है.इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर अजय कुमार को गिरफ्तार किया. उक्त अभियुक्त के खिलाफ खैरा थाना कांड संख्या 216/24 बीएनएस के तहत मामला दर्ज है.पुलिस के अनुसार उसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है.उसके खिलाफ खैरा थाना कांड संख्या 220/24 में बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है.गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है.

### इसुआपुर प्रखंड विकास कार्यालय पर भाकपा माले का राज्यव्यापी अनशन

इसुआपुर । भाकपा माले एवं खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) के आह्वान पर गुरुवार को इसुआपुर प्रखंड मुख्यालय पर राज्यव्यापी सामूहिक अनशन एवं सत्याग्रह आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने गरीबों, मजदूरों और किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सभी गरीबों को पीपी एक्ट 1947 के तहत बासगीत का पर्चा दिया जाने, इंदिरा आवास की राशि बढ़ाकर पांच लाख रुपये किए जाने, राशन कार्ड की सूची में सभी गरीब परिवारों के नाम जोड़ने, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं रोजगार की गारंटी आदि हैं।

# शिक्षा एक ताकतवर हथियार है जिससे दुनिया को जीता जा सकता है: श्रवण

■ नालन्दा के महाबोधि बी एड महाविद्यालय में बीएड सत्र 2026-28 सत्र का शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार महाबोधि महाविद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार जे पी ग्रुप आफ एजुकेशन के सचिव शैलेश कुमार 38 बिहार एन सी सी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया।इस अवसर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षक बेहतर समाज के निर्माणकर्ता है कभी किसी शिक्षित व्यक्ति को न किसी ने भीख मांगते देखा है न किसी न भुखा मरते देता है।अच्छे से आपलोग शिक्षकों से ज्ञान की ग्रहण करें क्योंकि अच्छा शिक्षक वहीं बन सकता है जो अच्छा छात्र रहा है शिक्षक समाज का दर्पण है और बीएड छात्रों के कंधों पर देश की आने वाली पीढ़ी को संवारने की बड़ी जिम्मेदारी है केवल डिग्री हासिल करना उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना प्राथमिकता होनी चाहिए।आप सिर्फ डिग्री लेने नहीं आए हैं, आप राष्ट्र निमार्ता बनने आए हैं।एक अच्छा शिक्षक सैकड़ों जिंदगी बदल सकता है। शिक्षक समाज की रीढ़ है क्लासरूम से ही देश का भविष्य बनता है।

आप बच्चों को सिर्फ किताब नहीं, संस्कार और संस्कृति भी देंगे। छात्रों को नैतिकता और अनुशासन में रहकर अपनी शिक्षा पूरी करनी चाहिए।शिक्षक का आचरण ही सबसे बड़ा पाठ है। नशा मुक्त,भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में आपकी सबसे बड़ी भूमिका है। सरकार मेधावी और समर्पित शिक्षकों को हर संभव सुविधा दे रही है अभी तक महाविद्यालय 14 वर्षों के सुनहरे सफर को तय किया है कुल 1400 छात्र यहां प्रशिक्षण पाकर शिक्षक बनकर समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 354 बी एड महाविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई शुरू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया राज्य में स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए हर परेशानियों को दूर किया जा चुका है। अब पढ़ाई के लिए दूसरे राज्य को जाना नहीं पड़ेगा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 के बाद पूरे बिहार में शैक्षणिक माहौल बनाने का काम किया है। हर जिलों में इंजीनियरिंग कालेज पोलीटेक्निक कालेज नार्सिंग कालेज सहित कई ऐतिहासिक निर्णय का परिणाम की बिहार के बच्चे देश में शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम स्थान पर आते हैं।

# गन्ना विस्तार अभियान के तहत दरभंगा जिले के 24,215 किसानों ने प्राप्त की गन्ना आईडी

■ पश्चिमी चंपारण के बाद राज्य में दूसरे स्थान पर पहुंचा दरभंगा

■ गन्ना आईडी बनने से बढ़ेगा गन्ने का रकबा, उत्पादन और किसानों की आय को मिलेगी नई गति

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। पश्चिम चंपारण के बाद दरभंगा जिले में गन्ना खेती को लेकर किसानों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। दरभंगा जिले में अब तक 24,215 किसानों ने गन्ना आईडी बनाकर गन्ना खेती के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। गन्ना आईडी बनाने वाले किसानों की संख्या के मामले में दरभंगा अब पश्चिमी चंपारण के बाद बिहार में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

गन्ना उद्योग विभाग के अनुसार, गन्ना आईडी बनने से किसान विभाग की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं से जुड़ सकेंगे। इससे गन्ना उत्पादन के लिए किसानों को तकनीकी सहायता और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने में भी सुविधा होगी। बड़ी संख्या में किसानों के गन्ना खेती से जुड़ने से आने वाले समय में गन्ने के रकबे में विस्तार की संभावना है।

दरभंगा जिले में चलाए जा रहे गन्ना विस्तार अभियान को किसानों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। पंचायत स्तर तक किसानों को गन्ना खेती के फायदे बताए जा रहे हैं। किसानों को गन्ना आईडी बनवाने और विभागीय योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप गन्ना आईडी बनाने वाले किसानों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गन्ना विस्तार अभियान के बीच यह उपलब्धि विभाग के लिए उत्साहजनक है। इससे दरभंगा के चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन बढ़ने की उम्मीद मजबूत हुई है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अधिक संख्या में किसानों के गन्ना खेती से जुड़ने का सीधा असर गन्ने के उत्पादन पर पड़ेगा। इससे चीनी मिल क्षेत्रों में भविष्य के लिए पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण गन्ने की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

दरभंगा में 24,215 किसानों का गन्ना आईडी बनवाना इस अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि बताती है कि किसान गन्ना खेती के विस्तार को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। किसानों और सरकार की इस साझी पहल से आने वाले समय में दरभंगा चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना उत्पादन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# परसा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी, संतोष शर्मा व अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



छपराः-स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से परसा प्रखंड क्षेत्र के बनकेरवा बाजार से गांव होते हुए बांध तक भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी,संतोष शर्मा व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।जिस यात्रा का मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह व अंचलाधिकारी अनुज कुमार उपस्थिति थें। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा बनकेरवा बाजार से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बांध तक पहुंची। इस दौरान लोगों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। युवाओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस अवसर पर अंचलाधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस तरह की यात्रा लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि आजादी हमें लंबे संघर्ष और अनेक वीरों के बलिदान के बाद मिली है, इसलिए हमें राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी एकता और विविधता में है। देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों को याद करने और उनके सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लेने का दिन भी है।तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से पूरा इलाका देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा के समापन पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर डीएम ने कसी तैयारी की कमान, मिनट-टू-मिनट शेड्यूल तैयार करने का दिया निर्देश

■ परेड ग्राउंड में बैरिकेडिंग, समतलीकरण व रंग-रोगन का काम समय से पूरा करने का आदेश

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल, भव्य एवं गरिमामय आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुरुवार को विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की तैयारियों के प्रत्येक पहलू की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तैयार कर पूर्व में सभी संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए, ताकि समारोह का संचालन निर्धारित समय के अनुसार सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने प्रत्येक कार्यक्रम के लिए तय समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने को कहा।बैठक में राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं बिहार गीत की प्रस्तुति को लेकर भी विशेष तैयारी का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि इन महत्वपूर्ण प्रस्तुतियों का पूर्वाभ्यास सुनिश्चित किया जाए, ताकि समारोह के दौरान इनका प्रस्तुतीकरण पूरी गरिमा एवं अनुशासन के साथ हो।

परेड से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम तक तैयारियों की समीक्षा

जिला पदाधिकारी ने परेड, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा से पहले पूरी कर ली जाएं और समारोह स्थल पर किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

कार्यपालक अभियंता, भवन को परेड ग्राउंड में समुचित बैरिकेडिंग, रंग-रोगन, मैदान के समतलीकरण तथा अतिरिक्त बालू हटाने का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा कराने का निर्देश दिया गया। समारोह स्थल को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।डीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के गौरव और राष्ट्रीय सम्मान का पर्व है। इसलिए समारोह का आयोजन अनुशासित, भव्य, सुव्यवस्थित एवं पूर्णतः समयबद्ध होना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### भाकपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ किया पैदल मार्च

दरियापुर।भाकपा की अंचल कमिटी ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ व सत्ता से बेदखल करने को लेकर पैदल मार्च निकाला।कार्यकताओं ने नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला।भाकपा कार्यकर्ताओ ने बैनर व पोस्टर के साथ्बदलाव जरूरी है्व का नारा लगाते हुए महम्मदपुर से पदयात्रा शुरू की।फिर बेला पंचायत के कई गांवों का भ्रमण करते हुए सभी कार्यकर्ता दुबेर्ला हरिहर राम के आवास पर पहुंचे। ई जयनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में एक नुक्कड़ सभा आयोजित की।जिसमें वक्ताओं ने केन्द्र सरकार पर विफलता, बढ़ती महंगाई, पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर जबरदस्त हमला बोला।आगामी एक सितंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर पार्टी द्वारा प्रस्तावित रैली व धरना में कैफी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। पूर्व राज्य परिषद सदस्य डॉ महात्मा प्रसाद गुप्ता ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर विफलता का आरोप लगाया।साथ ही लोगों से भाजपा सरकार को हटाने का आह्वान किया।

# जगदीशपुर अनुमंडल कार्यालय में दो दिवसीय सामूहिक अनशन सत्याग्रह धरना का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

जगदीशपुर। जगदीशपुर में खेत मजदूर सभा के द्वारा गरीबों, भूमिहीनों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और वंचित तबकों की ज्वलंत मांगों को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार और बिहार सरकार के खिलाफ गरीबों और मजदूरों की समस्याओं के खिलाफ 13-14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जगदीशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष सामूहिक अनशन-सत्याग्रह जारी है। यह आंदोलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकार, सम्मान और आवास की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प है। अनशन पर बैठें प्रखंड सचिव कमलेश यादव, श्री राम यादव, उमेंद्र प्रसाद, बीरेंद्र राम, अरुण राम। अनशन का संचालन भाकपा माले जिला कमिटी शाहनवाज खान ने किया अध्यक्षता गणेश कुशवाहा न किया। वक्ताओं ने कहा सभी पंचायतों में भूमिहीनों के लिए आवासीय कॉलोनी विकसित की जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि बढ़ाकर 5 लाख की जाए। गरीबों से जमीन के मालिकाना हक के कागजात की शर्तों के नाम पर उनका अधिकार छीना जाना बंद हो।केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह श्इ-ॠ फ्य्अट ॠकानून लागू किए जाने पर सवाल उठाते हुए संगठन ने कहा कि सरकार कानून का नाम बदलकर गरीब मजदूरों के रोजगार के अधिकार को कमजोर नहीं कर सकती। केन्द्र सरकार ने 1 जुलाई 2026 से नई व्यवस्था लागू की है और नई मजदूरी दरें भी अधिसूचित की गई हैं। बिहार के मजदूरों को सम्मानजनक रोजगार और कम-से-कम 700 प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित की जाए तथा काम की मांग करने वाले हर ग्रामीण मजदूर को काम मिले।बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं की मासिक पेंशन बढ़ाकर 3,000 की जाए तथा राशन सूची से गरीब परिवारों के नाम काटने की मनमानी तत्काल बंद करना चाहिए।

# आईसीडीएस की समीक्षा में डीएम का जोर, आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने का दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) की विस्तृत समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं, पोषण सेवाओं तथा सेविका-सहायिका चयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

डीएम ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए डीएम ने नजदीकी सरकारी विद्यालयों, सामुदायिक भवनों अथवा पंचायत सरकार भवनों में उपयुक्त स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया। संबंधित सीडीपीओ को स्थल का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया।

डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन और बच्चों को पका हुआ गर्म भोजन उपलब्ध कराने की स्थिति की नियमित मॉनिटरिंग का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर के साथ मैनुअल रिपोर्ट भी तैयार करने को कहा गया।

केंद्रों के संचालन एवं भोजन वितरण की स्थिति का फोटो के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। बच्चों के भोजन करते हुए फोटो भी संकलित रिपोर्ट के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में किए जा रहे बेहतर एवं नवाचारपूर्ण कार्यों की पहचान कर उनकी रिपोर्ट तैयार करने को कहा, ताकि अन्य केंद्र भी अच्छी पहल से प्रेरणा ले सकें।

बैठक में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए डीएम ने मेधा सूची के प्रकाशन एवं आगे की प्रक्रिया को नियमों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्धता से पूरा करने का निर्देश दिया। आईसीडीएस से जुड़े लंबित न्यायिक मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया।

डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय संस्था प्रथम के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक परियोजना से उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच सेविका-सहायिकाओं को प्रशिक्षण के लिए चिह्नित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास का आकलन, बेसलाइन, मिडलाइन और एंडलाइन असेसमेंट तथा उसके आधार पर विकास कार्ययोजना तैयार करने की जानकारी दी जाएगी।

### चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक यातायात से उनके कार्यालय कक्ष में मिला

पटना। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल सागर कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात किया एवं पटना के यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का अनुरोध किया कप्रतिनिधिमंडल ने पटना के ट्रैफिक व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श हेतु चैम्बर के सदस्यों के साथ चैम्बर प्रांगण में बैठक का अनुरोध किया जिसपर उन्होंने 15 अगस्त के बाद समय देने का आश्वाशन दिया है कप्रतिनिधिमंडल में महामंत्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, पूर्व महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष आशीष शंकर, कार्यकारणी सदस्य अजय गुप्ता एवं पवन भगत थे ।

### भव्य तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के दौरान बच्चों में दिखा जोश

पटना। लायंस क्लब ऑफ मगध ने बच्चों में देश प्रेम की भावना के साथ एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसमें स्कूली बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर राष्ट्र प्रेम के गीत गाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लिए बच्चों ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊँचा रहे हमारा, हम सब भारतीय हैं, कदम कदम बढ़ाए जा तथा तेरा हिमालय आकाश छू ले, बहती रहे तेरी गंगा जैसे देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत गाते हुए यात्रा की। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को हमारे अमर शहीदों के बलिदान के प्रति जागरूक करना, उनमें देश प्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा मिल-जुलकर एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देना था। इस अवसर पर लायंस क्लब पटना मगध के प्रसिडेंट रवि भार्गव, राजीव भार्गव, शिवानी भार्गव, रेवा भार्गव व देव ज्योति उपस्थित रहे। साथ ही स्कूल में बच्चों के लिए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, उनके संघर्ष और देश के लिए दिए गए बलिदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### बदलाव जरूरी है के नारे के साथ भाकपा ने निकाली पदयात्रा, एक सितंबर की दिल्ली रैली में शामिल होने का आह्वान

दरियापुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की दरियापुर अंचल कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को ह्बदलाव जरूरी है। के नारे के साथ मुहम्मदपुर और बेला पंचायत के विभिन्न गांवों में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों को केंद्र सरकार की कथित विफलताओं, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा छात्रों एवं युवाओं से जुड़े परीक्षा पेपर लीक के मुद्दे पर जानकारी दी गई। कार्यकताओं ने 1 सितंबर 2026 को दिल्ली में प्रस्तावित रैली के समर्थन में लोगों से दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया।पदयात्रा के दौरान जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज तथा युवाओं के घायल होने का मुद्दा भी उठाया गया। कार्यकताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को एकजुट होने की अपील की।इस अवसर पर कॉमरेड हरिहर राम के दरवाजे पर नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड जयनंदन प्रसाद ने की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के पूर्व राज्य परिषद सदस्य कॉमरेड डॉ. महात्मा प्रसाद गुप्ता ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विफलताओं पर चर्चा करते हुए भाजपा सरकार को हटाने का आह्वान किया।एप्सो के राज्य उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्टी नेता कॉमरेड डॉ. केएन सिंह ने ग्रामीणों से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता लेने, भाजपा-आरएसएस सरकार को हटाने का संकल्प लेने तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर दबाव बनाने की अपील की। अंचल सचिव कॉमरेड शिवजी दास ने महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी बर्बरता के खिलाफ लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया।

इस दौरान इसराइल मुहम्मद, रामेश्वर राम, इंद्रदेव राम और मुंद्रिका राम ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।पदयात्रा एवं नुक्कड़ सभा में सहायक अंचल सचिव कॉमरेड परमात्मा प्रसाद गुप्ता, कॉमरेड डॉ. दुर्गा महतो, कॉमरेड सत्यनारायण राय आदि थे।

# महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को बढ़ावा देने को लेकर 17 को पटना में आयोजित होगा रोड शो और कार्यशाला

■ केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की उपस्थिति में निवेशकों को उपलब्ध अवसरों की दी जाएगी जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। खान एवं भूतत्व विभाग के तत्वावधान में आगामी 17 अगस्त को पटना के एक निजी होटल में 8 वें चरण की महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) ब्लॉकों की नीलामी को लेकर एक भव्य रोड शो और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण एवं विकास न्यास (एनएमईडीटी) कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे करेंगे। जबकि इसमें बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी सहित केंद्र और बिहार सरकार के वरीय अधिकारी, खनन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और संभावित निवेशक उपस्थित रहेंगे। इस रोड शो एवं एनएमईडीटी कार्यशाला में बिहार राज्य में स्थित महत्वपूर्ण खनिज संपदा, नीलामी प्रक्रिया, बोली प्रणाली और निवेश की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस संबंध में खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार खनिज संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील राज्य है और राज्य सरकार खनिज क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रभावी पहल कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा गया एवं रोहतास जिलों में स्थित मैग्नेटाइट, वैनेडियम तथा ग्लॉकोनाइट खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है। इसी क्रम में आयोजित होने वाला यह रोड शो निवेशकों को उपलब्ध अवसरों, नीलामी प्रक्रिया तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण मंच होगा। उन्होंने कहा कि यह रोड शो बिहार में खनिज आधारित उद्योगों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इससे देश-विदेश के निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, राज्य में निवेश को नई गति मिलेगी तथा खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं पारदर्शी दोहन को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्री श्री चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य सरकार पत्थर खनन क्षेत्र के विकास को भी प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में नवादा जिले के आठ पत्थर खनन पट्टों के लिए निविदा प्रकाशित की जा चुकी है तथा औरंगाबाद, गया, शेखपुरा एवं बांका जिलों के पत्थर खनन पट्टों के लिए भी 15 अगस्त तक निविदाएं जारी कर दी जाएंगी। इन खनन इकाइयों के संचालन से स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर उन्हें पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 17 अगस्त को आयोजित होने वाला रोड शो बिहार को खनिज क्षेत्र में निवेश का एक आकर्षक गंतव्य स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा

### तिरंगे के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, एकमा में विधायक, सीओ व शिक्षकों के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

छपरा (सारण)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को नगर पंचायत एकमा बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। अलखनारायण सिंह उच्च विद्यालय (आदर्श विद्यालय) परिसर से विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह व सीओ रवि शेखर के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।हाथों में तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों और लोगों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर एकमा थाना, बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

### गौसपुर संकुल संसाधन केंद्र के तत्वावधान में हर घर तिरंगा यात्रा निकालकर पोषक क्षेत्र में शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने जगाया राष्ट्रप्रेम का संदेश

एकमा (सारण)। आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर एकमा प्रखंड के गौसपुर स्थित गौसपुर संकुल संसाधन केंद्र के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को पोषक क्षेत्र में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों एवं ग्रामीणों के बीच राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया।

हर घर तिरंगा यात्रा के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के बैनर और हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर चल रहे थे। इस दौरान ह्हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा्ह और ह्वंदे मातरम्ह जैसे देशभक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496